CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 25°C

देहरादून, सोमवार 1 सितम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 24 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 8 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



घुमंतू जातियों के विकास को सरकार प्रतिबद्धः योगी

पेज 2



पाकिस्तान टीम जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के लिए आएगी भारत

खेल टाइम्स



हिन्दू-मुस्लिम एकता का प्रतीक मेला गुघाल

सम्पादकीय



गाजा पर ताबड़तोड़ इजरायली हमले, 57 की मौत

पेज़ 12

# वायुसेना को इसी माह मिलेंगे दो तेजस मार्क-1A

## सरकार एचएएल से 97 नए फाइटर जेट भी खरीदेगी, रक्षा सचिव आरके सिंह ने की फैसले की पुष्टि

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** रक्षा सचिव आरके सिंह ने कहा कि हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) सितम्बर में भारतीय वायुसेना को दो तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमान सौंप सकता है।

इन विमानों में वेपंस इंटीग्रेशन यानी हथियारों को जोड़ा भी गया है। इसके अलावा सिंह ने बताया कि सरकार एचएएल के साथ 97 और तेजस खरीदने का नया करार करने जा रही है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 67,000 करोड़ रुपये होगी। फिलहाल 38 तेजस वायुसेना में शामिल हैं। केंद्र सरकार ने 19 अगस्त को भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के लिए 97 एलसीए मार्क 1ए फाइटर जेट खरीदने के लिए 62 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट को मंजूरी दी। दरअसल, फरवरी 2021 में सरकार ने एचएएल के साथ 83 तेजस मार्क-1ए खरीदने के लिए 48,000 करोड़ का करार किया था, लेकिन एचएएल अमेरिकी इंजन की डिलीवरी में देरी की वजह से अभी तक एक भी एयरक्राफ्ट नहीं सौंप पाया। हालांकि, अब उम्मीद है कि 2028 तक एचएएल सभी एयरक्राफ्ट्स वायुसेना को सौंप देगा। एलसीए मार्क 1ए, तेजस एयरक्राफ्ट का एडवांस वर्जन है। इसमें अपग्रेडेड एवियानिक्स और रडार सिस्टम लगे हैं। एलसीए मार्क-1ए के 65फीसदी से ज्यादा उपकरण भारत में बने हैं। तेजस को भी एचएएल ने डेवलप किया है। यह सिंगल इंजन वाला हल्का लड़ाकू विमान है। एचएएल के पास पहले ऑर्डर के लिए 2028 तक का समय एचएएल के पास 83 एयरक्राफ्ट्स की डिलीवरी करने के लिए 2028 तक का समय है। एचएएल के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डीके सुनील ने कहा कि डिलीवरी में देरी के पीछे इंडस्ट्री को जिम्मेदार ठहराया जा रहा था, लेकिन यह देरी तकनीकी खामी की वजह से हुई है। अब इसे दूर कर लिया गया है। 97 एयरक्राफ्ट्स के नए प्रोजेक्ट से भारतीय वायुसेना को अपने मिग-21 विमानों के बेड़े को बदलने में मदद मिलेगी। भारतीय वायुसेना में 62 साल तक सर्विस देने के बाद मिग-21 लड़ाकू विमान 19 सितम्बर को रिटायर होगा।



■ सरकार ने 97 एलसीए मार्क 1ए फाइटर जेट खरीदने के लिए 62 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट को दी थी मंजूरी

# लखनऊः पटाखा फैक्ट्री में भीषण धमाका, दो लोगों की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गुडंबा थाना क्षेत्र स्थित बेहटा इलाके में रविवार सुबह को पटाखा फैक्ट्री में अचानक जोरदार विस्फोट हो गया। धमाका इतना भीषण था कि आसपास का इलाका दहल उठा और लोग घरों से निकलकर घटनास्थल की ओर भागे।

हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई है जबकि 5 लोग घायल हैं। घायलों में 2 की हालत गम्भीर हैं, जिन्हें उपचार के लिए केजीएमयू भेजा गया है। मौके पर डीएम और पुलिस आयुक्त, एसडीआरएफ और फायर बिग्रेड मौजूद हैं। विस्फोट इतना भीषण था कि पटाखा की दीवारें उड़ गई हैं। साथ ही फैक्ट्री के नजदीक का एक घर उड़ गया। बताया जा रहा है कि इसमें कई लोग दबकर घायल हो गए हैं। धमाके की आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी। शुरुआती जांच में पुलिस ने इसे अवैध पटाखा फैक्ट्री में बारूद का विस्फोट बताया है। हालांकि, अभी सिलेंडर फटने की भी आशंका जताई जा रही है। पटाखा व्यवसाई आलम, उसकी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना में घायल 5 में से 3 लोगों को सिविल अस्पताल भेजा गया है। जबकि दो का इलाज केजीएमयू में चल रहा है। डीएम विशाख जी ने बताया कि 2 लोगों की मौत हुई है।



■ पांच लोग घायल दो की हालत गम्भीर

## 697 करोड़ से जुड़े घोटाले में अमित अग्रवाल गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को कहा कि उन्होंने देश से 696.69 करोड़ रुपये की अवैध हेराफेरी से जुड़े धन शोधन के एक बड़े मामले में कथित प्रमुख संचालक अमित अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को पीएमएलए अदालत के सामने पेश किया गया, जहां उसे सात दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया गया। यह गिरफ्तारी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत चल रही जांच से जुड़ी है। ईडी की पीएमएलए जांच दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा दर्ज एक एफआईआर के आधार पर शुरू हुई है। एफआईआर में किंजल फ्रेट फॉरवर्डिंग (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड और उसके सहयोगियों पर भारतीय दंड संहिता 1860 के तहत धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक षड्यंत्र समेत गंभीर अपराधों के आरोप लगाए गए हैं।

## वाटर प्यूरिफायर, फिल्टर को 5 % के स्लैब में लाया जाए

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक से पहले वाटर प्यूरिफायर, फिल्टर और इनसे संबंधित सेवाओं को पांच प्रतिशत के स्लैब में लाने की मांग की गई है। वाटर प्यूरिफायर और फिल्टर बनाने वाली कंपनियों, इनके डीलरों और कलपुर्जों की आपूर्ति करने वाली कंपनियों के अलाभकारी संगठन वाटर क्वालिटी इंडिया एसोसिएशन ने इस संबंध में केंद्रीय राजस्व सचिव को एक पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि स्वच्छ पेय जल तक पहुंच एक मूलभूत आवश्यकता है।

## एजुकेट गर्ल्स बनी 2025 रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड पाने वाली पहली भारतीय संस्था

**नई दिल्ली।** भारत की प्रमुख सामाजिक संस्था एजुकेट गर्ल्स को 2025 का रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड से सम्मानित किया गया हैं। एशिया का यह सर्वोच्च सम्मान पहली बार किसी भारतीय संस्था को मिला है। यह पुरस्कार एजुकेट गर्ल्स को बालिकाओं एवं युवतियों की शिक्षा के समाज की अतार्किक सांस्कृतिक धारणाओं को चुनौती देने, उन्हें निरक्षरता से मुक्त करने और उन्हें कौशल, हिम्मत और आत्मनिर्भरता देने के लिए दिया गया है।

# बदली तस्वीर भारत संग चीन और रूस आए एक मंच पर

एससीओ के नेताओं का हुआ ग्रुप फोटो सेशन
तियानजिन में नेपाल के प्रधानमंत्री केपी ओली से मिले पीएम मोदी

नई दिल्ली/ बीजिंग, वार्ता

**भारत और** अमेरिका के बीच टैरिफ को लेकर उपजे तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन दौरे पर हैं। जापान की सफल यात्रा के बाद चीन के तियानजिन पहुंचे पीएम मोदी ने और राष्ट्रपति शी जिनपिंग बैठक पर पूरी दुनिया की निगाहें रहीं। पीएम मोदी सात साल के बाद चीन दौरे पर पहुंचे हैं। उन्होंने चीनी राष्ट्राध्यक्ष जिनपिंग के साथ दोनों देशों के द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की।

इसके साथ ही पीएम मोदी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन (31 अगस्त और एक सितम्बर) में भी हिस्सा लेंगे। चीन के तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के आधिकारिक स्वागत समारोह में राष्ट्राध्यक्ष/शासनाध्यक्ष पहुंचे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अन्य विश्व नेता ग्रुप फोटो सेशन में शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि तियानजिन में नेपाल के प्रधानमंत्री केपी ओली से मिलकर प्रसन्नता हुई। नेपाल के साथ भारत के संबंध गहरे और बहुत विशेष हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि तियानजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू से बातचीत की। मालदीव के साथ भारत का विकासात्मक सहयोग हमारे लोगों के लिए बहुत फायदेमंद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान मिस्र के प्रधानमंत्री से भी मुलाकात की है। इसे लेकर उन्होंने एक्स पर लिखा कि एससीओ शिखर सम्मेलन में मिस्र के प्रधानमंत्री मुस्तफा मदबौली से मुलाकात की। कुछ साल पहले की अपनी मिस्र यात्रा को याद किया। भारत-मिस्र मित्रता प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रही है।



## टैरिफ वॉर के बीच मोदी बोले- एक ही मंत्र 'वोकल फॉर लोकल'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को लगातार बारिश के कारण हुए भूस्खलन और बाढ़ से हुई तबाही पर दुख और पीड़ा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाएं देश की परीक्षा ले रही हैं। अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 125वें एपिसोड में उन्होंने अमेरिका की ओर से लगाए गए टैरिफ को लेकर देशवासियों से वोकल फॉर लोकल की अपनी अपील दोहराई। उन्होंने टैरिफ का जिक्र किए बिना इशारों-इशारों में देशवासियों से इसके खिलाफ लड़ाई में आत्मनिर्भरता को हथियार बनाने का आह्वान किया। पीएम मोदी ने कहा कि इस समय देश-भर में गणेश उत्सव की धूम है। आने वाले दिनों में बहुत सारे त्योहारों की रौनक होगी। इन त्योहारों में आपको स्वदेशी की बात कभी भी भूलनी नहीं है। उपहार वही जो भारत में बना हो, पहनावा वही जो भारत में बुना हो, सजावट वही जो भारत में बने सामान से हो, रोशनी वही जो भारत में बनी झालरों से हो।

## मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ चीन का मांगा साथ

**बीजिंग।** सात साल बाद चीन पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। दोनों के बीच 50 मिनट बातचीत हुई। इसमें मोदी ने आतंकवाद का मुद्दा उठाया।

रिपोर्ट्स के मुताबिक मोदी ने आतंकवाद को वैश्विक मुद्दा बताया और इसके खिलाफ लड़ाई में साथ देने की मांग की। मोदी ने ये भी कहा कि भारत और चीन के बीच सहयोग से 2.8 अरब लोगों को फायदा होगा और यह पूरी मानवता के कल्याण का रास्ता खोलेगा। इसके साथ ही उन्होंने जिनपिंग को भारत में आयोजित ब्रिक्स 2026 में आने के लिए न्योता दिया। वहीं, मीटिंग में जिनपिंग ने कहा कि पीएम मोदी से मिलकर खुशी हुई। ड्रैगन (चीन) और हाथी (भारत) को साथ आना चाहिए। मोदी शनिवार शाम 2 दिन के जापान दौरे के बाद चीन पहुंचे थे। जून 2020 में हुई गलवान झड़प के बाद भारत-चीन के संबंध खराब हो गए थे। इस यात्रा का मकसद दोनों देशों के बीच सीमा विवाद को कम करना भी है। मोदी तियानजिन शहर में होने वाले एससीओ की मीटिंग में हिस्सा लेंगे। इस बार चीन में इतिहास के सबसे बड़े एससीओ समिट का आयोजन हो रहा है। इसमें 20 से ज्यादा देश शामिल हो रहे हैं। मोदी और पुतिन के साथ-साथ सेंट्रल एशिया, मिडिल ईस्ट, साउथ एशिया और साउथ-ईस्ट एशिया के नेता भी इस समिट में शामिल होंगे।

■ चीनी राष्ट्रपति को भारत आने का दिया न्योता
■ ड्रैगन (चीन) और हाथी (भारत) को साथ आना चाहिए: जिनपिंग

# उत्तराखंडः पावर प्रोजेक्ट टनल में फंसे 19 कर्मचारियों का रेस्क्यू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/देहरादून।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में धौलीगंगा पावर प्रोजेक्ट के टनल में फंसे 19 कर्मचारियों को रविवार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। शनिवार को लैंडस्लाइड के चलते टनल का रास्ता बंद हो गया था।

बताया जा रहा है कि शनिवार शाम को ऐलागाड़ में पहाड़ी दरक गई थी। इससे भारी मात्रा में मलबा और बोल्डर एनएचपीसी की टनल के मुहाने पर जमा हो गए थे। इससे टनल में काम कर रहे 19 कर्मचारी फंस गए थे। इनमें से आठ कार्मिकों को सुरक्षित निकाल लिया गया था। धारचूला के उपजिलाधिकारी जितेंद्र वर्मा ने बताया कि धौलीगंगा पावर हाउस को कोई बड़ी क्षति नहीं हुई है। टनल के मुख्य द्वार पर बार- बार आ रहे मलबे को सड़क सुरक्षा संगठन के माध्यम से लगातार हटाया गया। मौके पर पर्याप्त मशीनरी और सीआईएसएफ, एनडीआरएफ की टीम तैनात हैं। उधर पंजाब के आठ जिलों के 1018 गांवों में बाढ़ की स्थिति है। बाढ़-बारिश में अब तक 8 लोगों की मौत हो गई है। 3 लोग लापता हैं। 11 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगह शिफ्ट किया गया है। पंजाब में मानसा के जवाहरके गांव में बारिश के कारण ईंट भट्ठे के गोदाम की दीवार गिर गई।

■ सितम्बर में उत्तराखंड में लैंडस्लाइड और बाढ़ का खतरा बना हुआ
■ राजस्थान में किले की दीवार ढही, पंजाब में दीवार गिरने से शख्स दबा, मौत

## अगस्त में उत्तर-पश्चिम भारत में बारिश 2001 के बाद सबसे अधिक

**नई दिल्ली।** पहाड़ी राज्यों उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में हो रही बारिश से जहां भूस्खलन और पहाड़ दरकने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। वहीं, मैदानी राज्यों पंजाब, राजस्थान, यूपी समेत कई राज्यों में भी बारिश के कारण आई बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। इस बीच, मौसम विभाग ने लगातार हो रही बारिश और आने वाले दिनों में मौसम को लेकर भविष्यवाणी की है। आईएमडी ने बताया कि पंजाब, राजस्थान, यूपी समेत सात राज्यों में 2 सितम्बर तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

# इंदौर आ रही एयर इंडिया फ्लाइट लौटी, दिल्ली में सेफ लैंडिंग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली से इंदौर जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 2913 (ए-320 नियो विमान) को दिल्ली लौटा लिया गया। पायलट को दाहिने इंजन में आग लगने की सूचना मिली थी। एयर इंडिया ने कहा कि रविवार सुबह 6.15 बजे 90 यात्रियों के साथ प्लेन ने उड़ान भरी थी।

करीब आधे घंटे बाद इंजन में फायर इंडिकेशन मिला। स्टैंडर्ड प्रोसेस के तहत पायलट ने इंजन बंद किया। बाद में प्लेन की एयरपोर्ट पर सेफ लैंडिंग हुई। एयरलाइन ने कहा कि प्लेन का ग्राउंड इंस्पेक्शन कराया जाएगा। डीजीसीए को भी घटना की जानकारी दी गई है। 29 अगस्त को भी दिल्ली से श्रीनगर आ रही स्पाइसजेट की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी। अधिकारियों ने बताया था कि फ्लाइट एसजी 385 में प्रेशराइजेशन की समस्या के कारण दोपहर 3.27 बजे श्रीनगर एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारा गया था। 28 अगस्त को सूरत से दुबई जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट को बीच उड़ान में तकनीकी खराबी के कारण अहमदाबाद एयरपोर्ट पर डायवर्ट करना पड़ा।

■ एयरलाइन बोली- पायलट को इंजन में फायर इंडिकेशन मिला था, विमान में 90 यात्री थे सवार

# वाहन सार्वजनिक स्थान का उपयोग नहीं कर रहा, तो टैक्स न लगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि यदि कोई वाहन सार्वजनिक स्थान पर उपयोग में नहीं आता है, तो उसके मालिक पर उस अवधि के लिए मोटर वाहन कर का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। पीठ ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के दिसम्बर 2024 के फैसले को चुनौती देने वाली एक अपील पर अपना फैसला सुनाया।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मोटर वाहन कर प्रतिपूरक प्रकृति का होता है। मोटर वाहन कर लगाने का औचित्य यह है कि जो व्यक्ति सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, जैसे सड़क, राजमार्ग आदि का इस्तेमाल करता है, तो उसे इसका भुगतान करना होगा। शीर्ष न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि अगर किसी मोटर वाहन का उपयोग सार्वजनिक स्थान पर नहीं किया जाता है, तो संबंधित व्यक्ति सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का लाभ नहीं ले रहा है। इसलिए उस पर ऐसी अवधि के लिए मोटर वाहन कर का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। आंध्र प्रदेश मोटर वाहन कराधान अधिनियम, 1963 की धारा 3 के तहत कर लगाने का प्रावधान है और यह राज्य सरकार को मोटर वाहनों पर कर लगाने का अधिकार देती है। पीठ ने 1985 से रसद सहायता देने के व्यवसाय में लगी एक फर्म द्वारा दायर अपील पर अपना फैसला सुनाया। पीठ ने कहा कि फर्म को नवंबर 2020 में राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड की एक कार्पोरेट इकाई, विशाखापत्तनम स्टील प्लांट, आंध्र प्रदेश के केंद्रीय डिस्पैच यार्ड में लौह और इस्पात सामग्री के संचालन और भंडारण के लिए एक अनुबंध दिया गया था।

■ वाहन मालिक पर इस अवधि के लिए मोटरवाहन कर का बोझ नहीं डालना चाहिए



## फर्जी दलों पर सख्ती के लिए कोर्ट में याचिका दायर, ईसी को नियम बनाने के लिए निर्देश देने की मांग

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट में एक अहम याचिका दायर की गई है, जिसमें चुनाव आयोग को राजनीतिक दलों के पंजीकरण और नियमन के लिए ठोस नियम बनाने का निर्देश देने की मांग की गई है।

याचिका में कहा गया है कि देश में फर्जी और बेनामी राजनीतिक दल लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं। ये दल न सिर्फ अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों को अपने पदाधिकारी बना रहे हैं, बल्कि भारी चंदा लेकर अपराधियों को संगठन में जगह दे रहे हैं। इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था और पारदर्शिता पर सीधा हमला हो रहा है। याचिका में दावा किया गया है कि कई ऐसे दल अस्तित्व में आ गए हैं, जिन्होंने अपहरणकर्ताओं, ड्रग्स तस्करों, मनी लॉन्ड्रिंग करने वालों और कुख्यात अपराधियों को राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पदाधिकारी बना दिया है। इन दलों ने बड़ी धनराशि लेकर अपराधियों को संरक्षण दिया और उन्हें राजनीतिक वैधता प्रदान की। याचिका में यह भी आरोप है कि अलगाववादी समूहों ने भी राजनीतिक दल बनाकर चंदा इकट्ठा करने का रास्ता अपना लिया है और कई नेताओं को पुलिस सुरक्षा तक मिल चुकी है। याचिका में हाल ही में मीडिया में आई एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया कि आयकर विभाग ने एक फर्जी राजनीतिक दल पकड़ा, जो कालेधन को सफेद करने का काम कर रहा था।

## संक्षिप्त समाचार

### नरेन्द्र प्रताप सिंह शामली के एसपी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने राज्य में एक बार फिर 8 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। शामली, श्रावस्ती और कानपुर देहात के पुलिस हटाए गए हैं। सरकार की ओर से जारी आदेश के अनुसार श्रद्धा नरेंद्र पांडे एसपी कानपुर देहात, राहुल भाटी श्रावस्ती और नरेंद्र प्रताप सिंह शामली के एसपी बनाए गए हैं, जबकि प्रवीण रंजन सिंह को नोएडा में डीसीपी बनाया गया है। शामली के पुलिस अधीक्षक राम सेवक गौतम को पीटीसी मुरादाबाद भेजा गया है, जबकि कानपुर देहात के पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्रा को पुलिस अधीक्षक ईओडब्ल्यू लखनऊ बनाया गया है।

### एके-47 राइफलों के साथ दो गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में पुलिस ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एके-47 राइफलें बरामद की हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान में जलकियां मंडी निवासी तारिक अहमद शेख और चैंबर निवासी रियाज अहमद नामक दो संदिग्धों को असॉल्ट राइफलों के साथ गिरफ्तार किया गया है।

### पांच करोड़ कीमत का सोना जब्त किया

**गुवाहाटी।** पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले में सीमा सुरक्षा बल ने शनिवार को एक विशेष अभियान के दौरान पांच करोड़ रुपए के 43 सोने के बिस्कुट जब्त किए। गुवाहाटी फ्रंटियर के अंतर्गत बीएसएफ की 138वीं बटालियन के सतर्क जवानों द्वारा भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर चलाए गए इस अभियान की योजना उसे अंजाम दिया गया।

# बिहार में अकेले चुनाव लड़ेगी बसपाः मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी अकेले दम पर चुनाव लड़ेगी।

उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव को लेकर पिछले दो दिन तक चली समीक्षा बैठक में उम्मीदवारों के चयन सहित पार्टी के हर स्तर की तैयारियों को लेकर वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद आने वाले दिनों में पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसकी जानकारी सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर देते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने यह ऐलान किया। मायावती ने कहा कि बैठक में पार्टी पदाधिकारियों को कमियों को दूर करके पूरी मुस्तैदी व तन, मन, धन से आगे बढ़ने का निर्देश दिया गया है। साथ ही उन्हें अगले महीने के प्रारंभ से शुरू होने वाले पार्टी की यात्रा व



■ वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद आने वाले दिनों में अंतिम रूप दिया जाएगा

जनसभा आदि कार्यक्रमों के सम्बंध में विशेष जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। मायावती ने कहा कि सभी कार्यक्रम उनके दिशा निर्देशन में होने के साथ ही इसकी जिम्मेदारी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनन्द व केन्द्रीय कोआर्डिनेटर व राज्यसभा सांसद रामजी गौतम तथा बीएसपी बिहार स्टेट यूनिट को सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि बिहार एक बड़ा राज्य है और इसीलिए वहां की ताज़ा ज़रूरतों को देखते हुए राज्य की सभी विधानसभा सीटों को तीन ज़ोन में बांट कर पार्टी के वरिष्ठ लोगों को अलग-अलग से उसकी जिम्मेदारी सौंपने का फैसला भी बैठक में लिया गया।

मायावती ने कहा कि बिहार में पार्टी की अपनी तैयारी के साथ-साथ वहां राज्य के तेज़ी से बदलते हुए राजनीतिक हालात एवं चुनावी समीकरण आदि को देखते हुए पार्टी द्वारा चुनाव में बेहतर रिज़ल्ट लाने का आश्वासन पार्टी के लोगों ने दिया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले उड़ीसा और तेलंगाना राज्य में भी पार्टी संगठन की तैयारियों व वहां भी यूपी के पैटर्न पर जिला से लेकर पोलिंग बूथ स्तर तक कमेटियों के गठन को लेकर चर्चा की गई। इसके साथ-साथ पार्टी के जनाधार को बढ़ाने के मिशनरी कार्यों के लिए दिए गए टारगेट की भी समीक्षा पार्टी प्रमुख द्वारा की गई है।

# घुमंतू जातियों के विकास को प्रतिबद्धः योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित विमुक्त जाति दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सरकार घुमंतू जातियों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस मौके पर ऐलान किया कि सरकार इन जातियों को मुख्यधारा में लाने लिए बोर्ड का गठन करेगी। विमुक्त व घुमंतू जातियों के कल्याणार्थ लखनऊ में आयोजित 'विमुक्त जाति दिवस' समारोह में बोल रहे थे। योगी ने कहा कि योद्धा जातियों को क्रिमिनल ट्राइब बनाया।

1952 में क्रिमिनल ट्राइब से मुक्ति मिली। मुगलों, अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। विमुक्त जातियों के लिए लगातार काम बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ मिल रहा। घुमंतू जातियों के लिए बोर्ड बनाने की जरूरत है। योगी ने कहा कि पहले की सरकारों के पास फुर्सत नहीं थी कि 'वनटांगिया' के लिए कुछ कर सकें,



■ इन जातियों को मुख्यधारा में लाने लिए बोर्ड का गठन करेंगेः मुख्यमंत्री

हमारी सरकार ने उन्हें राजस्व गांव का दर्जा दिया। जो जातियां सुविधाओं से वंचित रह गई हैं, उनके लिए जमीन के पटे मिलें। उनके लिए मकान की सुविधा हो। घुमंतू जाति के लोगों के लिए कालोनी बनाएंगे। सभी प्रकार की सुविधाओं का लाभ इन्हें दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 9 जनपदों में जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय संचालित हो रहे हैं, दो आवासीय आश्रम पद्धति विद्यालय प्रारंभ हो चुके हैं, जबकि 101 आवासीय विद्यालय पहले से चल रहे हैं।

### कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने की सीएम से मुलाकात

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद ने रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाक़ात की। यह मुलाक़ात कई मायनों में महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि संजय निषाद ने हाल ही में गठबंधन को लेकर काफी तीखा बयान दिया था। हालांकि अभी इस मुलाकात का पूरा ब्योरा नहीं मिल पाया है कि दोनों नेताओं के बीच किस मुद्दे को लेकर बातचीत हुई, लेकिन इस सियासी मुलाकात से लखनऊ में सियासी हलचल तेज हो गई है। दरअसल निषाद पार्टी प्रमुख और उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री संजय निषाद ने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा था कि अगर उसे लगता है कि सहयोगी दलों ने कोई लाभ नहीं पहुंचाया है, तो वह गठबंधन तोड़ दे।

### मन की बात रेडियो प्रसारण में प्रधानमंत्री मोदी ने की घोषणा

# मेरिट में न आने वालों के लिए नया पोर्टल

नई दिल्ली, वार्ता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने 'मन की बात' रेडियो प्रसारण में 'यूपीएससी प्रतिभा सेतु' का जिक्र किया। यह एक पोर्टल है, जिसे संघ लोक सेवा आयोग की विभिन्न परीक्षाओं में विभिन्न चरणों को पार करने, लेकिन मेरिट लिस्ट में स्थान नहीं बना पाने वाले प्रतिभाशाली युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए विशेष तौर पर बनाया गया है। इसका संचालन संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली करता है।

यूपीएससी प्रतिभा सेतु एक नया डिजिटल प्लेटफॉर्म है। यह पहल विभिन्न नियोक्ताओं जैसे विभिन्न मंत्रालयों, लोक उपक्रमों, स्वायत्त निकायों और



■ यूपीएससी प्रतिभा सेतु से मिलेगा ऐसे युवाओं को रोजगार

निजी संगठनों को ऐसे योग्य उम्मीदवारों तक पहुंचने का मौका देती है जिन्हें यूपीएससपी परीक्षा की मेरिट लिस्ट में स्थान बनाने का अवसर नहीं मिल सका। इसका आशय यह है कि ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने यूपीएससी की विभिन्न परीक्षाओं के सभी चरणों को तो पास कर लिया, लेकिन अंतिम मेरिट सूची में जगह नहीं बना पाए।

ऐसे उम्मीदवारों को यह प्रतिभा सेतु पोर्टल एक मौका देता है। यह प्लेटफॉर्म ऐसे योग्य उम्मीदवारों को संभावित नियोक्ताओं से जुड़ने का अवसर मुहैया कराता है, जिससे उनके करियर में नई संभावनाएं खुल सकें। यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा, भारतीय वन सेवा परीक्षा, इंजीनियरिंग सेवाएं, सीडीएस, सीएपीएफ जैसी परीक्षाओं के 10,000 से अधिक योग्य लेकिन गैर-चयनित उम्मीदवार इस पोर्टल पर रोजगार पाने के पात्र इसमें एनडीए और कुछ एलडीसीई परीक्षाएं शामिल नहीं हैं। इस पोर्टल पर विभिन्न परीक्षाओं में अंतिम चरणों तक पहुंच चुके दस हजार से अधिक होनहार युवाओं का डाटा बैंक है और कोई भी पंजीकृत सरकारी निकाय और सत्यापित निजी कंपनियां (कॉर्पोरेट पहचान संख्या के माध्यम से) इस प्रतिभा सेतु पोर्टल के जरिए उम्मीदवारों के बायोडेटा तक पहुंच सकती हैं।यह पोर्टल योग्य उम्मीदवारों और नियोक्ताओं के बीच सेतु का काम करता है।

### एक सुरक्षा गार्ड का शहीदों के प्रति प्रेम हमें गौरवान्वित करता है

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि शहीदों के प्रति एक सुरक्षा गार्ड का प्रेम गौरवान्वित करता है। श्री मोदी ने आकांशवाणी पर प्रसारित मासिक 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा कि गुजरात के सूरत में रहने वाले सुरक्षा गार्ड जितेन्द्र सिंह राठौड़ ने एक ऐसी अद्‌भुत पहल की है, जो हर देशभक्त के लिए बहुत प्रेरणादायक है। राठौड़ पिछले कुछ वर्षों से उन सभी जवानों के बारे में जानकारियां जुटा रहे हैं, जिन्होंने देश की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर किए हैं। उनके पास आज विश्व युद्ध से लेकर अब तक शहीद हुए हजारों वीर जवानों के बारे में जानकारियां मौजूद हैं। उनके पास शहीदों की हजारों तस्वीरें भी हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि राठौड़ को एक शहीद के पिता ने जो कहा था वो बातें उसके दिल को छू गईं। शहीद के पिता ने कहा था, बेटा गया तो क्या हुआ, वतन तो सलामत है ना।

# भाजपा के लोग बस देश का क्षेत्रफल बता देंः अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चीन दौरे को लेकर रविवार को निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि भाजपाई बस देश का क्षेत्रफल बता दें मतलब ये बता दें कि भाजपा सरकार के आने के समय देश की कुल भूमि जितनी थी, अब भी उतनी ही है या अब चीनी कब्जे के बाद घट गई है। यादव ने अपने सोशल अकाउंट फेसबुक पर अपना बयान पोस्ट कर ए सवाल उठाए हैं। अखिलेश ने लिखा है कि ये है तथाकथित आत्मनिर्भर, स्वदेशी और चीनी सामान के बहिष्कार के भाजपाई जुमलों का चिंताजनक सच! अपने बयान में



■ सरकार आने के बाद उतनी ही है या चीनी कब्जे के बाद घट गईः सपा

उन्होंने कहा है कि चीन से आने वाले सामानों पर जिस तरह भारत की निर्भरता बढ़ती जा रही है, उसका बुरा असर हमारे उद्योगों, कारखानों और दुकानों के लगातार घटते जा रहे काम-कारोबार पर पड़ा है। इससे बेरोजगारी भी बेतहाशा बढ़ रही है।

अखिलेश यादव ने अपने पोस्ट में लिखा है कि भाजपा चीनी चाल की क्रोनोलॉजी समझे।



सेंसेक्स 79809.65
निफ्टी 24426.85



सोना रु. 99358
प्रति 10 ग्रा. 24 कैरेट

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 113906
प्रति किलो



# बाजार पर दिखेगा जीडीपी के आंकड़ों का असर

मुंबई, वार्ता

बीते सप्ताह रही बड़ी गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में शेयर बाजारों में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के उत्साहजनक आंकड़ों का असर दिख सकता है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा 29 अगस्त को जारी आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में विकास दर 7.8 प्रतिशत रही। ये आंकड़े बाजार खुलने के बाद जारी किए गए थे, इसलिए इनका असर सोमवार को ही दिखेगा। साथ ही तेजी से बदलते वैश्विक कारक भी निवेश धारणा को प्रभावित कर सकते हैं।

पिछले सप्ताह बाजार में बुधवार को गणेश चतुर्थी की छुट्टी के कारण चार दिन ही कारोबार हुआ। इसमें अंतिम तीन दिन बाजार में बिकवाली देखी गई। बीएसई का सेंसेक्स 1,497.20 अंक यानी 1.84 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ शुक्रवार को इस साल 09 मई के बाद के निचले स्तर 79,809.65 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह,



नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 443.25 अंक (1.78 फीसदी) टूटकर 24,426.85 अंक पर आ गया, जो इसका 08 अगस्त के बाद का निचला स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली और ज्यादा देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप 50 सूचकांक 3.63 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप.100 सूचकांक 3.86 प्रतिशत टूट गया। बीते सप्ताह सेंसेक्स की 30 में से 22 कंपनियों के शेयर लुढ़क गए, जबकि आठ के शेयर हरे निशान में रहे। महिंद्रा एंड महिंद्रा में सबसे अधिक 6.01 प्रतिशत की गिरावट रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 3.71 प्रतिशत और एचडीएफसी बैंक का 3.15 प्रतिशत टूटा। सनफार्मा में 2.97 फीसदी, पावर ग्रिड में 2.82, एनटीपीसी में 2.80, बजाज फिनसर्व में 2.69, आईसीआई सीआई बैंक में 2.66 और टाटा स्टील में 2.59 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट रही। एक्सिस बैंक का शेयर 2.32 फीसदी, भारती एयरटेल का 2.26, ट्रेंट का 2.02 और अडानी पोर्ट्स का 2.00 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा, बीईएल, इटरनल, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और इंफोसिस के शेयर भी एक प्रतिशत से अधिक टूट गए। इलेक्ट्रिक वाहन सेगमेंट में कदम रखने के बाद मारुति सुजुकी में सबसे अधिक 3.06 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी रही। आईटीसी का शेयर 2.87 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनिलिवर का 1.18 प्रतिशत और टीसीएस का 1.01 प्रतिशत चढ़ा। एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन और एलएंडटी के शेयर भी बढ़त में रहे।

### एक सप्ताह में रुपया 0.65 प्रतिशत टूटा, ऐतिहासिक निचले स्तर पर

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारतीय पूंजी बाजार में बिकवाली और घरेलू शेयर बाजारों में रही गिरावट के दबाव में रुपया बीते सप्ताह 56.50 पैसे (0.65 प्रतिशत लुढ़ककर) शुक्रवार को अंतिम कारोबारी दिवस पर 88.09 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ। भारतीय मुद्रा पहली बार 88 रुपए प्रति डॉलर से नीचे बंद हुई है। इससे पहले इसका निचला स्तर 87.88 रुपए प्रति डॉलर था। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी बाजार में भारी बिकवाली से डॉलर की मांग बढ़ी है, जिससे रुपया दबाव में आ गया।

# गेहूं मजबूत, चावल नरम, खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव, चीनी और दालें सस्ती

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव गिर गए जबकि गेहूं में तेजी रही। चीनी और दालों में भी गिरावट देखी गई। वहीं, खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

घरेलू थोक बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत तीन रुपए कम होकर सप्ताहांत पर 3,827.63 रुपए प्रति क्विंटल पर रही। वहीं, गेहूं करीब 14 रुपए महंगा होकर 2,855.55 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत चार रुपए बढ़ी और यह 3,310.84 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। सरसों तेल की औसत कीमत आठ रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंगफली तेल में करीब 53 रुपए और वनस्पति में आठ रुपए प्रति क्विंटल की साप्ताहिक तेजी रही। सोयाबीन तेल 19 रुपये और सूरजमखी तेल 41 रुपए महंगा हुआ। वहीं,पाम ऑयल 11 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। बीते सप्ताह दाल-दलहनों में नरमी रही। चना दाल औसतन करीब तीन रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। उड़द दाल में 12 रुपए और दाल मूंग में 24 रुपए प्रति क्विंटल की नरमी देखी गई। तुअर दाल भी करीब 49 रुपए उतर गई, जबकि मसूर दाल की कीमत कमोबेश स्थिर रही। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में पिछले कुछ समय से जारी तेजी पर ब्रेक लग गया। गुड़ के औसत भाव 19 रुपए प्रति क्विंटल और चीनी के चार रुपए प्रति क्विंटल टूट गए। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे: दाल-दलहन : दाल चना 7961.07 रुपए, मसूर काली 8109.48 रुपए, मूंग दाल 10103.51 रुपए, उड़द दाल 10434.10 रुपए, अरहर दाल 10672.95 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2855.55 रुपए और चावल 3827.63 रुपए प्रति क्विंटल।




# लखनऊ विवि के 68वें दीक्षांत समारोह के लिए हुई पदकों की घोषणा


लखनऊ, वार्ता

लखनऊ विश्वविद्यालय में 10 सितंबर को होने वाले 68वें दीक्षांत समारोह के लिए पदक सूची की घोषणा कर दी गई है। प्रदान किए जाने वाले कुल 198 पदकों में से 153 (77 प्रतिशत) लड़कियों ने हासिल किए हैं।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुल 1.26 लाख डिग्रियां प्रदान करेगा, जिनमें 1.1 लाख स्नातक, 15,200 स्नातकोत्तर, 242 डिप्लोमा और दो प्रमाणपत्र डिग्रियां शामिल हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय में कुल 26 छात्रों ने एक से अधिक पदक प्राप्त किए, जिनमें 5 पुरुष और 21 छात्राओं ने यह उपलब्धि हासिल की। प्राचीन भारतीय इतिहास और पुरातत्व में एमए की छात्रा श्रद्धा यादव ने सबसे शानदार प्रदर्शन करते हुए नौ पदक जीते हैं। श्रद्धा ने कहा कि यह स्वर्ण पदक सिर्फ़ मेरी उपलब्धि नहीं है - यह अनगिनत लोगों से मिले निरंतर प्यार, समर्थन और मार्गदर्शन का परिणाम है। मैं यह सफलता अपने माता-पिता को समर्पित करती हूं, जिनके त्याग और प्रोत्साहन ने मेरी सबसे मज़बूत नींव रखी है। मैं अपने वरिष्ठों का भी आभार व्यक्त करती हूं, जिनके मार्गदर्शन और अनुभवों ने मेरे लिए रास्ता बनाया। रायबरेली के कमला नेहरू कॉलेज की एमए भूगोल की छात्रा चित्रा साहू ने आठ पदक जीतकर दूसरे सबसे ज्यादा पदक हासिल किए। इस बीच, लखनऊ के सिटी कॉलेज के रवि चंद ने तीसरे सबसे ज़्यादा व्यक्तिगत पदक जीते। चित्रा ने कहा कि मुझे यकीन नहीं हो रहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर और राजधानी के अन्य कॉलेजों के छात्रों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए मैंने सर्वोच्च अंक प्राप्त किए। ए पदक मुझे और अधिक मेहनत करने और नेट जेआरएफ पास करके एक दिन प्रोफ़ेसर बनने की प्रेरणा देते हैं। एलयू के अधिकारियों ने छात्रों की इन पदकों की जीत का श्रेय उनके संबंधित विभागों में उनके असाधारण शैक्षणिक प्रदर्शन को दिया। इन विभागों में विभिन्न श्रेणियों में शीर्ष छात्रों के लिए विभिन्न पदक होते हैं, जैसे विभाग के टॉपर, विशिष्ट सेमेस्टर, पेपर या संकायों में उच्च अंक प्राप्त करने वाले। रायबरेली, हरदोई और सीतापुर के संबद्ध कॉलेजों के छात्रों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया।











# अभी जारी रहेगी बारिश, 3 दिनों के लिए रेड व ऑरेंज अलर्ट

## आपदा प्रभावितों के साथ पूरी तरह खड़ी है सरकारः मुख्यमंत्री



■ मुख्यमंत्री धामी ने कहा, अभी अलर्ट मोड पर रहें अधिकारी ■ अधिकारी नदियों के जल स्तर पर रात्रि में भी रखें नजर ■ मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ की उच्च स्तरीय बैठक ■ प्रभावितों के साथ भावनाओं व संवेदनाओं से भी जुड़े हैं: सीएम

### ऑरेंज अलर्ट आज के लिए

देहरादून, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, पिथौरागढ़, चंपावत, उधमसिंह नगर जनपदों के कई हिस्सों में ऑरेंज अलर्ट भी रखा गया है।

### ये मार्ग अवरुद्ध हैं

ज्योतिर्मठ मलारी मार्ग तमक नाला में पुल बहने से मार्ग यातायात हेतु अवरूद्ध है। शेर नाला और सूर्या नाला में पानी का अधिक प्रवाह होने से हल्द्वानी - चोरगलिया सितारगंज राज्य मार्ग बाधित है। गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग स्थान धरासू, नेताला, चड़ेथी भटवाड़ी में मलवा एवं बोल्डर आने से अवरूद्ध हुआ है, बीआरओ ठीक करने में लगा है। यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग सिलाई बैंड के पास, झर्जर गाड जंगल चट्टी, बनास एवं नारद चट्टी में मार्ग अवरुद्ध है। स्थान जंगलचट्टी एवं डाबरकोट में मार्ग सुलभ किये जाने कार्य गतिमान है।

### इन इलाकों के लिए रेड अलर्ट

चंपावत, देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल, पौड़ी, टिहरी, ऊधमसिंह नगर जनपदों के अलग-अलग स्थानों पर जैसे कि, रुद्रपुर, हल्द्वानी, काशीपुर, कोटद्वार, मसूरी, खटीमा ,श्रीनगर, चकराता, रुड़की, लक्सर, भगवानपुर, विक.ासनगर, देवप्रयाग तथा इनके आस पास के क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश, तूफान, बिजली गिरने, बहुत तीव्र से अत्यधिक तीव्र बारिश होने की संभावना है।

### गंगोत्री हाईवे यातायात के लिए सुरक्षित बनाएं

मुख्यमंत्री ने यात्रा प्रारंभ होने से पहले गंगोत्री हाइवे को सुरक्षित बनाने तथा बेहतर स्थिति में लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि देश-विदेश से यात्री एक भरोसे के साथ चार धाम यात्रा के लिए आते हैं, उनकी यात्रा को सुरक्षित बनाना हमारा कर्तव्य है, इसमें ढिलाई की कोई गुंजाइश नहीं है।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में आने वाले दिनों के लिए भारी एवं भारी से भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसको देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मौसम विभाग द्वारा अगले कुछ दिनों के लिए प्रदेश के अधिकांश जनपदों के लिए जारी रेड तथा ऑरेंज अलर्ट को देखते हुए शासन तथा जनपद स्तरीय अधिकारियों को अतिरिक्त सावधानी बरतने तथा चौबीसों घंटे अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि अत्यधिक वर्षा के कारण राज्य के सामने लगातार चुनौतियां बनी हुई हैं और मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले कुछ दिन चुनौतीपूर्ण रहने वाले हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए समुचित कदम उठाए जाएं। भूस्खलन के दृष्टिगत मार्गों में विशेष सतर्कता बरती जाए तथा मैदानी क्षेत्रों में जलभराव की आशंका को देखते हुए सभी एहतियाती कदम उठाए जाएं। उन्होंने सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन को निर्देश दिए कि राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से हर स्थिति पर नजर रखी जाए। उन्होंने दोनों मंडलायुक्तों को निर्देश दिए कि आपदा प्रभावितों के पुनर्वास के लिए शीघ्रता से कार्य करते हुए मैदानी जनपदों में पुनर्वास किए जाने के विकल्पों पर भी कार्य करें।

राज्य आपातकालीन परिच.ालन केंद्र में सचिव गृह शैलेश बगौली, सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन, अपर सचिव आनंद स्वरूप, एससीईओ क्रियान्वयन डीआईजी राजकुमार नेगी, जेसीईओ मो0 ओबैदुल्लाह अंसारी, हेमंत बिष्ट, रोहित कुमार आदि मौजूद रहे। वहीं प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव लोनिवि पंकज कुमार पाण्डेय, सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर राजेश कुमार, मंडलायुक्त विनय शंकर पाण्डेय, दीपक रावत बैठक में वर्चुअल शामिल हुए।

**तमक में बैली ब्रिज जल्द बनाने के निर्देश:** मुख्यमंत्री ने ज्योतिर्मठ-मलारी नेशनल हाईवे में तमक नाले में बहे पुल को सामरिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए जल्द से जल्द बैली ब्रिज बनाकर यातायात को सुचारू किया जाए। उन्होंने कहा बीआरओ को यदि राज्य के स्तर से किसी भी प्रकार की मदद की दरकार है तो वह तुरंत उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने सचिव लोक निर्माण विभाग पंकज कुमार पांडेय को बीआरओ के अधिकारियों के संपर्क में रहने के निर्देश दिए।

**हर्षिल स्यानाचट्टी में रिवर चौनेलाइजेशन जरूरी:** उत्तरकाशी के हर्षिल तथा स्यानाचट्टी में बनी झीलों की स्थिति तथा जल निकासी के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्यानाचट्टी में झील के जलस्तर में पुनः वृद्धि की सूचना मिली है, वहां 24ग्7 नजर रखी जाए तथा राहत एवं बचाव दल हर वक्त वहां तैनात रहें। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि पुल को किसी प्रकार का खतरा न हो। उन्होंने जिलाधिकारी उत्तरकाशी को निर्देश दिए कि झील के जलस्तर को कम करने तथा अधिक मात्रा में झील से जल निक.ासी के लिए समुचित प्रयास किए जाएं।



## विभिन्न 1827 बाधित सड़कों में से 1747 सड़कों को खोला

### पिछले कई वर्षों की तुलना में इस बार हो रही ज्यादा बारिश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड में अभी कुछ दिन और मौसम का मिजाज बिगड़ा रहेगा। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटो के लिए भी रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की निगरानी में प्रदेश में आपदा प्रबंधन एवं राहत कार्य युद्धस्तर पर किए जा रहे हैं। भारी बारिश व मलबा आने से प्रदेश में कुल 1827 स्थानों पर सड़कें बाधित हुई थीं। इनमें से 1747 सड़कों को खोला जा चुका है, जबकि 80 सड़कों पर कार्यवाही गतिमान है। इस प्रकार मलबे और भूस्खलन से बंद हुई अब तक 95.62 प्रतिषत सड़कों पर यातायात बहाल किया जा चुका है।

जहाँ-जहाँ मलबा आने की संभावना थी, वहाँ पहले से ही जेसीबी और आवश्यक संसाधनों की तैनाती की गई थी। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे कि सड़क बंद होने की स्थिति में तत्काल कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जाए। परिणामस्वरूप प्रभावित क्षेत्रों में सड़कें तेजी से खोली जा रही हैं और लोगों को राहत मिल रही है।

ज्ञातव्य है कि इस वर्ष प्रदेश में पिछले कई वर्षों की तुलना में अधिक बारिश हो रही है। इसके बावजूद मुख्यमंत्री धामी स्वयं लगातार आपदा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर रहे हैं और राहत व बचाव कार्यों की नियमित समीक्षा कर रहे हैं। प्रदेशवासियों की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सरकार लगातार सक्रिय है और हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं।

### जनता की सुरक्षा सर्वोपरिः सीएम



प्रदेशवासियों की सुरक्षा और सुविधा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आपदा प्रभावित क्षेत्रों में किसी भी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए सड़क, बिजली, पानी और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बहाल करने की निरंतर निगरानी की जा रही है। सभी विभाग समन्वय बनाकर त्वरित राहत व बचाव कार्य कर रहे हैं।

## लोकतंत्र को अनावश्यक खर्च व बार-बार होने वाले चुनाव से मुक्त किया जाए : धनखड़

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी ने उत्तराखण्ड में भी एक राष्ट्र-एक चुनाव अभियान को गति देने और इसको छात्रों-युवाओं के माध्यम से चलाने की प्रदेश स्तरीय छात्र नेता सम्मेलन का आयोजन देहरादून स्थित एक होटल में किया गया।



मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ओपी धनखड़ ने कार्यक्रम में कहा कि आगामी दिनों में प्रदेश में छात्रों व युवाओं को एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान के साथ जोड़ते हुए विभिन्न कार्यक्रम एवं अभियानों को किया जाएगा। प्रदेश के विश्विद्यालयों, महाविद्यालयों, इंजी.निरिंग कॉलेजों सहित अन्य महावियालयों मे एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में छात्रों युवाओं के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

ओपी धनखड़ ने कहा कि अब समय आ गया है जब लोकतंत्र को अनावश्यक खर्च, बार-बार होने वाले चुनाव और राजनैतिक अस्थिरता की बेड़ियों से मुक्त किया जाए। आर्थिक नीतियों में निरन्तरता, व्यापार और रोजगार को गति देने के लिए एक देश-एक चुनाव समय की मांग है। इस विशेष कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री (संगठन) अजेय कुमार , उत्तराखण्ड सरकार में दायित्वधारी और एक राष्ट्र एक चुनाव के प्रदेश संयोजक रमेश गड़िया, एक देश एक चुनाव सह-संयोजक राजेश, प्रदेश भर के छात्र नेताओ और युवाओं ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

## जनपद स्तर पर हो पीसीपीएनडीटी की समीक्षा बैठकः डॉ . रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्य में पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत किये जा रहे कार्यों की जनपद स्तर पर निरंतर समीक्षा की जायेगी। इन समीक्षा बैठकों में राज्य पर्यवेक्षण बोर्ड के सदस्य भी मौजूद रहेंगे। इसके लिये सभी जनपदों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं। इसके अलावा राज्य में अब बिना चिकित्सकीय परामर्श के गर्भ संबंधी दवाइयों की बिक्री नहीं की जायेगी, यदि मेडिकल स्टोरों पर मिसोप्रोस्टोल दवा की अनाधिकृत बिक्री पाई जाती है तो स्टोर के संचालक के खिलाफ पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत कार्यवाही की जायेगी।

सचिवालय स्थित मुख्य सचिव सभागार में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित राज्य पर्यवेक्षण बोर्ड की बैठक में उपरोक्त निर्णय लिये गये। डॉ. रावत ने बताया कि राज्य में पीसी-पीएनडीटी एक्ट (गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक) का सख्ती से पालन किया जा रहा है। प्रदेश में किसी भी तरह से एक्ट का उल्लंघन न हो इसके लिये विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में अब गर्भ संबंधी मिसोप्रोस्टोल दवा की बिक्री प्रति.बंधित कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि यदि किसी मेडिकल स्टोर पर गर्भ संबंधी दवाओं की अनाधिकृत बिक्री पाई गई तो ऐसे स्टोर स्वामियों के खिलाफ पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत कार्रवाई की जायेगी। इसके लिये सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों को ठोस निर्देश दे दिये गये हैं। नवजात शिशु के जन्म के 21 दिन के भीतर जन्म पंजीकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये गये। इसके लिये ग्राम प्रधान, आशा, एएनएम, आंगनबाडी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा, साथ ही जन्म पंजीकरण एवं चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 को लेकर प्रदेशभर में वृहद जनजागरूकता अभियान चलाये जायेंगे, ताकि लोग अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सके। इसके अलाव डॉ. रावत ने जनपद स्तर पर पीसी-पीएनडीटी के तहत किये गये कार्यों की समीक्षा के निर्देश सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों को दिये। बैठक में राज्य पर्यवेक्षण बोर्ड की सदस्य एवं विधायक कैंट सविता कपूर, सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर. राजेश कुमार, अपर सचिव न्याय एम.के. पाण्डे, उप सचिव अनूप मिश्र, स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. सुनीता टम्टा, निदेशक डॉ. शिखा जंगपांगी, राज्य नोडल अधिकारी डॉ. एन.एस.बिष्ट, डॉ. अमलेश कुमार सहित बोर्ड के नामित सदस्य एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



### स्वास्थ्य मंत्री ने किया कैथ लैब का लोकार्पण

सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने आज स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी द्वारा संचालित स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय, धर्मावाला में अत्याधुनिक ष्कैथ लैबष का लोकार्पण किया। डॉ रावत ने कहा कि कैथ लैब के संचालन से हृदय रोगियों को स्थानीय स्तर पर एंजियोप्लास्टी, एंजियोग्राफी जैसी सुविधाएं सुलभ होगी और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं न्यूनतम शुल्क पर मिल सकेंगी। इस अवसर पर प्रांत प्रचारक डॉ शैलेंद्र , विधायक सहसपुर सहदेव पुंडीर, दिव्य प्रेम मिशन के संस्थापक आशीष भैया सहित रोटरी क्लब के सदस्य एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## लोगों को बताएं, एक राष्ट्र एक चुनाव देश हित में कितना महत्वपूर्ण : भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने अभियान से जुड़े लोगों का आह्वान किया कि वे तय योजना के अनुसार समाज के विभिन्न वर्गों में जाकर इस बात को बताएं की एक राष्ट्र एक चुनाव देश हित में कितना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अभी तक उत्तराखण्ड राज्य में जो भी अभियान और कार्यक्रम एक राष्ट्र एक चुनाव के संदर्भ में आयोजित किए गए हैं उन्हें समाज के हर वर्ग के लोगों का व्यापक समर्थन प्राप्त हुआ है। उन्होंने अभियान से जुड़े लोगों का आह्वान किया कि वे एक राष्ट्र-एक चुनाव को लेकर तय योजना अनुसार समाज के विभिन्न वर्गों में जाकर इस बात को बताएं की एक राष्ट्र एक चुनाव देश हित में कितना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ष्वन नेशन वन इलेक्शनष का विचार देश को स्थिरता और चुनाव को पारदर्शिता प्रदान करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। बार-बार होने वाले चुनावों से न केवल सरकारी खजाने पर अनावश्यक बोझ पड़ता है, बल्कि विकास कार्यों में भी रुकावट आती है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने से समय और धन की बचत होगी, साथ ही प्रशासनिक कार्यों में निरंतरता बनी रहेगी।

## उत्तराखंड को आपदाग्रस्त राज्य घोषित करे केंद्रः कांग्रेस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस ने केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार पर जम कर हमला बोला है। रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि चुनावी फायदे के लिए केदारनाथ और बद्रीनाथ की माला जपने वाले और केदार धाम में आ कर धुनी रमाने वाले प्रधानमंत्री आज संकट की घड़ी में केदारनाथ बद्रीनाथ समेत सारे उत्तराखंड को भूल गए हैं और वे या तो बिहार चुनाव में व्यस्त हैं या विदेशों के दौरे कर रहे हैं पर आज तक भयंकर आपदाओं से जूझ रहे उत्तराखण्डियों की सुध लेने उन्होंने ना तो अपने किसी वरिष्ठ मंत्रिमंडलीय सहयोगी को



उत्तराखंड भेजा ना ही किसी केंद्रीय दल को उत्तराखंड में हुए जान मॉल के नुकसान का आंकलन करने के लिए भेजा। धस्माना ने कहा कि आज राज्य के सभी पर्वतीय जिले आपदाओं से बदहाल हो रक्खे हैं। उत्तरकाशी में धराली हर्षिल यमुनोत्री सियाणा चट्टी, राणा चट्टी, यमुनोत्री गंगोत्री राष्ट्रीय राज मार्ग भयंकर आपदा की चपेट में हैं। धस्माना ने कहा कि चमोली जिले के थराली, देवाल व बद्रीनाथ में भी आपदा से जान माल कि बड़ी हानि हुई है और यही हाल रुद्रप्रयाग जिले का है। धस्माना ने कहा कि पौड़ी जनपद का बड़ा हिस्सा आपदा ग्रस्त है और जिले में अनेक लोगों की मौत आपदा में हुई है। धस्माना ने कहा कि कुमायूं मंडल में भी पिथौरागढ़ जनपद में आपदा से नुकसान हुआ है ऐसे में प्रधानमंत्री को चाहिए कि वे पूरे उत्तराखंड को आपदा ग्रस्त राज्य घोषित करते हुए तत्काल केंद्रीय सरकार का एक दल उत्तराखंड भेज कर यहां हुए नुकसान व जन हानि का आंकलन कर राहत पुनर्वास व पुनर्निर्माण कार्यों के लिए विशेष आर्थिक पैकेज घोषित करे। धस्माना ने कहा कि 2013 में केदारनाथ आपदा के समय तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमो.हन सिंह ने आपदा ग्रस्त क्षेत्र में तत्काल उच्च अधिकार प्राप्त केंद्रीय दल भेजा और केंद्र सरकार ने राहत पुनर्वास व पुनर्निर्माण कार्यों के लिए इकीस हजार करोड़ रुपए का आर्थिक पैकेज दिया था।

## महाराज ने पत्रकार खंडूरी के आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की



**देहरादून।** प्रदेश के लोक निर्माण व पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने वरिष्ठ पत्रकार राकेश खंडूरी के असामायिक निधन पर उनके डोईवाला स्थित आवास पर पहुंच कर शोक संवेदना प्रकट करने साथ-साथ परिवार को सांत्वना दी। सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने वरिष्ठ पत्रकार राकेश खंडूरी के असामायिक निधन पर रविवार को उनके डोईवाला स्थित आवास पर पहुंच कर शोक संवेदना प्रकट करने के साथ-साथ परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने खंडूरी के निधन को सम्पूर्ण पत्रकारिता जगत की एक अपूर्णीय क्षति बताते हुए कहा कि उत्तराखंड की पत्रकारिता ने एक अनमोल धरोहर को खो दिया है।

## प्रधानमंत्री मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत : जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आज मसूरी विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 03 नयागांव में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय जनता के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 125वें संस्करण को सुना।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीनगर की डल झील में आयोजित पहले खेलो इंडिया वॉटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल का उल्लेख किया, जिसमें पूरे देश से 800 से अधिक एथलीट्स ने प्रतिभाग किया। उन्होंने सिविल सर्विस परीक्षा के संदर्भ में होनहार विद्यार्थियों के लिए बनाए गए "प्रतिभा सेतु" नामक डिजिटल प्लेटफॉर्म का भी उल्लेख किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने शहडोल के खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना भी की। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष राजीव गुरुंग, ज्योति कोटिया, राजेन्द्र कण्डवाल, कर्नल चौना, महेन्द्र नेगी सहित बूथ संख्या 03 की बूथ कमेटी और स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

### खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बना मन की बात : रेखा

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने रविवार को अंबेडकर नगर मंडल के अंतर्गत इंद्रेश नगर स्थित सामुदायिक भवन में मन की बात का 125 वां सुना। उन्होंने कहा कि इस बार का मन की बात एपिसोड खिलाड़ियों के लिए बहुत प्रेरणादायक रहा। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जिस तरह 30 मिनट के एपिसोड में लगभग एक तिहाई समय सिर्फ खेल और खिलाड़ियों के लिए समर्पित किया, वह भारत को खेल जगत में महाशक्ति बनाने के उनके विजन को दिखाता है। उन्होंने न सिर्फ विजेता खिलाड़ियों से फोन पर बातचीत कर उनका हौसला बढ़ाया, साथ ही इन खिलाड़ियों को विषम परिस्थितियों में समर्थन देकर आगे बढ़ने का मौका देने के लिए उनके अभिभावकों का भी धन्यवाद ज्ञापित किया।




# राजस्व पुलिस की जगह अब नियमित पुलिस पर जिम्मेदारी

■ तहसीलों के राजस्व ग्रामों में अब नायब तहसीलदार करेंगे एफआईआर दर्ज समन और वारंट की तामीली अब सीधे कोतवाली और चौकी स्तर से होगी



शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** जनपद टिहरी गढ़वाल में लंबे समय से चली आ रही राजस्व पुलिस व्यवस्था को अब पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है। जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने जानकारी दी कि पर्वतीय क्षेत्रों में कार्यरत राजस्व निरीक्षक, उप निरीक्षक और राजस्व सेवकों द्वारा 21 अगस्त 2025 से राजस्व पुलिस के कार्यों का स्थायी रूप से परित्याग कर दिया गया है। इसके बाद जनपद की तहसील जाखणीधार, कीर्तिनगर, देवप्रयाग और बालगंगा के अंतर्गत आने वाले राजस्व ग्रामों में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए नए आदेश पारित किए गए हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि अब इन चारों तहसीलों के राजस्व ग्रामों में किसी भी प्रकार की घटना घटित होने पर उसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने की जिम्मेदारी संबंधित नायब तहसीलदार की होगी। दर्ज एफआईआर उप जिला मजिस्ट्रेट के माध्यम से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक टिहरी गढ़वाल को भेजी जाएगी। इसके उपरांत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संबंधित मामले को विवेचना के लिए समीपवर्ती नियमित पुलिस थाना या कोतवाली को हस्तांतरित करेंगे। इस व्यवस्था के तहत राजस्व पुलिस का हस्तक्षेप पूरी तरह समाप्त हो जाएगा और सभी आपराधिक मामलों में अब नियमित पुलिस ही कार्रवाई करेगी।

इसी क्रम में न्यायालयों से प्राप्त होने वाले समन, वारंट और अन्य आदेशों की तामीली की जिम्मेदारी भी अब समीपवर्ती कोतवाली, थाना अथवा चौकी प्रभारी को सौंपी जाएगी। इससे न केवल कानूनी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और प्रभावी होगी, बल्कि पीड़ित पक्षों को भी न्याय की प्रक्रिया में तेजी मिलेगी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक टिहरी गढ़वाल को निर्देश दिए गए हैं कि वे नए प्रावधानों के अनुसार सभी कोतवाली, थाना और चौकी प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करें और यह सुनिश्चित करें कि राजस्व पुलिस व्यवस्था की समाप्ति के बाद भी क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था पूर्ण रूप से कायम रहे।

इस बड़े बदलाव को प्रशासन ने पर्वतीय जिलों में पुलिस व्यवस्था को सशक्त और प्रभावी बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया है। उम्मीद जताई जा रही है कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण और न्यायिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता आएगी और आम जनता को अधिक राहत मिलेगी।

## गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की मांग

**रुद्रप्रयाग।** आपदा प्रभावित बसुक.ेदार क्षेत्र की विभिन्न गांवों की गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की मांग ज्येष्ठ प्रमुख जखोली ने जिला प्रशासन से की है। ताकि महिलाओं का समय से सुरक्षित प्रसव हो सके। जखोली ब्लॉक के ज्येष्ठ उप प्रमुख नवीन सेमवाल ने एसडीएम जखोली भगत फोनिया को दिए ज्ञापन में कहा कि गत् गुरूवार को बसुकेदार क्षेत्र के तालजामण, बडेथ्थ, स्यूर, अरखुंड समेत कई स्थानों पर अतिवृष्टि से भारी नुकसान पहुंचा है। जिससे पूर्वी बांगर के गांवों को जोड़ने वाले मोटरमार्ग के साथ पैदल मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। ऐसे में सबसे ज्यादा दिक्कतें गर्भवती महिलाओं को उठानी पड़ सकती हैं।

# ब्लॉक प्रमुख को भावभीनी विदाई विकास कार्यों के लिए मिला सम्मान



शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी/लंबगांव।** प्रतापनगर ब्लॉक मुख्यालय में आयोजित एक भव्य विदाई सम्मान समारोह में निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख प्रदीप रमोला को क्षेत्रीय विकास में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। ब्लॉक सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में ब्लॉक के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनकी सेवाओं के प्रति आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी श्रव्या गोयल ने कहा कि अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में प्रदीप रमोला ने जिस तरह से ब्लॉक को नई दिशा देने का कार्य किया है, वह अनुकरणीय है। उन्होंने ब्लॉक सभागार को हाईटेक बनाने के साथ-साथ क्षेत्र के सभी इंटर कॉलेजों में पुस्तकालय स्थापित करवाए। स्कूलों में छात्र-छात्राओं को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए वाटर फिल्टर और वाटर कूलर लगवाए गए। बच्चों के शारीरिक और मान.सिक विकास को ध्यान में रखते हुए पट्टी उपली रमोली, रौणद रमोली, ओण और रैका पट्टी में जिम पार्क स्थापित कराए गए। वहीं आंगनबाड़ी केंद्रों में नौनिहाल बच्चों के बौद्धिक विकास हेतु आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना भी उनके कार्यकाल की उपलब्धियों में शामिल रहा। इस मौके पर वर्तमान ब्लॉक प्रमुख मनीषा पंवार ने भी रमोला के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने विकास की जो नींव रखी है, वह आने वाले समय में सबके लिए प्रेरणादायी रहेगी।कार्यक्रम में सहायक खंड विकास अधिकारी पूरण सिंह पयाल, डीपीओ मुकेश सेमवाल, अंकित पोखरियाल, कुलदीप रावत, ताजबीर बिष्ट, जयराज राणा, सत्यम, मनीष चौहान, हिमांशु सेमवाल, पवन मिश्रवाण सहित कई अधिकारी-कर्मचारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## तुंगनाथ धाम के जीर्णोद्धार को लेकर कार्रवाई तेज

**रुद्रप्रयाग।** समुद्र तल से 12 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित तृतीय केदार के नाम से विख्यात तुंगनाथ मंदिर के संरक्षण एवं जीर्णोद्धार को लेकर बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने प्रयास तेज कर दिये हैं। इसको लेकर केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई) के तकनीकी विशेषज्ञों की टीम ने मंदिर की भू-तकनीकी सर्वे का कार्य पूरा कर लिया है। सर्वे रिपोर्ट के विश्लेषण के बाद डीपीआर बनायी जायेगा और रिपोर्ट के आधार पर डीपीआर के अनुरूप रख-रखाव संरक्षण का कार्य शुरू होगा।

# पुलिस ने छात्रों को दिए कानूनी और सुरक्षा संबंधी संदेश

■ नशा, साइबर क्राइम और महिला-बाल अपराधों से बचाव की जानकारी दी गई यातायात नियमों का पालन और पुलिस की मदद लेने पर दिया गया जोर



शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** थाना देवप्रयाग और मुनिकीरेती पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्रों के शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्रों और शिक्षकों को विभिन्न कानूनी जानकारियां प्रदान कीं। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने कहा कि किसी भी परेशानी की स्थिति में लोग निसंकोच पुलिस की मदद लें और नशा विरोधी अभियान में सहयोग प्रदान करें।

देवप्रयाग में बछेलीखाल पॉलिटेक्निक कॉलेज और मुनिकीरेती स्थित आईएमटी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान छात्रों और अध्यापकों को नशामुक्ति, साइबर क्राइम, महिला व बालकों से संबंधित अपराध और यातायात नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि साइबर ठगी, वित्तीय धोखाधड़ी, महिला और बाल अपराध, पॉक्सो अधिनियम जैसे गंभीर मामलों में तत्काल टोल फ्री नंबर 1930, 1090 और 112 पर सूचना दें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि नशा न केवल युवाओं का भविष्य नष्ट करता है, बल्कि समाज को भी कमजोर बनाता है। इसलिए प्रत्येक छात्र और अभिभावक का कर्तव्य है कि वे इस बुराई के खिलाफ जागरूक रहें। साथ ही पुलिस ने यातायात नियमों का पालन करने की भी अपील की। छात्रों को चेतावनी दी गई कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें और सड़क पर सभी यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें।

देवप्रयाग में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 300 से अधिक छात्र-छात्राओं और अध्यापकों ने भाग लिया। संस्थान की प्रधानाचार्य नर्मदा सिंह और शिक्षकगणों ने पुलिस विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित होने चाहिए, जिससे युवा जागरूक होकर समाज में सकारात्मक भूमिका निभा सकें।

देवप्रयाग में यह अभियान एसओ लखपत सिंह बुटोला के नेतृत्व में और मुनिकीरेती में एसआई दीपिका तिवारी के नेतृत्व में चलाया गया। पुलिस अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि इस तरह की पहल से छात्र न केवल अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझेंगे, बल्कि अपराधों और नशे के खिलाफ समाज को सजग करने में भी योगदान देंगे।

## एक नजर .......

### जीएमओयू की वार्षिक साधारण बैठक 27 सितंबर को

**कोटद्वार ।** यातायात कंपनी जीएमओयू लि. की वार्षिक साधारण बैठक का आयोजन 27 सितंबर को कंपनी के कोटद्वार स्थित मुख्यालय में किया जायेगा। बैठक में वर्ष 2025 का आर्थिक लेखा जोखा प्रस्तुत करने के साथ ही आडिटर की नियुक्ति भी की जायेगी। इसके अलावा संचालक मंडल के तीन संचालकों का चयन भी किया जायेगा। रविवार को यह जानकारी कंपनी सचिव विजयपाल सिंह नेगी ने दी।

### कालीमठ घाटी के चिलौंड में गौशाला ध्वस्त, मवेशी जिंदा दफन



**रुद्रप्रयाग।** भारी बारिश के चलते कालीमठ घाटी में एक गौशाला ध्वस्त हो गयी। गौशाला के भीतर चार मवेशी भी आपदा की भेंट चढ़ गए, जबकि एक गाय के बच्चे की जान को बचाया गया। बीती शनिवार रात्रि लगभग साढ़े ग्यारह बजे कालीमठ वार्ड के सीमांत गांव चिलौंड में तेज बारिश के कारण एक गौशाला मलबे में तब्दील हो गई। गौशाला में पांच मवेशी थे, जो मलबे में दब गए। पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनोद राणा ने बताया कि कालीमठ घाटी में भारी बारिश से चिलौंड गांव में गौशाला ध्वस्त हो गयी, जिससे ग्रामीणों के मवेशी मलबे में जिन्दा दफन हो गए। ग्रामीण डर के साये में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। आपदा प्रबंधन अधिकारी नन्दन सिंह रजवार ने बताया कि तहसील ऊखीमठ क्षेत्र के ग्राम चिलौंड में अत्यधिक बारिश के कारण एक गौशाला के ऊपर से लैंडस्लाइड हो गया, जिससे गौशाला के अन्दर दो गाय और दो भेड़ दब गए। सूचना पर रेस्क्यू टीम के साथ ही प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और एक गाय के बच्चे को बचाने में सफल रहे।

### चुनौतियों से निपटने के लिए आधुनिक तकनीकी जरूरी: चौधरी

**रुद्रप्रयाग।** ग्रामोत्थान परियोजना के तहत सतेराखाल में दो दिवसीय जलवायु अनुकूल कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए प्रभावी कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही कृषि उत्पादन बढ़ाने के नए तरीके, सिंचाई के नवीनतम विधियां और बीजों की लाइन सोइंग जैसी प्रगतिशील विधियों का परिचय भी कराया। तल्लानागपुर क्षेत्र के नारी सतेराखाल में आयोजित प्रशिक्षण में सहायक प्रबंधक अरुण चौधरी ने किसानों को जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने के लिए नई और आधुनिक कृषि तकनीकों के बारे में जानकारी दी।

# राशनकार्ड धारक समय पर खाद्यान्न प्राप्त करें

■ ई-पॉस मशीन से आधार सत्यापन के बाद ही मिलेगा राशन माह की अंतिम तिथि से पूर्व लेना होगा खाद्यान्न का कोटा



शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल के निर्देशों के अनुपालन में जिला पूर्ति अधिकारी मनोज डोभाल ने जानकारी दी कि जनपद टिहरी गढ़वाल में सभी राशनकार्ड धारकों को वर्तमान समय में खाद्य विभाग द्वारा संचा.लित आधार सक्षम सार्वजनिक वितरण प्रणाली (।मच्वै) के अंतर्गत खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। इस व्यवस्था के अनुसार लाभार्थियों को उनका निर्धारित कोटा केवल सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता के यहां उपलब्ध ई-पॉस मशीन के माध्यम से ही दिया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक उपभोक्ता का बॉयोमेट्रिक प्रमाणीकरण अथवा ओटीपी सत्यापन आवश्यक होगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी माह का खाद्यान्न कोटा केवल उस माह की अंतिम तिथि तक ही वित.रित किया जाएगा। इस अवधि के बाद उपभोक्ताओं को संबंधित माह का राशन नहीं मिल पाएगा। इसलिए यह आवश्यक है कि सभी लाभार्थी समय रहते अपनी सुविधा के अनुसार अपने नजदीकी सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता के यहां जाकर आधार सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कर लें और निर्धारित तिथि से पहले अपना मासिक खाद्यान्न प्राप्त कर लें।पूर्ति अधिकारी ने आमजन से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करें, बल्कि माह के शुरुआती या मध्य दिनों में ही खाद्यान्न प्राप्त कर लें, ताकि किसी भी प्रकार की तकनीकी बाधा या भीड़भाड़ की स्थिति से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि हर पात्र परिवार को समय पर और पारदर्शी तरीके से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा सके, जिसके लिए आधार आधारित ई-पॉस प्रणाली को सख्ती से लागू किया गया है।

उन्होंने यह भी कहा कि कई बार लाभार्थी अंतिम दिनों में राशन लेने पहुंचते हैं, जिससे मशीन में तकनीकी दिक्कतें आ सकती हैं या नेटवर्क की समस्या के चलते परेशानी बढ़ सकती है। इसलिए सभी कार्डधारकों से अपेक्षा की जाती है कि वे जिम्मेदार नागरिक की तरह नियमों का पालन करें और अपनी पात्रता का लाभ समय रहते प्राप्त करें।

## श्रीनगर में विभिन्न वार्डों पर पेयजल संकट बरकरार

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** नगर क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति अभी भी सुचारू रूप नहीं हो पाई है। एक बार फिर पाइप लाइन फटने से कई वार्डों में पेयजलापूर्ति बांधित है। जल संस्थान की अधिकारियों ने शनिवार देर सांय तक कड़ी मशक्कत के बाद जीवीके परियोजना से पहुंच रही मुख्य पेयजल लाइन को सुचारू करने का काम किया, लेकिन पाइप लाइन एक बार फिर फट गयी। जिसके कारण कई स्थानों पर पेयजलापूर्ति सुचारू नहीं हो पाई। नगर निगम के ब्राह्मण महौला, मेडिकल कालेज रोड़, हाइडिल कालोनी और बीएसएनएल काला.ेनी में पेयजलापूर्ति सुचारू नहीं हो पाई है। हालंकि जिन स्थानों पर पेयजलापूर्ति सुचारू नहीं हो पाई है वह जल संस्थान श्रीनगर टैंकरों के माध्यम से पेयजलापूर्ति कर रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता तनुज बडोनी ने बताया कि बीते 6 दिनों से हाइडिल कालोनी में पेयजलापूर्ति नहीं हुई है। पानी न होने के कारण उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जल संस्थान के अधिकारियों से जल्द पेयजलापूर्ति सुचारू रूप से कराएं जाने की मांग की है। उधर जल संस्थान के अधीक्षण अभियंता प्रवीन कुमार सैनी ने बताया कि मुख्य पेयजल लाइन फटने से पेयजलापूर्ति सुचारू करने में दिक्कतें हो रही है।

# देवप्रयाग को जिला बनाने की लड़ाई लड़ेगा जन अधिकार मोर्चा:भट्ट



शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** देवप्रयाग विधानसभा के क्षेत्रीय मुद्दों पर लडाई लड़ने और उनके समाधान के लिए सामाजिक कार्यकर्ता गणेश भट्ट ने देवप्रयाग जन अधिकार मोर्चा का गठन किया। मोर्चा गठन करने का उद्देश्य देवप्रयाग विधानसभा की मूलभूत सुविधाओं जल, जंगल, जमीन, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और रोजगार जैसे जन समस्याओं और देवप्रयाग को जिला घोषित किए जाने को लेकर लड़ाई लडेंगे।

रविवार को जीएमवीएन में पत्रकारों से मुखातिब होते हुए देवप्रयाग जन अधिकार मोर्चा के संस्थापक गणेश भट्ट ने कहा कि मोर्चा का गठन देवप्रयाग विधानसभा में फैली समस्याओं को लेकर किया गया है। कहा कि सत्ताधारी पर्टी का जनसरोकारों से कोई भी लेना देना नहीं है। उन्होंने जनता को अपने हाल पर छोड़ दिया है। कहा कि देवप्रयाग विधानसभा में रोजगार एवं पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं, लेकिन किसी भी सत्ताधारी सरकार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। जिस कारण रोजगार की कमी से सैकड़ो की संख्या में पढ़े लिखे युवा देवप्रयाग विधानसभा से पलायन करने पर मजबूर हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण आम आदमी का काम कराने को लेकर दरबदर की ठोकरे खाने को मजबूर है। कहा कि देवप्रयाग विधानसभा में स्कूलों और अस्पतालों की हालत बेहद खराब हो चुकी है, अस्पताल रेफर सेंटर बन गये है। कहा कि बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान देने के स्थान पर सत्ताधारी नेताओं का ध्यान केवल खरीद फरोख्त पर है। भट्ट ने कहा कि हाल में हुए त्रिस्तरीय चुनाव में देवप्रयाग विधानसभा कि छवी धूमिल हुई है। चुनाव में सत्ताधारी पार्टी ने धनबल का प्रयोग कर खरीद फरोख्त की है। जिसका नतीजा हिंडोलाखाल में जनप्रति.निधियों के शपथ ग्रहण में देखने को मिला। कहा कि देवप्रयाग विस क्षेत्र में हजारों करोडों की रेल परियोजना गतिमान है, लेकिन केवल जनप्रति.निधि इसका फायदा ले रहे है और नौजवान रोजगार के लिए दरबदर घुम रहें है। यदि जनप्रतिनिधियों को बेरोजगार युवाओं की थोड़ा भी चिंता होती तो आज युवाओं को दरबदर नहीं भटकना पड़ता। इस मौके पर पूर्व सभासद बीना नेगी चौधरी, चंद्र कला लिंगवाल, लक्ष्मी भट्ट, मीना राणा, मनोज, नरेश कोटियाल, राम सिंह पयाल, सुरेश, सुरेन्द्र रावत, हरदेव कपरोली, कुलदीप राणा, रविन्दर सिंह, मोहन सिंह भंडारी, प्रवीण सलेरा, हेमलता, अर्जुन पंवार, विजय राम, अनिल खत्री, मनीष नौडियाल, सुधीर सहित आदि मौजूद थे।

# राजकीय पालीटेक्निक भवन खतरे की जद में

शाह टाइम्स संवाददाता

**चमोली।** क्षेत्र में हो रही लगातार मूसलाधार बारिश से सड़कों के साथ ही सरकारी व गैर-सरकारी संपतियों को भारी नुक्सान पहुंचा है। करोड़ों की लागत से बना राजकीय पालीटेक्निक के आगे भूस्खलन होने से भवन खतरे की जद में आ गया है।

पिछले कई दिनों से क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शनिवार रात को हुई बारिश से राजकीय पालीटेक्निक गौचर के भवन के आगे भूस्खलन से विद्यालय भवन खतरे की जद में आ गया है। विद्यालय भवन के नीचे पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष धूमीलाल के आवासीय भवन के पिछले हिस्से में मलवा भरने से उनके भवन को भी खतरा पैदा हो गया है। इस भवन में रह रहे लोगों को अन्यत्र शिफ्ट कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार राजस्व विभाग व आर डब्लू डी के इंजिनियरों ने भूस्खलन क्षेत्र का मौका मुआयना कर शासन को इसकी सूचना भेज दी है। कमेड़ा का भूस्खलन क्षेत्र भी नासूर बन गया है। पिछले कुछ दिनों से गलनांऊ में नया भूस्खलन क्षेत्र विकसित होने से क्षेत्र वासियों की परेशानियां और बढ़ गई हैं। इन जगहों पर बारिश में सड़क मार्ग बंद होना आम बात हो गई है। पालीटेक्निक क्षेत्र में हुए भूस्खलन को रेलवे लाइन की भूमिगत टनल की खुदाई का असर माना जा रहा है।पालीटेक्निक के प्रधानाचार्य राजकुमार का कहना है दो साल पहले ही रेल निर्माण निगम को बता दिया गया था। लेकिन किसी ने उनकी बातों पर गौर नहीं किया है। क्वींठी कांडा मोटर मार्ग भी बंद हो गया है। पेयजल की लाइनों के क्षतिग्रस्त होने से क्षेत्र में पेयजल संकट भी गहरा गया है। पालिकाध्यक्ष संदीप नेगी ने वार्ड सभासद बंदना राणा के साथ क्षेत्र में हुए नुकसान का जायजा लिया।

# चिलरखाल-लालढांग मोटर मार्ग निर्माण की मांग को लेकर निकाली जन चेतना रैली

शाह टाइम्स संवाददाता

**कोटद्वार ।** कोटद्वार में एनसीटीए और सुप्रीम कोर्ट की रोक के बाद से ठंडे बस्ते में पड़ा चिलरखाल-लालढांग मोटर मार्ग निर्माण का मामला एक बार फिर गरमा गया है। इस संबध में डू समथिंग सोसाइटी के तत्वाधान में विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुडे लोगों और आम जनता ने चिलरखाल-लालढांग मोटर मार्ग निर्माण की मांग को लेकर चिलरखाल से तहसील तक जन चेतना रैली निकाली। रविवार को विभिन्न संगठनों के लोग आम जनता के साथ चिलरखाल बैरियर पर एकत्रित हुए। तत्पश्चात वे वाहनों से मोटर नगर पहुंचे। वहां से जुलूस की शक्ल में लोग तहसील पहुंचे। इस दौरान लोग एक ही लक्ष्य, एक ही नारा, लालढांग-चिलरखाल मोटर मार्ग बने हमारा, प्रदेश सरकार होश में आओ, लालढांग-चिलरखाल मोटर मार्ग बनाओ.., जैसे नारे लगा रहे थे। तहसील में पहुंचकर रैली सभा में बदल गई। सभा को संबोधित करते हुए डू समथिंग सोसाइटी अध्यक्ष मयंक कोठारी ने कहा कि वर्ष 2017 के विधान सभा चुनाव में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इस मोटर मार्ग को बनाने की मांग की थी, लेकिन यह मार्ग अभी तक नहीं बन पाया है। इसलिए आम जन को आंदोलन पर मजबूर होना पड़ा। सोसाइटी संरक्षक प्रकाश कोठारी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार के कई दावों के बाद भी यह मोटर मार्ग नहीं बन पाया है। इससे गढ़वाल के लोगों को लाभ पहुंचना था। मजबूरी में लोग यूपी के नजीबा.बाद से लंबी दूरी तय कर देहरादून पहुंच रहे हैं। कांग्रेस नेत्री रंजना रावत ने कहा कि यह मोटर मार्ग हर हालत में बनना चाहिए। कहा कि मोटर मार्ग निर्माण केवल चुनावी वायदों तक सिमट कर रह गया है। जनप्रतिनिधि हर बार मामले के सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन होने का हवाला देकर अपना पल्ला झाड़ने में लगे हैं। चेता.वनी दी कि यदि शीघ्र ही इस मोटर मार्ग का निर्माण कार्य आरंभ नहीं हुआ तो जन सहयोग से उग्र आंदोलन किया जायेगा। तत्पश्चात प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से शासन प्रशासन को ज्ञापन प्रेषित किए गए। रैली में क्षेत्रीय सामाजिक संगठनों सहित आम नागरिकों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया ।

## तीन सूत्रिय मांगों पर कार्रवाई न होने पर गुरिल्लाओं में रोष

**श्रीनगर।** नौकरी, पेंशन और आश्रित हितों को लाभ दिए जाने की मांग को लेकर रविवार को एसएसबी प्रशिक्षित गुरिल्लाओं की बैठक काली कमली धर्मशाला में आहुत की गई। बैठक में आक्रोशित गुरिल्लाओं ने तीन सूत्रिय मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही न होने पर आरपार की लडाई लड़ने का मन बनाया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए रमेश दत्त लखेड़ा ने कहा कि शासन-प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। कहा कि शासन स्तर पर कई दौर की बैठके हुई और आश्वासन भी दिए गए, लेकिन अब तक सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आए हैं।

# घरेलू हिंसा व बाल शोषण पर ढालवाला में जागरूकता गोष्ठी

■ वन स्टॉप सेंटर ने महिलाओं और बच्चों को दी कानूनी व सुरक्षा संबंधी जानकारी घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को एक ही छत तले मिलेंगी चिकित्सा, कानूनी और परामर्श सेवाएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** नरेंद्रनगर के ढालवाला में वन स्टॉप सेंटर की ओर से घरेलू हिंसा और बाल यौन उत्पीड़न को लेकर एक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों को न केवल इन अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए, बल्कि उन्हें उनके कानूनी अधिकारों और सुरक्षा से जुड़ी अहम जानकारी भी दी गई। विशेषज्ञों ने कहा कि कानून की जानकारी होने से ही व्यक्ति ऐसे अपराधों से बच सकता है और अपने अधिकारों की रक्षा कर सकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वन स्टॉप सेंटर टिहरी की केंद्र प्रशासक रश्मि बिष्ट ने कहा कि घरेलू हिंसा महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा का सबसे जटिल और घिनौना रूप है। उन्होंने बताया कि वन स्टॉप सेंटर उन महिलाओं को एक ही छत के नीचे समग्र सहायता प्रदान करता है, जो घरेलू हिंसा की शिकार होती हैं। इसमें चिकित्सा सेवा, कानूनी सलाह, मनोवैज्ञानिक सहयोग और परामर्श जैसी सभी सुविधाएं शामिल हैं। साथ ही यह केंद्र आपातकालीन बचाव सेवाएं, पुलिस सहयोग, एफआईआर दर्ज कराने में मदद और सुरक्षित आश्रय भी उपलब्ध कराता है।बाल यौन अपराध पर जानकारी देते हुए वन स्टॉप सेंटर की अनीषा ने कहा कि हर बच्चे को हिंसा, शोषण और दुर्व्यवहार से मुक्त रहने का अधिकार है। बच्चों के खिलाफ होने वाली हिंसा न केवल उनके वर्तमान जीवन और स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि उनके भावनात्मक विकास और भविष्य को भी खतरे में डालती है। उन्होंने अभिभावकों और समुदाय से अपील की कि बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना संबंधित विभाग को दें।इस मौके पर सुपरवाइजर किरन राणा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रजनी, प्रणिता, सरला जोशी, अनिता, वीरा, मंजू, कविता, रश्मि, रेखा और पुष्पा सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से प्रश्न पूछे और अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। आयोजन का मुख्य उद्देश्य था कि महिलाएं और बच्चे जागरूक बनें, ताकि समाज में घरेलू हिंसा और बाल शोषण जैसी घटनाओं को जड़ से खत्म किया जा सके।

# उत्कृष्ट कार्यशैली पर डीएम सविन बंसल को नवाजा

## उत्तराखंड भू-कानून अभियान के सदस्यों ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बंसल मानव सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते है। विगत एक साल से जिलाधिकारी के पद पर कार्य करते हुए उन्होंने जनहित में अनेक उत्कृष्ट निर्णय लिए है। मानव सेवा को समर्पित उनके उत्कृष्ट कार्यशैली से आज हर कोई प्रभावित है।



जिलाधिकारी सविन बंसल की उत्कृष्ट कार्यशैली और असाधारण निर्णयों के लिए उत्तराखंड भूकानून अभियान के सदस्यों ने डीएम कार्यालय में एकत्रित होकर जिलाधिकारी को सम्मानित किया। उत्तराखंड भूकानून अभियान के सदस्यों ने डीएम को सरकारी भूमी पर अतिक्रमण के विरुद्ध त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करने और जनहित में उनके द्वारा लिए जा रहे असाधारण और प्रशंसनीय निर्णयों के लिए अभिनंदन पत्र, पुष्पगुच्छ और शाल भेंटकर सम्मान किया।

भू-कानून अभियान उत्तराखंड (2016) के संस्थापक/मुख्यसंयोजक शंकर सागर ने कहा कि डीएम सविन बंसल ऐसे अधिकारी है, जो गरीब जनता की आवाज को सुनकर तुरंत उनकी समस्याओं का निस्तारण कर रहे है। आज जनता खुश होकर ऐसी अधिकारीयों का साथ चाहती हैं। इतिहास में ऐसे अधिकारियों की संख्या ऊगली में गिनी जा सकती हैं। आज देहरादून नहीं अपितु पूरे उत्तराखंड में उनके जनहितार्थ निर्णयों की तारीफ हो रही हैं। यह प्रशासनिक न्यायिक कार्य संस्कृति पूरे उत्तराखंड में फैले ऐसी अपेक्षा भू-कानून अभियान उत्तराखंड (2016) के साथ-साथ राज्य का हर नागरिक करता है।

उन्होंने कहा कि देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने कार्यभार संभालते ही दिन रात सक्रिय रहकर स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, भिक्षावृत्ती मुक्ति अभियान चलाकर बच्चों को भिक्षावृत्ती से हटाकर उन्हें स्कूल भेजना, फरियादी बुजर्गों और दिव्यांगों के लिए नि:शुल्क सारथी वाहन सेवा, दशकों से पीड़ित अनेक भूमि मालि. कों को उनका हक दिलाना, कई साल उत्पीडित एक विधवा के घर को बैंक के बंधन से त्वरित मुक्ति दिलाना, आईएसबीटी में असंभावी जलभराव का समाधान, सम्मान देकर राज्य निर्माण आन्दोलनकारियों के हक के लिए कार्य करना, वृद्ध महिला एवं सामान्य नागरिक को अभिवादन के साथ पहले सुनना और उनके ऐसे दर्जनों असाधारण निर्णय एव उत्कृष्ट कार्य आज जनता के सम्मुख हैं। राज्य की जनता, आन्दोलनकारियों और शहीदों ने भी ऐसे अधिकारियों की कल्पना की थी। आज हम सहृदय से डीएम सविन बंसल का सम्मान करते हुए स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे है।

इस दौरान सह संयोजक आनंद सिंह रावत, गढवाल संयोजक अशोक नेगी, कुमाऊं संयोजक उमेद बिष्ट, राजेश पेटवाल, धना वाल्दिया महिला संयोजक, कृष्णा बिजलवाण, सुभागा फरसवान, ज्योतिका पांडे, कल्पेश्वरी नेगी, देवेश्वरी गुसाई, पूजा बुढ़ाथोकी, गीता शर्मा, राजेश कुमार सहित अन्य सदस्यगण मौजूद थे।

# जोशी ने की पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक पुंडीर को श्रद्धांजलि अर्पित

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को देहरादून के गुनियाल गांव स्थित बहुउद्देशीय भवन में पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष दिवंगत दीपक पुंडीर की श्रद्धांजलि सभा में प्रतिभाग किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री जोशी ने दिवंगत दीपक पुंडीर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने भावुक होकर कहा कि दीपक पुंडीर हमेशा अपने क्षेत्र और क्षेत्रवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहते थे। उनका जाना न केवल क्षेत्र के लिए बल्कि मेरे लिए भी एक व्यक्तिगत क्षति है। वे एक सच्चे जनसेवक थे। उनकी कमी की पूर्ति संभव नहीं है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की। उन्होंने कहा कि पुरकुल गांव में लगभग 03 करोड़ की लागत से बनने वाले निर्माणाधीन साम. ुदायिक भवन का नाम स्वर्गीय दीपक पुंडीर के नाम पर रखा जाएगा तथा उनकी स्मृति में उनकी प्रतिमा की स्थापना भी की जाएगी। श्रद्धांजलि सभा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शोक संदेश प्रेषित कर शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। कार्यक्रम में अंत में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि भी दी। दीपक पुण्डीर अपने पीछे अपनी पत्नी सीमा पुण्डीर, दो पुत्रियां प्रियांशी एवं प्राची, भाई मदन सिंह पुण्डीर सहित पूरा परिवार छोड़कर गये हैं। भाजयुमो राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चौहान, मसूरी नगर पालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी, पूर्व जिलाध्यक्ष शमशेर सिंह पुण्डीर, पूर्व मण्डल अध्यक्ष पूनम नौटियाल ने भी श्रद्धांजलि सभा में अपनी बात रखी और दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

# रिपोर्ट गलत तरीके से पेश कर देवभूमि की छवि खराब करने में जुटी कांग्रेस:आशा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने मातृ शक्ति के सशक्तिकरण और सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा किए प्रयासों की सराहना की हैं। भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष और केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने कांग्रेस को आइना दिखाया कि जिनकी सरकारों में मंत्री, विधायक महिला अपराधों में संलिप्त होते थे, एफआईआर के लिए भी आंदोलन करना पड़ता था। आज वही रिपोर्टों को गलत तरीके से पेशकर देवभूमि की छवि खराब करने की कोशिश में लगे हैं।

मीडिया के लिए जारी अपने बयान में उन्होंने कहा कि धामी सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए अभूतपूर्व एवं साहसिक कदम उठाए जा रहे हैं।



अब तक जितने भी महिला अपराधों के मामले सामने आए हैं, उनमें एक भी ऐसा नहीं है जिसके आरोपी कानूनी शिकंजे से बाहर हो। कुछ प्रकरणों में तो रिकॉर्ड समय में कानूनी प्रक्रिया पूरी करवाकर, दोषियों को उम्रकैद तक की सजा सुनिश्चित करवाई गई है। शेष जो भी अपराधी हैं वे जेल में अपने गुनाहों की सजा का इंतजार कर रहे है और इनमें कोई भी बचने वाला नही है। सरकार द्वारा महिला पुलिसिंग में बढ़ोत्तरी की है, व्यस्त सार्वजनिक स्थानों और बाजारों में महिला अधिकारियों के साथ जांच चौकी बनाई गई हैं। महिला गश्ती दल भी तैनात किए गए हैं। शहर में रहने वाले दूसरे राज्यों के लोगों का वेरिफिकेशन किया जा रहा है और महिला सुरक्षा से जुड़ी प्रत्येक शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है। लिहाजा हम दावे के साथ कह सकते हैं कि मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के निर्देशों पर हमारी पुलिस, मातृ शक्ति की इन चिंताओं को दूर करने की हर संभव कोशिश कर रही है। उन्होंने कांग्रेस के आरोप पर आईना दिखाते हुए कहा, इनकी सरकारों में महिला अपराधों में आम आदमी नहीं बल्कि मंत्री, विधायक शामिल रहते थे।

# पीआरडी जवानों ने मांगों को लेकर दिया धरना

- पीआरडी को पृथक कर गृह विभाग से जोड़ा जाए: मंद्रवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** पीआरडी जवानों ने अपनी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना दिया और कहा कि अगर हमारी मांगे नही मानी गई तो उग्र आंदोलन करने को मजबूर होना पड़ेगा।



प्रदेश संयोजक प्रमोद मंद्रवाल ने कहा कि प्रांतिय रक्षा दल संशोधित नियम वाली 20 मई 2024 में पीआरडी स्वयंसेवक के स्थान पर पीआरडी कर्मी किया जाना चाहिए। प्रांतिय रक्षक दल संशोधित नियमवाली 2024 में सामान्य कार्य का समान वेतन व 365 दिन का नियमित रोजगार जिला योजना के बजाय विभाग के बजट से केवल वर्दीधारी प्रशिक्षण प्राप्त जवानों जो की शांति सुरक्षा ड्यूटी में तैनात किया जाना अतिआवश्यक है एवं समय-समय पर राज्य के कर्मियों के भांति दिया जाना अति आवश्यक है। प्रांतीय रक्षक दल संशोधित नियमावली 2024 में पीआरडी जवानों के एक दिन की कल्याण कोस कटौती में से 10 लाख रुपए सेवा नियुक्त होने एवं मेडिकल उपचार होने पर एवं किसी भी दशा में पीआरडी जवानों की मृत्यु होने की दशा में दिया जाना चाहिए। प्रांतीय रक्षक दल संशोधित नियमावली 2024 में पीआरडी जवानों को मानदेय के स्थान पर मासिक वेतन दिया जाए। राज्य सरकार को प्रांतीय रक्षक दल संशोधित नियमावली 2024 में पीआरडी स्वयंसेवकों के परीक्षण बेच के अनुसार ड्युटीया प्रमोशन पद वेतन वर्गीकरण जैसे सुरक्षा गार्ड कंप्यूटर ऑपरेटर वाहन चालक कुक माली आदि वारीयता के आधार पर किया जाना चाहिए।

प्रांतीय रक्षक दल संशोधित नियमावली 2024 में पीआरडी जवानों को संविदा कर्मियों की भांति 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर नियमितिकरण किया जाना अति आवश्यक है। जवानों को वर्ष में एक ठंडी वह एक गर्म वर्दी मिलनी चाहिए। प्रांतीय रक्षक दल के जवानों को भी होमगार्ड के भांति सुविधाए मिलनी चाहिए। युवा कल्याण विभाग से पीआरडी को पृथक कर पीआरडी को गृह विभाग से जोड़ा जाए। होली, दिवाली पर बोनस दिया जाए। इस मौके पर प्रदेश संयोजक प्रमोद मंद्रवाल, जिला अध्यक्ष देहरादून गम्भीर सिंह रावत, सोनू कुमार, सगिता आहुजा, सुधिर, सावेत्री, मुकेश चौहान, किशन दत्त, उदय सिंह, रंजना चौहान, गिता देवी व भीम सिंह आदि उपस्थित रहे।

# जोशी ने कौलागढ़ में मां नंदा सुनन्दा की प्राण प्रतिष्ठा में किया पूजन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को देहरादून स्थित कौलागढ़ में कुर्मांचल परिसर, गढ़ी शाखा द्वारा आयोजित मां नंदा एवं सुनन्दा की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में धर्मपत्नी निर्मला जोशी संग प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने विधिविधान से पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया और प्रदेशवा. सियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मां नंदा देवी उत्तराखण्ड की आराध्य देवी हैं। वे हिमालय की कन्या और भगवान शंकर की अर्धांगिनी पार्वती का स्वरूप मानी जाती हैं। उन्होंने कहा कि नंदा देवी की राजजात यात्रा उत्तराखण्ड का महाकुंभ कहलाती है, क्योंकि यह हर 12 वर्ष में एक बार आयोजित होती है और इसमें लाखों श्रद्धालु शामिल होकर अपनी आस्था प्रकट करते हैं।

## दिवंगत हवलदार विजय गुसाईं के परिवारजनों से जोशी ने की मुलाकात

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने आज बीते जून माह में भोपाल में ट्रेनिंग के दौरान हादसे से सात गढ़वाल राइफल के उत्तराखण्ड जनपद टिहरी के निवासी दिवंगत हवलदार विजय सिंह गुसाईं के परिवारजनों से उनके विलासपुर काण्डली आवास पहुंचकर भेंट की। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने दिवंगत हवलदार के परिवारजनों को सांत्वना देते हुए उन्हें ढांढस बंधाया और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# डॉ. अनिल वर्मा को मिला सिविल डिफेंस रक्तदाता सम्मान

- नागरिक सुरक्षा वार्डन हर हाल में अपनी सेवाएं देने को तैयार: एसके साहू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** सिविल डिफेंस के डिप्टी कन्ट्रोलर एसके साहू ने कहा कि नागरिक सुरक्षा वार्डन युद्धकाल हो या शांतिकाल अपनी सेवाएं देने को सदैव तैयार हैं।

साहू गुरुकुल कांगड़ी विश्व. विद्यालय के कन्या गुरुकुल परिसर, देहरादून में सिविल डिफेंस पो.सं.



-03 उत्तर प्रभाग के संयोजन में 150 छात्राओं सहित प्रोफेसरों, प्रशास. निक अधिकारियों व वार्डनों के चार दिवसीय विशेष आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर आयोजित प्रमाणपत्र वितरण एवं सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आशा व्यक्त की कि शिविर में रेडक्रास सोसायटी, अग्निशमन सेवा तथा सिविल डिफेंस द्वारा आपदा प्रबंधन में प्रशिक्षित युवा किसी भी आपदा में प्रशासन का सहयोग करने हेतु अपनी सेवाएं देने को सदैव तत्पर रहेंगे। सिविल डिफेंस के डिप्टी कन्ट्रोलर एसके साहू ने मुख्य प्रशिक्षक जिला रेडक्रॉस सोसायटी के रक्तदाता शिरोमणि डॉ. अनिल वर्मा को नि:शुल्क उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए ना.सु.सं. सर्टिफिकेट ऑफ एप्रीसिएशन तथा 155 बार रक्तदान करने के लिए 'सिविल डिफेंस रक्तदाता सम्मान-2025 से विभूषित किया।

इस मौके पर विवि समन्वयक प्रोफेसर हेमन पाठक, प्रोफेसर अर्चना डिमरी ने भी डॉ. वर्मा को नवाजा। इस अवसर पर सेक्टर वार्डन सुनीता भट्ट, सुमन सिंह, नीलम वर्मा, गीता शर्मा, अनीषा पंत, शिवानी राणा, प्रेरणा सिंह, पोस्ट वार्डन विपिन चाचरा, डॉ. निपुर सिंह, डॉ. हेमलता अय्यर, डॉ. रेनू शुक्ला, डॉ. नीना गुप्ता, वार्डन महेश गुप्ता, कमल शर्मा, मेहराज मोहन, ममता नागर, तनवीर सिंह, मनोज कुमार व शिव सिंह आदि मौजूद रहे।

# मानवता, शिक्षा व समाज सेवा को आगे आएं युवा: उलेमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** सीरत उन नबी कमेटी देहराद. ून की ओर से एक रूहानी और प्रेरणादायक कार्यक्रम 'सीरत-उन-नबी' का आयोजन टर्नर रोड स्थित तस्मिया संग्रहालय में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. एस. फारूक ने की। इस मौके पर अनेक मशह. ूर उलेमा-ए-कराम और इस्लामी विद्वानों ने शिरकत की और हुजूर सरवर-ए-कायनात हजरत मुहम्मद मुस्तफा सल्ललाहु अलेही वसल्लम की सीरत-ए-पाक और इंसानियत के लिए उनके पैगाम पर रोशनी डाली।



कार्यक्रम का आगाज मौलाना असरार अहमद की तिलावत-ए-कुरआन और सय्यद शहजादे की नात-ए-पाक से हुआ, जिसने माहौल को नूरानी बना दिया। हाफिज हुसैन साहब पीरजी बुढ़यावी ने कहा कि कुरआन हमारे पास एक अमानत है, इसमें किसी तरह की खय्यानत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कुरआन की तालीम को समझने और उस पर अमल करने की अहमियत को रेखांकित किया। मुख्य वक्ता मुफ्ती जकावत कासमी शैख-उल-हदीस, मदरसा अमीनिया, दिल्ली ने मोहम्मद साहब की सीरत पर तफसीली रोशनी डालते हुए कहा कि हुजूर तमाम इंसानियत के लिए रहमत बनकर आए। उन्होंने पैगंबर की पैदाइश से पहले के जमाने की सामाजिक, धार्मिक और नैतिक गिरावट का जिक्र करते हुए बताया कि किस तरह आप ने इंसानों को बराबरी का दर्जा दिया और सामा. जिक इंसाफ की बुनियाद रखी। उन्होंने इंसानियत, शिक्षा और खिदमते-खल्क की अहमियत पर भी प्रकाश डाला। मुफ्ती सलीम कासमी ने पैगंबर मोहम्मद साहब की शिक्षाओं पर आधारित एक प्रेरणादायक मुकालमा पेश किया, जिसमें इंसानियत, मोहब्बत और खिदमत को जिंदगी का मकसद बताया गया। अध्यक्षीय भाषण में डॉ. एस. फारूक ने कहा कि कुरआन हमारी निजात का जरिया है। इसे समझ कर, सोच कर और अमल करके ही हम अपनी जिंदगी को कामयाब बना सकते हैं। उन्होंने इंसानों के हुकूक, मां-बाप की सेवा और बच्चों को सही तालीम देने की बात पर जोर दिया। साथ ही नशे, बुराइयों और फिल्मी असरात से बचने की सलाह दी। इस मौके पर मौलाना रिसालुद्दीन हक्कानी के पुत्र हाफिज सअद को कुरआन मुकम्मल करने पर दस्तारबंदी कर सम्मानित किया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। मौलाना कबीरुद्दीन फारान ने कुरआन की फजीलत बयान करते हुए इसे रोशनी का सरचश्मा बताया। शहर काजी मौलाना मोहम्मद अहमद कासमी की पुरखुलूस दुआ के साथ यह रूहानी जलसा सम्पन्न हुआ। इस मौके पर मौलाना रिसालुद्दीन हक्कानी, मुफ्ती नाजिम अशरफ, मौलाना एजाज, मुफ्ती वसी उल्लाह कासमी, मुफ्ती जिया उल हक, मौलाना गुलशेर कासमी, मौलाना कासिम कासमी, मौलाना असद कासमी, कारी एहसान, कारी शाहवेज, हाफिज गुलजार, कारी वसीम, कारी मुबारक, कारी फरहान मलिक, मौलाना महताब कासमी, मौलाना रागिब मजाहिरी, मौलाना मंजर अलम, मोहम्मद इम्तियाज, मुफ्ती मुस्तफा कासमी, मौलाना अब्दुल रब नदवी, इनाम अली, अशरफ हाशमी व डॉ ताहिर अली समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# दर्जनों लोगों ने थामा कांग्रेस का दामन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष संगठन व प्रशासन सूर्यकान्त धस्माना और महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविन्दर सिंह गोगी की उपस्थिति में दर्जनों लोगों ने भाजपा व अन्य दलों को छोडकर अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मदन लाल के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की नीतियों व मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, करन माहरा नेतृत्व के प्रति आस्था प्रकट करते हुए कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।



प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मदन लाल की अध्यक्षता में आयोजित सदस्यता ग्रहण समारोह में भाजपा व अन्य दलों को छोडकर कांग्रेस में शामिल होने वाले लोगों को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलवाते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन एवं प्रशासन सूर्यकान्त धस्माना ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लो. कतांत्रिक पार्टी है जो सभी धर्मो, वर्गो, सम्प्रदायों एवं जातियों का सम्मान करती है। सदस्यता ग्रहण करने वालों में सागर चंद, सोनू, गौतम कुमार, शुभम रावत, हिमांशु, सोनू गुप्ता, सुरजीत जाटव, कार्तिक कुमार, आशीष कुमार, ऋषभ कुमार, विवेक कुमार, शिवम पास्चा, रिजवान अहमद, अमन सिंह, अंश कुमार, राहुल कुमार, मयंक कुमार, अजय कुमार, रिषभ पंत, कृष कुमार, सुधांशु, विशु कुमार, सुधीर कुमार, राहुल सिंह आदि शामिल थे। इस अवसर पर अनुसूचित जाति विभाग के महानगर अध्यक्ष करन घाघट, महासचिव धर्मपाल घाघट, प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद कुमार, नोहर सिंह, हेमंत उप्रेती व सईद अहमद जमाल आदि उपस्थित थे।

# आपदा प्रबंधन में सरकार विफल: डॉ. प्रतिमा सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. प्रतिमा सिंह ने कहा कि पूरा प्रदेश आज आपदा ग्रस्त है इस बार मानस. ून का भयावह रूप सबने देखा, उत्तरकाशी धराली से चमोली के थराली तक पौड़ी, श्रीनगर, रुद्रप्रयाग हर जगह सिर्फ तबाही का मंजर है। मुख्यमंत्री ने अपने पास चालीस से ज्यादा विभाग रखे हुए हैं जिसमे सबसे महत्वपूर्ण आपदाप्र. बंधन है जिसके लिए एक पूर्णकालीन व्यक्ति चाहिए जो




आपदा प्रबंधन को देख सके, मगर सीएम तो धराली आपदा के वक्त जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव में व्यस्त थे। विगत दिवस रुद्रप्रयाग में बादल फटा भयावह मंजर सबने देखा, मगर मुख्यमंत्री परेड ग्राउंड में मंत्री रेखा आर्य के साथ कार्यक्रम का आनंद ले रहे थे। डबल इंजन की सरकार होते हुए भी अब तक केंद्र से कोई भी स्पेशल पैकेज नहीं मिला है, प्रेस रिपोर्ट के मुताबिक केंद्र पहले निरीक्षण करेगी फिर तय करेगी की क्या देना है ये बड़े शर्म की बात है। उन्होने कहा कि क्या केंद्र को अपने मुख्यमंत्री और सरकार पर भरोसा नहीं।

# पीएम के मार्गर्शन में धामी आपदा प्रबन्धन को कुशलता से दे रहे अंजाम : चमोली

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने कांग्रेस पर आपदा राहत को लेकर कोरा झूठ परोसने का आरोप लगाया है। पार्टी के वरिष्ठ विधायक विनोद चमोली ने कहा, पीएम मोदी के मार्गदर्शन में ही धामी सरकार आपदा प्रबन्धन के कामों को सफलता से अंजाम दे रही है। लेकिन कांग्रेस नेता जनता की याददाश्त को चुनौती देते हुए, 2013 में मनमोहन सरकार द्वारा 3.5 हजार करोड की मदद को 21 हजार करोड़ बताकर हंसी का पात्र बन रहे हैं।

कांग्रेस नेताओं के आरोपों को लेकर मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए चमोली ने कहा कि सरकार



- केदार आपदा में मनमोहन सरकार के जख्म कांग्रेस भूल सकती है, जनता नहीं: भाजपा

और भाजपा संगठन, आपदा राहत और बचाव कार्यों में ग्राउंड जीरो पर पूरी क्षमता और गंभीरता से कार्य कर रहे हैं। उत्तराखंड में या अन्य राज्यों में आई आपदाओं में प्रत्येक जिंदगी बचाने और राहत देने की जद्दोजहद प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन और देखरेख की जा रही है। वो इन दिनों कठिन वैश्विक परिस्थितियों को देश के अनुकूल बनाने के लिए चीन के दौरे पर हैं, लेकिन श्मन की बातश की शुरुआत आपदा से कर उन्होंने अपनी दिल भावनाओं और पीड़ा को उजागर किया है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधा कि उनके नेताओं के लिए यह समझना असम्भव है कि डबल इंजन की सरकार में चुनौतियों का साहस से सामना कर कैसे अवसर में बदला जा सकता है। क्योंकि जिस 2013 की केदारनाथ आपदा में राहत का वो फटा ढोल दोबारा पीट रहे हैं, उसकी दुखद हकीकत आज भी प्रदेशवासियों के जेहन में अंकित हैं। जिनकी सरकारों को रेस्क्यू अभियान शुरू करने में दो दिन लग जाते हों, जो दूसरी सरकारों की मदद में राजनैतिक नफा नुकसान तोलते हों, जिनका पूरा ध्यान जान बचाने के बजाय राहत पैकेज की रकम बड़ी करने में लगा हो, जिनके दिल्ली से आए प्रभारी नेताओं के पास दुख व्यक्त करने के लिए दो शब्द नही हों, जिनके प्रदेश के नेताओं के पास आपदा पीड़ितों के दुख साझा करने का समय न हो। उनके पास एक ही चारा बचता है, झूठ बोलो, अफवाह फैलाओ, भ्रम पैदा करो और जनता का हौसला तोड़ो, जिसे कांग्रेस के सभी स्थानीय नेता बखूबी अंजाम दे रहे हैं।


**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम अवध नारायण- AWADH NARAIN (पुराना नाम) से बदलकर अवध नारायण त्रिपाठी - AWADH NARAIN TRIPATHI (नया नाम) कर लिया है। भविष्य में मुझे अवध नारायण त्रिपाठी पुत्र राम शाखा त्रिपाठी के नाम से जाना व पहचाना जाए।

शपथकर्ता: अवध नारायण त्रिपाठी पुत्र राम शाखा त्रिपाठी , निवासी- अमर भारती वाइल्ड लाईफ रोड, चंद्रबनी, निकट- ऋषि कल्प आश्रम रोड, पोस्ट- मोहब्बेवाला, जनपद- देहरादून, उत्तराखंड।

# शिवालिकनगर में दिनदहाड़े हुई लूट का पर्दाफाश, मुख्य आरोपी समेत चार गिरफ्तार

**प्रॉपर्टी के धंधे में हुए नुकसान को पूरा करने के लिए मुख्य आरोपी ने रची थी लूट की साजिश**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली रानीपुर क्षेत्रांगर्तत शिवालिक नगर में दिन दहाड़े घर में घुसकर हुई लूट की घटना का पर्दाफाश करते हुए पुलिस व सीआईयू टीम ने वारदात के मास्टरमाइंड सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रॉपर्टी के धंधे में कर्ज में डूबने पर मुख्य आरोपी ने साथीयों के साथ मिलकर लूट का तानाबाना बुना था। पुलिस के अनुसार आरोपी व पीड़ित के बीच एक प्रापर्टी का सौदा हुआ था। जिसमें आरोपी को एडवांस के रूप में 10 लाख रूपए की रकम दे चुका था। लेकिन समयावधि पूरी होने और बकाया नहीं दे पाने पर पीड़ित ने सौदा कैंसिल कर दिया था। आरोपी ने अपने नुकसान की भरपाई के लिए अन्य साथियों के साथ मिलकर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों के कब्जे से लूटी गई चौन, अंगूठी, एक चाकू, 3 लाख रूपये की नगदी, 3 तमंचे व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद हुई है।

मायापुर स्थित एसपी सिटी कार्यालय में घटना का खुलासा करते हुए एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि 26 अगस्त की सवेरे शिवालिक नगर स्थित भेल से रिटायर एवं प्रापर्टी कारोबारी चौधरी गुलबीर सिंह के घर में घुसे नकाबपोश बदमाश तमंचे के बल पर कारोबारी की बेटी मोना चौधरी को आतंकित कर लूट की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए थे। मुकद्मा दर्ज करने के बाद बदमाशों की धरपकड़ के लिए पुलिस एवं सीआईयू टीम



का गठन किया गया। जांच पड़ताल में जुटी पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज चेक करने के साथ सुरागरसी करते हुए रविवार की सवेरे मुखबिर की सूचना पर सुमननगर गली नं.3 स्थित एक झोपडी से घटना के मास्टरमाइंड अजीत पुत्र भंवर सिंह निवासी टिहरी विस्थापित गली न. 4 को नये पुल के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक चौन व एक अवैध चाकू बरामद कर लिया।

पूछताछ में आरोपी अजीत ने बताया वह प्रापर्टी खरीदने बेचने का काम करता है। उसने 4 वर्ष पहले चौधरी गुलबीर सिंह से एक जमीन 67 लाख रुपये में ली थी। जिसका एग्रीमेन्ट कराने के बाद 10 लाख रूपए बयाना दिया था। करार के मुताबिक 4 से 6 महीने मे जमीन के पूरे पैसे चौधरी गुलबीर सिंह को लौटाने थे। परन्तु समय पर जमीन नहीं विकवा पाने पर चौधरी गुलबीर सिंह जमीन वापस ले ली थी और बयाने के तौर पर दिए 10 लाख वापस नही किये थे। उसने कई बार पैसे मांगे थे लेकिन उन्होने वापस नही किय। इसी बात से वह काफी नाराज था। अजीत ने बताया कि उसकी जान पहचान लूट व मर्डर के मामलों में कई बार जेल जा चुके सोमपाल उर्फ छोटु पुत्र जसवीर सिंह निवासी साल्हारबेडी थाना तितावी, जिला मुजफ्फर नगर से पिछले 18-19 सालो से है। सोमपाल उर्फ छोटू उसके पूरे परिवार को जानता है और उसका घर पर भी आना जाना है। सोमपाल को भी उस पर लगे केस लडने के लिए पैसो की जरुरत थी। इसलिए उसने सोमपाल के साथ चौधरी गुलबीर सिंह को लूटने की योजना बनाई। सोमपाल उर्फ छोटू ने अपनी पहचान के अर्पित, विवेक व नरेश को पैसे का लालच देकर साथ देने के लिए तैयार किया। अजीत ने बताया कि उसने सोमपाल उर्फ छोटू को जानकारी दी कि चौधरी गुलबीर के घर में काफी मात्रा मे नकद पैसा व गहने हैं। यदि पैसे व गहने लूट लिए जाय तो हमारा कर्जा दूर हो जायेगा, तथा आगे भी जिन्दगी ऐशो आराम मे कटेगी। इसके बाद घटना से लगभग 20 दिन पहले उसने सोमपाल तथा उसके साथियो को चौधरी गुलबीर सिंह का घर दिखाया था। घटना से एक दिन पहले सोमपाल उर्फ छोटू, नरेश, अर्पित व विवेक उसके सुमन नगर प्लाट पर पर आये और लूट की योजना तैयार की। इसके बाद अगले दिन लूट का अंजाम दे दिया। लूटे गयी ज्वेलरी में से सोमपाल ने एक चेन व अगूठी उसे दी थी और आज वह मुझे लूट मे मिले माल को बेचने पर मिली रकम से मेरा हिस्सा देने हरिद्वार आ रहा है।

एसएसपी ने बताया कि मुख्य आरोपी से मिली जानकारी के बाद पुलिस ने सुमन नगर पहुंचे सोमपाल उर्फ छोटू पुत्र जसवीर सिंह निवासी ग्राम साल्हाखेडी थाना तितावी जिला मु0नगर उ.प्र, नरेश पुत्र बीर सिंह निवासी ग्राम सिकन्दरपुर ककौडी थाना बाबूगढ जिला हापुड उप्र व विवेक पुत्र मनोज कुमार निवासी ग्राम नागल थाना बडौत जिला बागपत उ.प्र को दबोच लिया। अजीत सिंह की निशांदेही पर उसके टिहरी विस्थापित कालोनी स्थित घर से अंगूठी भी बरामद कर ली।

# युवा कांग्रेस ने निकाली बाइक रैली

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष कैश खुराना के नेतृत्व में वोट चोर गद्दी छोड़ के नारों के साथ शहीद उधम सिंह चौक से नगर कोतवाली तक बाइक रैली निकाली। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कैश खुराना ने कहा कि हरिद्वार में भी निकाय चुनाव में बहुत धांधली हुई है। सरकार के इशारे पर काम कर रहे चुनाव आयोग ने जनता के विश्वास के साथ खिलवाड़ किया है। प्रत्येक वार्ड में सैकड़ों लोगों के नाम हटा दिए गए। जिससे वह अपने मताधिकार का उपयोग करने से वंचित रहे। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष अमन गर्ग, ब्लॉक अध्यक्ष विकास चंद्रा ने कहा कि भाजपा ने वोट चोरी की कर तमाम राज्यों में सरकार बनायी है। राजबीर सिंह चौहान, महेश प्रताप सिंह राणा ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बीजेपी और चुनाव आयोग की पोल खोल दी है। चुनाव आयोग की विश्वसनीयता



खत्म हो गई है। युवा नेता नितिन तेश्वर, वरुण बालियान ने कहा कि पूरे देश में वोट चोरी की आवाज गूंज रही है। जनता आगामी चुनावों में भाजपा को सबक सिखाएगी।

बाइक रैली में पार्षद सुनील कुमार, पुनीत कुमार, बीएस तेजियान, लक्सर विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष अंकित, तरुण व्यास, सुहेल कुरैशी, अश्विन कौशिक, सोनू पालीवाल, रोहित, रविराज, अनुज, वसीम, नरेश, रविबाबू शर्मा, अभिनव त्यागी, अमित चंचल, मोहन राणा, मृत्युंजय पांडे, संजय कुमार, बलराम गिरी कड़क, समर्थ अग्रवाल, सत प्रकाश दुबे, डा.अनूप, कपिल चौहान, अज्जू खान, दीपक पांडे, सागर निषाद, सुनील सैनी, सतीश चौहान, पंकज शर्मा, राकेश पांडे, सौरभ जोशी, संतोष कुमार, हरमीत सिंह, देव तोमर, परविंदर, राजेश, नितेश, अंकुर, रविंद्र, मोहित कुमार, इरफान, तौफीक, लोकेश, समीर आदि सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## यात्री का आईफोन लूटकर फरार हुए आरोपियों को दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता


**हरिद्वार।** होटल दिखाने के बहाने यात्री के साथ लूटपाट कर आईफोन छीनकर फरार हुए आरोपियों को नगर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटा गया फोन बरामद कर लिया है। 29 अगस्त को गाजियाबाद निवासी प्रशान्त त्यागी ने पुलिस को तहरीर देकर स्कूटी सवार दो बदमाशों के खिलाफ जंगल में ले जाकर आईफोन लूटने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस ने सुरागरसी करते हुए मुखबिर की सूचना पर लाल कोठी जाने वाली रोड से सागर लोधी पुत्र जयराम लोधी निवासी सरकारी स्कूल के पाल हरिपुर कला थाना रायवाला देहरादून व विजय देवली पुत्र स्व.जगन्नाथ प्रसाद देवली निवासी इण्टर कालेज के पास हरिपुर कला थाना रायवाला देहरादून को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटा गया फोन बरामद कर लिया।

**हरिद्वार पुलिस की कार्रवाई**

# मेडिकल स्टोर्स पर छापेमारी, 14 संचालकों पर 1.40 लाख का जुर्माना

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली नगर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मेडिकल स्टोर्स पर ताबड़तोड़ छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने विभिन्न मेडिकल स्टोर्स पर जाकर सीसी टीवी कैमरों की जांच की और आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि 14 मेडिकल स्टोर्स पर सीसी टीवी कैमरे स्थापित नहीं किए गए थे। नियमों का उल्लंघन करने पर पुलिस ने इन स्टोर्स के संचालकों के खिलाफ धारा 83 पुलिस अधिनियम के अंतर्गत चालान कर 1.40 लाख का जुर्माना लगाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार ने पहले ही निर्देश दिए थे कि जिले के सभी मेडिकल स्टोर्स पर सुरक्षा की दृष्टि से सीसी टीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। इसी आदेश के अनुपालन



में कोतवाली नगर पुलिस ने टीम बनाकर पूरे थाना क्षेत्र में अभियान चलाया। पुलिस का कहना है कि जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी मेडिकल स्टोर संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सोसाइटी ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब के जन्मोत्सव जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के उपलक्ष्य में अंजुमन गुलामाने मुस्तफा सोसाइटी के संयोजन में ज्वालापुर स्थित इंडियन पब्लिक स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ब्लड बैंक हरिद्वार व मां गंगे ब्लड सेंटर की चिकित्सीय टीम की देखरेख में संपन्न हुए शिविर में 110 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। सोसाइटी की और से सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। सोसाइटी के सदर हाजी शफी खान एवं जनरल सेक्रेटरी शादाब साबरी ने बताया कि ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर प्रति वर्ष समाजसेवा के कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसी के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया को इंसानियत का पैगाम देने वाले पैगम्बर मोहम्मद साहब के दिखाए मार्ग का अनुसरण करते हुए सभी को समाजसेवा में योगदान करना चाहिए। हाजी रफी खान व जमशेद खान ने कहा कि विभिन्न रोगों से मानव जीवन बचाने के लिए रक्त की आवश्यकता होती है। रक्तकोष की कमी को दूर करने के लिए रक्तदान करना चाहिए। हाजी गुलजार अंसारी एवं अब्दुल रहमान ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती है। रक्तदान करने शरीर में नए रक्त का संचार होता है। जिससे स्वास्थ्य बेहतर होता है। इस दौरान हाजी शफी खान, जमशेद खान, हाजी गुलजार अंसारी, हाजी रफी खान, मिर्जा बेग, कादिर खान, मुख्तयार आलम, नौशाद अली, शफाकत अब्बासी, अमन खान, राहिल कुरैशी, शाहनवाज अब्बासी, हारून खान, परवेज अली, सरफराज मलिक, परवेज सैफी, इमरान अंसारी, असलम सैफी आदि ने रक्तदान शिविर के आयोजन में सहयोग किया।

# संत समाज और श्रद्धालु भक्तों ने दी ब्रह्मलीन महंत स्वामी राजेंद्रानन्द को श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री विश्नोई आश्रम भीमगोड़ा के ब्रह्मलीन परमाध्यक्ष स्वामी राजेन्द्रानन्द को सभी तेरह अखाड़ों के संतो महंतो एवं देश भर से आए विश्नोई समाज के हजारों गणमान्य लोगों और श्रद्धालु भक्तों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित। इस अवसर पर ब्रह्मलीन महंत राजेंद्रानंद के शिष्य स्वामी प्रणवानंद की तेरह अखाड़ों के संतो ने तिलक चादर विधि की। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी शोक संदेश के माध्यम से ब्रह्मलीन महंत राजेंद्रानंद को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष एवं श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के सचिव श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत स्वामी राजेंद्रानन्द का समूचा जीवन गौ, गंगा, गीता और समाज को समर्पित रहा।



भाजपा के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि सनातन धर्म संस्कृति को मजबूत करने में ब्रह्मलीन महंत राजेंद्रानंद ने अपना समूचा जीवन समर्पित किया। स्वामी भगवत स्वरूप ने कहा कि अपना पूरा जीवन समाज को समर्पित करने वाले ब्रह्मलीन महंत राजेंद्रानन्द महाराज सरलता की प्रतिमूर्ति थे। सोनीपत से कांग्रेस सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत राजेंद्रानंद ने देश के विश्नोई समाज को एकजुट कर धर्म के मार्ग पर चलाया। पर्यावरण और जीव संरक्षण का पाठ पढ़ाया। नगर विधायक मदन कौशिक ने कहा कि महंत राजेंद्रानन्द बड़े दयालु और कृपालु प्रवृति के संत थे। इस अवसर पर स्वामी गर्व गिरि, स्वामी चिंदविलासानंद सरस्वती, स्वामी अनंतानंद, आत्मप्रकाशानंद यति, राम मुनि, श्रीमहंत विष्णुदास, दुर्गादास, महंत रविदेव शास्त्री, आचार्य हरिहरानंद, महामंडलेश्वर हरिवल्लभ शास्त्री, महंत रघुवीर दास, महंत मुकेशानंद, महंत विवेकानंद, महंत सूरजदास, महंत नारायण दास पटवारी, महंत आलोक गिरि, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, हुक्कम राम विश्नोई, सलिल विश्नोई, जिला पंचायत अध्यक्ष शैफाली सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री हरियाणा भजनलाल के पौत्र विधायक भव्य विश्नोई, पूर्व विधायक बिहारी लाल विश्नोई, विधायक रणधीर परिहार, डा.सीमा, हरिद्वार विधायक मदन कौशिक, आदेश चौहान, मेयर किरण जैसल, पार्षद सुमित चौधरी, सूर्यकांत शर्मा, समाज सेवी प्रमोद गिरि, धर्मेंद्र विश्नोई ब्रह्मलीन महंत स्वामी राजेंद्रानन्द के शिष्य स्वामी जयानंद, स्वामी गोविंद शरणानंद, स्वामी अमृतानंद, स्वामी रमतानंद, राघवानंद, प्रभुतानंद, नरेशानंद, जगदेवानंद, विश्वंभरानन्द, स्वामी सर्वानंद, गोविंद शरणानंद, विश्वात्मानंद, गजानंद, सागरानंद, शतानंद, डा. सच्चिदानंद आचार्य, पप्पूराम डारा ने संतो महंतो का आभार व्यक्त किया।

# भाजपा नेता अमित ने दरगाह में चादर और फूल पेश कर लगाई हाजिरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर विधानसभा स्थित प्रसिद्ध दरगाह हजरत शाह मंसूर साहब के उर्स के मौके पर भाजपा नेता अमित कुमार बिट्टू ने दरगाह में चादर और फूल पेश करते हुए हाजिरी लगाई। इस दौरान उनके साथ उनके साथी एवं अन्य लोग शामिल रहे। ज्वालापुर विधानसभा क्षेत्र के शाह मंसूर गांव में स्थित प्रसिद्ध दरगाह हजरत शाह मंसूर रह. की दरगाह पर उर्स मनाया जा रहा है। जनपद एवं आसपास के राज्यों से जायरीन यहां अपनी दुआएं लेकर पहुंच रहे है। इसी अवसर पर भाजपा नेता अमित कुमार बिट्टू ने भी दरगाह में हाजिरी पेश की। दरगाह के खादिमों ने उनकी हाजिरी करा दस्तार बांधी और क्षेत्र एवं प्रदेश के लिए दुआ मांगी। जिसके बाद उन्होंने वहां के ग्रामीणों एवं अन्य लोगों से मुलाकात भी की। इस मौके पर अमित कुमार



बिट्टू ने कहा कि दरगाह में उर्स के मौके पर विधायक एवं प्रशासन द्वारा कोई सुविधा मुहैय नहीं कराई गई है। दरगाह तक आने वाली सड़के टूटी हुई है। कई जगह सड़के ही नहीं है। दूर-दूर से अभी वर्ग के लोग उर्स के मौके पर दरगाह आते है लेकिन यहां न शौचालय और न ही पिने के पानी इत्यादि व्यवस्था है। इस मौके पर अमित बरोडिया, आरिफ अंसारी, राव रोहिल, शाकिर हुसैन, अक्षय व आशिफ हुसैन आदि मौजूद रहे।

## पार्षद यादराम वालिया ने की आवारा कुत्तों का टीकाकरण कराने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वार्ड 56 जगजीतपुर के पार्षद के यादराम वालिया ने क्षेत्र के सभी कुत्तों का रैबीज टीकाकरण कराने की मांग की है। पार्षद यादराम लक्की वालिया ने बताया कि हाल ही में कनखल क्षेत्र में आवारा कुत्ते के काटने से एक युवक की मौत हो चुकी है। जगजीतपुर क्षेत्र में भी आवारा कुत्तों की लगातार बढ़ती संख्या से लोग परेशान है। उन्होंने कहा कि नगर निगम अधिकारियों को क्षेत्र में आवारा कुत्तों के रैबीज टीकाकरण के लिए अभियान चलाना चाहिए। पार्षद यादराम वालिया ने बताया कि क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। जगजीतपुर क्षेत्र से गुजरने वाले रजवाहे तथा पीठ पुलिया से मातृसदन तक जाने वाले नाले को पक्का कराने तथा क्षेत्र के सौंदर्यकरण के लिए उन्होंने आपदा प्रबंधन व नगर निगम को प्रस्ताव प्रेषित किया है। जिस पर जल्द ही काम शुरू होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि वार्ड का विकास कर सुविधा संपन्न बनाना ही उनका लक्ष्य है। क्षेत्र के वरिष्ठ जनों को वृद्धावस्था पेंशन दिलाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# कैंसर पीड़ितों की सहायता के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र के गांव धनपुरा में ग्लोबल हॉस्पिटल के सौजन्य से एम्स हॉस्पिटल ऋषिकेश की टीम द्वारा कैंसर पीड़ितों की सहायता के लिए विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे रक्त वीरो ने 50 यूनिट ब्लड डॉयनेट किया। रविवार को ग्लोबल हॉस्पिटल धनपुरा के सौजन्य से कैंसर पीड़ितों के लिए एक विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे एम्स हॉस्पिटल ऋषिकेश से डॉक्टरों की एक टीम रक्त एकत्रित करने के लिए उपस्थित रही, इस दौरान ग्रामीणों ने कैंसर पीड़ितों के लिए बढ़चढ़ कर रक्तदान किया। कहा रक्तदान इंसानियत का पैगाम है। रक्तदान में कोई भेदभाव नहीं होता हर व्यक्ति का खून एक जैसा होता है इसलिए सभी को अधिक से अधिक संख्या में कैंसर पीड़ितों के लिए रक्तदान



करना चाहिए।

ग्लोबल हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर शौकीन अली ने बताया हमारे अस्पताल में लगातार ब्लड डोनेट शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें ग्रामीण बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं आज भी कैंसर पीड़ितों के लिए 50 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया है इस ब्लड से किसी कैंसर पीड़ित की जान बचाई जा सकती है। एम्स हॉस्पिटल ऋषिकेश से आई डॉक्टरो की टीम में डॉक्टर मेघा मेहरा, डॉक्टर गलेला जूनियर प्रसाद, एवं ग्लोबल हॉस्पिटल के डॉक्टर इमरान हैदर, दीपेंद्र सिंह, नवनीत, उषा, प्रिया पाल, लखपत, कुलदीप, मंजू बालियान, गुलशन अरोड़ा, आदि स्टाफ शामिल रहा।

# अलग अलग स्थानों से तीन युवकों को कच्ची शराब के साथ किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** थाना क्षेत्र की पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी करते हुए तीन युवकों को 35 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है।

पुलिस के अनुसार बीती रात नशे के खिलाफ चलाए गये अभियान में पथरी थानाध्यक्ष मनोज नोटियाल ने अलग अलग टीमो का गठन किया।गश्त चौकिंग के दौरान पुलिस टीमो ने अलग अलग जगहों पर छापेमारी करते हुए पहले सुभाषगढ़ स्कूल के पास से रोहित शर्मा 34 वर्ष पुत्र राकेश शर्मा निवासी सहदेवपुर को दस लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा, दूसरी ओर डोगीवाला से घोसीपुरा तिराहे पर अर्जुन सिंह 36 वर्ष पुत्र ओमप्रकाश निवासी भुवापुर को दस लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया, वही सुरेंद्र 33 वर्ष पुत्र बनारसी लाल निवासी सहदेवपुर थाना पथरी को 15 लीटर कच्ची शराब के साथ सुभाषगढ़ रेलवे फाटक के पास से गिरफ्तार किया, पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया अलग अलग जगहों से तीन व्यक्तियो को 35 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। नशे के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा,

# आंगनबाड़ी व सहायक कार्यकत्री संगठन की बैठक सम्पन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** आंगनबाड़ी व सहायक कार्यकत्री संगठन की एक बैठक अशोक वाटिका फार्म हाउस पर संपन्न हुई। जिसमें संगठन के पदाधिकारी ने विभाग में आ रही खामियों की जमकर आलोचना की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रितेश चौहान ने कहा की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पोषण ट्रैकर ऐप को विभाग द्वारा कड़ा बनाया गया है इसे और सुलभ बनाकर कार्य में पारदर्शिता लाई जाए। यही नहीं आंगनबाड़ी का मानदेय भी गुजरात की तरह तय हो समय से फोन का रिचार्ज भी मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा केवाईसी आदि करने पर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आंगनबाड़ी केंद्र पर वर्तमान में जो कुक फूड दिया जा रहा है उसको ना तो बच्चे खा रहे हैं ना ही वह उचित मापदंड पर प्रतीत होता है इसलिए विभाग उस पर उचित निर्णय ले। इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष पूनम रानी ने कहा कि विभाग की ओर से ऐप को सुगम बनाया जाना चाहिए। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष निर्देश चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष कविता चौहान, सचिन नूरजहां, ब्लॉक सचिव संतो देवी, शबनम जहां, शिवम पाल, नरेशन, ब्लॉक अध्यक्ष ममता वर्मा, सविता, मंजू, किरण देवी, प्रमिला, प्रीति, आदि अन्य ब्लॉक से आए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने विभाग के प्रति नाराजगी जताई।

### सूचना

मेरे पिता रामसिंह पुत्र बिंद्रा सिंह की मृत्यु दिनांक 10.01.2005 को घर पर ही हुई थी। अज्ञानता वश मैंने अपने पिता की मृत्यु का पंजीकरण सम्पूर्ण भारत में कहीं नहीं कराया है और न ही मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त किया है। मेरे द्वारा मेरे पिता के मृत्यु प्रमाण पत्र का प्रथम बार आवेदन किया जा रहा है। विलंब से पंजीकरण कराने में मेरी धोखाधड़ी की कोई मंशा नहीं है। प्रवीन कुमार पुत्र स्व० रामसिंह, निवासी शिवमठ चौक बाजार, लंढौरा (हरिद्वार)

# 9वां गणपति उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया



शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र के ग्राम फेरुपुर में रविार को प्राचीन शिव मंदिर में 9वां गणपति उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंदिर समिति और ग्रामवासियों द्वारा गणेश चतुर्दशी के दिन गणेश प्रतिमा की स्थापना कर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य धर्मेन्द्र चौहान ने पूजा अर्चना की और ग्राम वासियों को गणेश चतुर्दशी की बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से हमारी संस्कृति और धार्मिक गतिविधियां बढ़ती हैं। अपने देवी देवताओ के बारे में जानने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर विनीत चौहान, सचिन चौहान, मुकुल कश्यप, सचिन आर्य, लवी, वंश सैनी, आदित्य सैनी, प्रशांत सैनी, विशाल सैनी, राहुल कश्यप, संदीप सैनी, अक्ष राणा, सूरज चौहान, डिंपल कश्यप, आलोक कश्यप, हिमांशु चौहान, सागर कुमार आदि उपस्थित रहे।

## संगठन का किया विस्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री अखंड परशुराम अखाड़े के अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक ने संगठन का विस्तार करते हुए एडवोकेट अरविंद श्रीवास्तव को राष्ट्रीय कानूनी सलाहकार, बृजमोहन शर्मा को हरिद्वार मंडल तथा कुलदीप कृष्ण को ज्वालापुर मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है। गीता भवन में संगठन की बैठक के दौरान पंडित अधीर ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि अखाड़ा परिवार को परिवार को बढ़ाने के समाज हित में कार्य करें। अखाड़े के राष्ट्रीय प्रवक्ता भागवताचार्य पंडित पवन कृष्ण शास्त्री ने बताया कि अखाड़ा समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के साथ सनातन धर्म को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। इस अवसर पर समाजसेवी कुलदीप शर्मा, मनोज ठाकुर, पवन त्यागी, पंडित सचिन पैन्यूली, पंडित अंशुल भुटियानी, सत्यम चावला आदि उपस्थित रहे।

**श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ के तत्वावधान में**

# जिला कार्यकारिणी का गठन, संत रविदास के आदर्शों को अपनाने का आह्वान

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ के तत्वावधान में रविवार को ब्लॉक मुख्यालय बहादराबाद के सभागार में जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर जिले के लगभग 125 लोगों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई। कार्यक्रम में महापीठ के राष्ट्रीय सचिव और उत्तराखंड सरकार में राज्य मंत्री देशराज कर्णवाल ने संत शिरोमणि गुरु रविदास के जीवन दर्शन को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास 15वीं सदी के महान संत, कवि और समाज सुधारक थे। जिनका जन्म वाराणसी में हुआ। वे भक्ति आंदोलन के प्रमुख स्तंभ थे और उनके उपदेश समानता, भाईचारा और मानवता पर आधारित थे। महापीठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रो. धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि संत गुरु रविदास ने जातिगत भेदभाव और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई, यह सिखाया कि ईश्वर सभी में समान रूप से निवास करता है और उनकी शिक्षाएं आज भी समाज को प्रेरित करती हैं। जिलाध्यक्ष देशराज कपिल ने कहा कि गुरू रविदास की भक्ति भरे दोहे और पद, जैसे मन चंगा तो कठौती में गंगा, आज भी लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने संत रविदास के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस मौके पर किशोर पाल, श्यामल प्रधान, चांदवीर, संजय कुमार, संदीप कुमार, गीता देवी, आदित्य, संजू मैनवाल, सतीश कुमार, सेवा राम भारती, धर्मेंद्र पारले, सोनू कुमार, दीपक सूर्या, सोमित सम्राट आदि मौजूद रहे।



### सूचना (खोया-पाया)

हम दो बहनें है। हम दोनों ने नेशनल कन्या इंटर कॉलेज खानपुर से वर्ष 2024 में कक्षा 12 उत्तीर्ण की है। दिनांक 16 जुलाई व 23 जुलाई को हम दोनों बहनें बिहार पुलिस का पेपर देने के लिए गए थे। इस बीच हमारी कक्षा 12 की टीसी कही गुम हो गई है। जो काफी तलाशने पर भी नहीं मिली है। कु० सोनिया देवी व मेरी बहन कु० सुहानी देवी पुत्री सोमपाल निवासी खानपुर, लक्सर हरिद्वार

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**ब्यूरो चीफ/जिला प्रभारी डी. एस. वर्मा**
मो.: 9411100741

# रुद्रप्रयाग जिले में भारी बारिश का कहर

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** लगातार हो रही तेज बारिश के चलते केदारनाथ हाईवे की पहाड़ी दिक्कतें पैदा कर रही हैं, जिस कारण केदारनाथ, तुंगनाथ, मदमहेश्वर धाम आने-जाने वाले तीर्थ यात्रियों के साथ ही केदारघाटी की जनता खासी परेशान हो रही है। हाईवे के बंद होने समय से आवश्यक चीजों की आपूर्ति समय पर नहीं हो पा रही है तो आपदाग्रस्त इलाकों में राहत पहुंचाने में भी समस्या हो रही है। रविवार सुबह केदारनाथ हाईवे बांसबाड़ा और काकड़ागाड़ में बंद हो गया, जिसे खोलने को लेकर एनएच विभाग की मशीने जुटी रही।



जिले में लगातार मूसलाधार बारिश का सितम जारी है। भारी बारिश के चलते केदारनाथ हाईवे के लैंड स्लाइड एरिया सक्रिय हो गए हैं, जिससे केदारघाटी की जनता के साथ ही केदारनाथ, तुंगनाथ, मदमहेश्वर धाम आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के साथ ही केदारघाटी की जनता खासी परेशान हैं। हाईवे के कई जगहों पर भूसखलन हो रहा है। रविवार सुबह हाईवे के बांसबाड़ा में पहाड़ी से भूसखलन होने से मार्ग बंद हो गया, जबकि काकड़ागाड़ में ऊपर से सड़क निर्माण का मलबा राजमार्ग पर आ रहा है, जिस कारण यहां पर

**■ केदारनाथ हाईवे बांसबाड़ा और काकड़ा गाड़ में बार-बार हो रहा बाधित, केदारनाथ, तुंगनाथ, मदमहेश्वर आने-जाने वाले तीर्थयात्रियों के साथ केदारघाटी की जनता भी परेशान, राजमार्ग को खोलने में छूट रहे एनएच विभाग के पसीने, घंटों राजमार्ग बंद रहने से जनता हो रही परेशान, आपदा ग्रस्त इलाकों में राहत पहुंचाने में भी हो रही परेशानी,**

आवागमन करना बहुत मुश्किल हो रहा है। हाईवे के फाटा डोलिया देवी के पास भी राजमार्ग खतरनाक बना हुआ है। यहां नीचे से मन्दाकिनी नदी के कटाव से राजमार्ग धंस रहा है तो ऊपर से पहाड़ी से भी भूसखलन होने में लगा है। काकड़ागाड़ और बांसबाड़ा में राजमार्ग दोहपर बाद खुलने से लोगों ने राहत की सांस ली।

वहीं जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि केदारनाथ हाईवे के लैंड स्लाइड एरिया में एनएच विभाग ने मशीने तैनात की हैं, जिससे राजमार्ग के बंद होने पर शीघ्र खोलने की कार्रवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि लगातार हो रही भारी बारिश के चलते जिले के एक दर्जन ग्रामीण लिंक मार्ग भी बंद पड़े हैं। इन्हें खोलने को लेकर भी कार्यवाही जारी है।

# अब बदनाम नहीं होगा कुंजा गांव



**■ नशे के खिलाफ जनप्रतिनिधियों की पहल पर छेड़ी गई मुहिम**

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** कभी अवैध स्मैक तस्करी के मामलों में बदनाम हो चुके कुंजा गांव की तस्वीर अब बदलने लगी है। स्थानीय युवाओं और जनप्रतिनिधियों की पहल पर छेड़ी गई मुहिम से नशे के खिलाफ बड़ा असर दिखाई देने लगा है।

दरअसल, कुंजा गांव लंबे समय से स्मैक तस्करी के लिए सुर्खियों में रहा। यहां के कुछ लोगों द्वारा क्षेत्र में स्मैक बेचकर युवाओं को इसकी लत लगाई जा रही थी, जिससे समाज पर भी गहरा असर पड़ा। लेकिन इस हालात को देखते हुए गांव के युवाओं और जनप्रतिनिधियों ने पुलिस की मदद से नशे के खिलाफ अभियान शुरू किया। नतीजा यह हुआ कि अब गांव में स्मैक तस्करी के मामलों में काफी कमी आई है। इस मुहिम से प्रेरणा लेकर अब आसपास के आदूवाला, धर्मावाला, ढकरानी, ढालीपुर और खुशहालपुर जैसे गांवों के जनप्रति. निधि और युवाओं ने भी अपने क्षेत्रों से नशे को जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया है।इस बारे में जनप्रति. निधियों का कहना है कि यह मुहिम युवाओं को बचाने और समाज को स्वस्थ बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। वहीं पुलिस क्षेत्राधिकारी विक. ासनगर भास्कर लाल साह ने कहा कि पुलिस अपने स्तर से अवैध नशे के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है, लेकिन असली सफलता तभी मिलेगी जब स्थानीय लोग भी आगे आएं। ग्रामीणों की यह पहल निश्चित ही सराहनीय और प्रेरणादायी है।

## एक पेड़ माँ के नाम: अभियान में हुआ वृक्षारोपण

**विकासनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर शुरू किए गए 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम के तहत आज चिलीयो हड़ोवाला में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम में विधायक मुन्ना सिंह चौहान, ब्लॉक प्रमुख नारायण ठाकुर, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी ने मिलकर पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने इस अवसर पर कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन के लिए आधार हैं।

# मलबे में दबे मवेशियों की जान बचाकर दिया नया जीवनदान

शाह टाइम्सस संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** बसुकेदार क्षेत्र के आपदाग्रस्त इलाकों में पशुपालन विभाग की टीमें मुस्तैदी के साथ जुटी हुई हैं। पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा की निगरानी में टीमें लगातार प्रभावित इलाकों में मवेशियों की जान को बचा रही हैं। मलबे में तब्दील रास्तों और उफान पर आए भयंकर गदेरों को पार कर टीमें आपदाग्रस्त इलाकों में पहुंच रही है। अपनी जान की परवाह किए बगैर अधिकारी-कर्मचारी जीजान से आपदा ग्रस्त इलाकों में जुटे हुए हैं।

ग्रामीणों की परेशानी को समझते हुए समय पर मवेशियों को चारापत्ति पहुंचाया जा रहा है तो मलबे में दबे मवेशियों की खोज कर उन्हें नया जीवनदान भी दिया जा रहा है। ये सब देखकर ग्रामीण भी हैरान हो रहे



हैं, जो ये समझ रहे थे कि मलबे में दबने से उनके पशु मर चुके हैं।

जिले के बसुकेदार क्षेत्र में प्रकृति का विकराल कहर देखने को मिला है। इस दर्दनाक घटना ने जनपद वासियों के साथ ही पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। पहाड़ी से आए मलबे ने जहां लोगों को लापता कर दिया, वहीं बेजुबान जानवरों को भी जिंदा दफन कर दिया। इस घटना के बाद से पशुपालन विभाग की टीमें लगातार क्षेत्र में नजर बनाए हुए है। पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा की मॉनिटरिंग में मलबे में दबे मवेशियों को निकालकर उनकी जान को बचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। मलबे में दफन हुए दो पशु ऐसे थे, जिनके मालिक ये समझ चुके थे कि अब उनके मवेशी नहीं रहे और अब उनकी आजीविका का क्या होगा। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष रावत के नेतृत्व में टीम ने मलबे में दबे दो पशुओं के जीवन को बचाया है। क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में टीमें लगातार ग्रामीणों के मवेशियों को बचाने के प्रयास में जुटी हुई हैं। आपदा में लापता चल रहे मवेशियों की ढूंढखोज करने के साथ ही मलबे से बचे मवेशियों का ट्रीटमेंट तत्परता के साथ किया जा रहा है।

पशुपालन विभाग की टीम मुश्किल भरे रास्तों से होकर अपनी जान की परवाह किए बगैर बेजुबान पशुओं की जान बचाने में लगी हुई है। ये टीमें उफान पर आए भयंकर गदेरों को पार कर रही है तो मलबे में तब्दील रास्तों से होकर आपदा ग्रस्त इलाकों में पहुंच रही है। विभाग की इस तेजी के साथ कार्यवाही होने से प्रभावित जनता को भी राहत मिल रही है।

सीवीओ डॉ रावत ने बताया कि बसुकेदार क्षेत्र में आई आपदा से तालजामण में छः मवेशियों के लापता होने की सूचना है, जबकि गांव में 15 पशुओं का इलाज किया गया, जिनमें दो पशुओं को मलबे से निकालकर चिकित्सा सुविधा देकर जान बचाई गई। स्यूर गांव में दस पशु लापता बताए गए, जिसमें किसी का भी शव बरामद नहीं हुआ है। अभी तक दो दर्जन से अधिक पशुओं को स्वास्थ्य सुविधा मिल चुकी है। क्षेत्र में पशु आहार का वितरण भी किया जा रहा है। ग्राम उच्छोला में मात्र एक पशु की मृत्यु हुई है, जिसका पोस्टमार्टम सार्टिफिकेट निर्गत किया गया, जिससे प्रभावित को राहत राशि उपलब्ध हो सके। यहा पशुओं के लापता होने की सूचना नहीं है। पशुपालन विभाग की टीम ने तेजी के साथ ग्राम उच्छोला का भ्रमण करते हुए प्रभावित क्षेत्र में पूर्ण सर्वे किया।

## एक नजर .......

### चोरों ने हजारों की नकदी और लाखों के जेवर पर किया हाथ साफ

सेलाकुई। थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरों ने बंद घर खंगालने के साथ हजारों की नगदी और लाखों के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में पीड़ित सुंदर सिंह ने बताया कि वह अपने परिवार समेत शनिवार की दोपहर अपने रिश्तेदार के घर हिमाचल प्रदेश गए थे। रविवार सुबह पांच बजे उनके पड़ोसी ने फोन पर सूचना दी कि आपके घर में चोरी हो गई है। सूचना मिलने पर घर पहुंचे तो घर में सारा सामान बिखरा हुआ मिला। अलमारी में ही रखे तीन डिब्बों में रखे सोने, चांदी के आभूषण गायब थे। घर के खिड़की की जाली कटी हुई और कांच टूटा हुआ मिला। बताया कि पिछले साल ही लड़की की सगाई हुई थी जिसमें गहने मिले थे। जिनमें सोने के बाली, चांदी के पाजेब, तीन अंगूठियां चोरी हो गई। बताया कि एक साल पहले उनके घर में रखी बाइक भी चोरी हो गई थी जिसकी रिपोर्ट भी पुलिस को दी थी, लेकिन आज तक ना तो पुलिस दोबारा जांच करने आई ना ही मोटरसाइकिल मिली। उधर, दरोगा थानाध्यक्ष पीडी भट्ट ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही चोरों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

### अक्षांश फाउंडेशन उत्तराखंड की कार्यकारिणी का गठन'

**सेलाकुई।** एक फार्महाउस सेलाकुई में आयोजित अक्षांश फाउंडेशन उत्तराखंड की बैठक में फाउंडेशन की कार्यकारिणी में बदलाव किया गया व नये पदाधिकारी चुने गए, फाउंडेशन के निदेशक रियासत खान रियाज ने नए पदाधिकारीयों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। नगर पंचायत अध्यक्ष सेलाकुई सुमित चौधरी को फाउंडेशन का संरक्षक नियुक्त किया गया, अन्य पदों पर दीपक सिंह रावत उपाध्यक्ष, आदिल मलिक महासचि. चव, अंबिका प्रसाद पैन्युली सचिव, अमरजीत चौहान कोषाध्यक्ष, जन्नत परवीन कानूनी सलाहकार, शाकिर जिला प्रभारी देहरादून, आसिफ ब्लॉक प्रभारी सहसपुर, फिरोज खान ब्लाक महासचिव सहसपुर, आर्यन ब्लॉक उपप्रभारी सहसपुर, सत्यम कुमार ब्लॉक सचिव सहसपुर बनाये गए।

### अल्टस स्कूल में शिक्षण गुणवत्ता के विकास पर कार्यशाला का आयोजन

**विकासनगर।** सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स पछवादून विकासनगर के संरक्षण में द अल्टस इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षण गुणवत्ता के विकास हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। द अल्टस इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स पछवादून विकासनगर के संरक्षण में मधुबन पब्लिकेशन द्वारा एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया । जिसका विषय था 'डवलपिंग हॉटस विद बलूम'। इस वर्कशॉप की रिसोर्स पर्सन मृदुल जैन ने अपनी सहायक टीम के साथ शिक्षक संबंधी समस्याओं का निवारण हेतु तथा नई तकनीकी द्वारा अध्यापन कार्य को संपन्न करने के लिए स्किल डेवलपमेंट पर वर्कशॉप दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहोदय पछवादून के सचिव बी.एस राणा, प्रधानाचार्या अनु गुप्ता, मृदुल जैन, सीनियर अधिकारी मधुबन पब्लिकेशन के सुधीर पाल, अमित सिंह, पूर्वा रावत ने दीप प्रज्ज्वलित कर वर्कशॉप का शुभारंभ किया। इस वर्कशॉप में सहोदय ग्रुप के 23 स्कूल के लगभग 85 से अधिक शिक्षक, शिक्षिकाओं ने शिक्षण स्किल डेवलपमेंट प्रशिक्षण प्राप्त कर वर्कशाप का लाभ उठाया। इस दौरान सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए।

### जौनसार की आकांक्षा ने शूटिंग चौंपियनशिप में फिर रचा इतिहास

**चकराता।** जौनसार बावर की बेटी आकांक्षा रावत ने 23वीं उत्तराखंड शूटिंग चौंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश और क्षेत्र का मान बढ़ाया है। यह दूसरा अवसर है जब उन्होंने इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पर कब्जा किया है।आकांक्षा मूल रूप से चकराता क्षेत्र के ग्राम बुरास्वा, खत बणगांव की निवासी हैं। वह पूर्व ग्राम प्रधान सुशीला रावत और आईआरएस अधिकारी अजब सिंह रावत की पुत्री हैं। वर्तमान में उनकी ससुराल ग्राम सुनालडी, तहसील बड़कोट, जिला उत्तरकाशी में है। उनकी इस उपलब्धि से मायके और ससुराल दोनों परिवारों में हर्ष का माहौल है। पति अरविंद राणा, परिजन और ग्रामीणों ने आकांक्षा को गर्व का प्रतीक बताते हुए हार्दिक बधाई दी।ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने उनकी इस सफलता को क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणादायी बताया। उनका कहना है कि आकांक्षा का संघर्ष और समर्पण युवाओं, विशेषकर बेटियों, के लिए मार्गदर्शन का कार्य करेगा।

# आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** बसुकेदार क्षेत्र में बादल फटने से तालजामण गांव सहित अन्य गांवों को भारी नुकसान पहुंचा है, जबकि छेनागाड़ बाजार के तबाह होने से नौ लोग अभी भी लापता चल रहे हैं। लापता लोगों में नेपाली मूल के चार लोगा शामिल हैं, जिनकी ढूंढखोज को लेकर एसडीआरएफ की टीमें जुटी हुई हैं। भूस्खलन से प्रभावित गांवों में जिला प्रशासन की ओर से राहत एवं बचाव कार्य युद्ध स्तर पर संचालित किए जा रहे हैं।

प्राथमिक विद्यालय तालजामण में बनाए गए राहत शिविर में प्रभावित परिवारों के लिए भोजन एवं पेयजल की व्यवस्था सुचारू रूप से संचा. लित हो रही है। गांव में विद्युत आपूर्ति भी बहाल कर दी गई है।



प्रभावित परिवारों की प्रत्येक समस्या का समाधान संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर प्राथमिकता से किया जा रहा है। मृत पशुओं का गड्ढा खुदान कर वैज्ञानिक तरीके से दफन किया जा रहा है, ताकि संक्रमण की संभावना को रोका जा सके। राहत शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार शिविर लगाया गया है। चिकित्सक दल की

**■ प्राथमिक विद्यालय तालजामण में रह रहे आपदा प्रभावित, प्रशासन कर रहा खाने पीने की व्यवस्था, पशुपालन विभाग मवेशियों की बचा रहा जान, प्रभावित इलाकों में पहुंचा रहे चारापत्ति और दवाईयां,**

ओर से प्रभावित ग्रामीणों की जांच कर आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।

विकासखण्ड जखोली के ग्राम पंचायत स्यूर बांगर के प्रभावित क्षेत्र में चारे का वितरण किया गया है। विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बहाल हो चुकी है। पेयजल आपूर्ति भी अस्थायी पाइपलाइन के माध्यम से बहाल कर दी गई है। जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने बताया कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में बिजली, पानी की व्यवस्था तेजी के साथ बनाई जा रही है, जिससे ग्रामीणों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रभावित गांवों में मवेशियों का भी विशेष ख्याल पशुपालन विभाग रख रहा है। विभाग की ओर से चारापत्ति वितरण के साथ स्वास्थ्य चौकअप किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कई मवेशियों की जान को विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बचा चुके हैं। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और किसी भी आवश्यक सहायता में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

## डा. सैनी को दी गई भावभीनी विदाई

**विकासनगर।** श्री गुरु राम राय इंटर कॉलेज सहसपुर के प्रधानाचार्य डॉ. रविंद्र सैनी को शनिवार को सेवा. निवृत होने पर भावभीनी विदाई दी गई। विद्यालय में आयोजित विदाई कार्यक्रम में महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व लोकसभा एवं राज्यसभा सांसद भगत सिंह कोश्यारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कोश्यारी जी ने प्रधानाचार्य डॉक्टर रविंद्र सैनी को स्वयं विदाई अभिनंदन पत्र भेंट कर भाववीनी विदाई दी। पूर्व मुख्यमंत्री कोश्यारी ने डॉ. रविंद्र सैनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने बड़ी ईमानदारी से अपने पद पर रहते हुए कार्य किया और शिक्षा के क्षेत्र में प्रशंसनीय और उल्लेखनीय योगदान दिया।

## माता कोला देवी मंदिर में भंडारे का आयोजन, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** बहादुरगढ़ पृथ्वीपुर स्थित माता कोला देवी मंदिर में आज भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही और वातावरण भक्तिमय रहा।

कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष वन पंचायत सलाहकार परिषद उत्तराखंड कुलदीप कुमार, नगरपा. लिका हरबर्टपुर की अध्यक्ष नीरु देवी और क्षेत्र के युवा समाजसेवी मोहित शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने भक्तों के साथ प्रसाद वितरण में सहयोग किया और मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं से मिलकर उनकी कुशलक्षेम जानी।

समाजसेवी मोहित शर्मा, जो हमेशा जनहित की समस्याओं के समाधान के लिए आगे रहते हैं, ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में एकजुटता और सद्भाव का संदेश जाता है। उन्होंने माता कोला देवी के आशीर्वाद को क्षेत्र की उन्नति और खुशहाली के लिए महत्वपूर्ण बताया। भंडारे में आए श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से प्रसाद ग्रहण किया और मंदिर प्रांगण में पूरे दिन धार्मिक माहौल बना रहा।

## विपक्ष की टिप्पणी का केदारनाथ विधायक ने दिया करारा जवाब

**रुद्रप्रयाग।** आपदाग्रस्त क्षेत्र की हालत देखकर निकले अश्रुओं पर विपक्ष की टिप्पणी का केदारनाथ विधायक ने करारा जवाब दिया है। उन्होंने मां के आंसुओं पर सवाल करने वालों को मुंहतोड़ जवाब देकर कहा कि बसुकेदार का क्षेत्र उनके लिए बच्चे के समान है और इस घटना में हमने अपनों को खोया है। अपनों को खोने का गम उन्हें है। आपदाग्रस्त इलाकों में प्रभावितों की पीड़ा देखकर उनके भी अश्रु निकल पड़े और विपक्ष को यह मुद्दा मिल गया। उन्होंने कहा कि विपक्ष को स्वच्छ और साफ राजनीति करनी चाहिए।

# पछवादून में बारिश आफत बनकर बरसी

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** पछुवादून, जौनसार बावर में रविवार रात सुबह 11 बजे बाद शुरू हुई मूसलाधार बारिश आफत बनकर बरसी। विकासनगर, सेलाकुई में गलियों से बाजार तक जलभराव हो गया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में हर जगह पर पानी जमा हो गया। बारिश के कारण सेलाकुई में एनएच पर जल भराव होने से यातायात प्रभावित हुआ।

सेलाकुई के मिलन चौक, जमनपुर रोड, सिडकुल गेट के सामने, एसबीआई के सामने, शिव मंदिर के सामने एनएच तालाब बना नजर आया। जबकि विकासनगर में सिनेमा गली, मुस्लिम बस्ती, मदीना बस्ती, पंजाबी कॉलोनी में जलभराव से लोगों को परेशानी से जूझना पड़ा। रविवार सुबह हुई बारिश से सेलाकुई में सिडकुल गेट के सामने पानी भर गया। मुख्य बाजार में एनएच किनारे नाले की सफाई नहीं होने के कारण बारिश के बाद एनएच पर कीचड़ फैल गया। जबकि स्टेट बैंक के सामने और ट्रक यूनियन के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग तालाब बना नजर आया। एनएच पर जल भराव होने से दिन भर यातायात प्रभावित रहा। विक. ासनगर मंडी परिसर में भी बारिश के बाद कीचड़ फैल गया, जिससे लोगों को आवाजाही में दिक्कत हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार स्मार्ट सिटी बनाने के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन बारिश के दौरान शहर की खराब जल निकासी व्यवस्था इन दावों की पोल खोल देती है।जलभराव के कारण नई बनी सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं और राष्ट्रीय राजमार्गों पर भी तालाब जैसी स्थिति बन गई है, जिससे यातायात बाधित हो रहा है। बारिश के कारण सुबह खरीदारी के लिए बाजार आए लोगों को भी परेशानियों से जूझना पड़ा। मूसलाधार बारिश से बचने के लिए लोग इधर उधर भटकते रहे। जल भराव होने के कारण लोगों को अपने घरों तक जाने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# आपदाग्रस्त जखोली के बकसिर गांव आने-जाने के टूटे हैं संपर्क मार्ग

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** बसुकेदार क्षेत्र में हुई अतिवृष्टि के बाद से पूरे जिले में आपदा जैसी स्थिति बनी हुई है। इसके बावजूद भी जिले के सभी विभाग अपने-अपने कार्यों को तेजी से अंजाम दे रहे हैं। तालजामण क्षेत्र में बिजली और पानी की आपूर्ति बहाल कर दी गई है, वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीमें भी आपदा प्रभावित क्षेत्रों में सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं और प्रभावित लोगों की हर संभव मदद कर रही हैं।

इसी क्रम में जखोली ब्लॉक के बकसिर गांव में मेडिकल टीम ने एक 21 वर्षीय महिला की सुरक्षित डिलीवरी उसके घर पर ही करवाई।



महिला ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया है। बड़ी बात ये की मेडिकल टीम संपर्क मार्ग टूटे होने के बाद बड़ी ही विकट परिस्थितियों में महिला के घर पहुँची और महिला की सुरक्षित डिलीवरी करवाई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार देर रात सूचना मिली कि सक्षमा देवी (उम्र 21 वर्ष) पत्नी पंकज चंद को अत्यधिक प्रसव पीड़ा हो रही है। सूचना मिलते ही प्रभारी चिकित्सा अधिकारी जखोली डॉ खुशपाल सिंह के निर्देशन में एक मेडिकल टीम गठित कर महिला के घर भेजी गई। टीम में डॉ अयोध्या फार्मासिस्ट प्रदीप साह और सीएचओ मोहित शामिल थे। टीम देर रात गांव पहुंची और स्थानीय दाई की सहायता से महिला का सुरक्षित प्रसव करवाया। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ खुशपाल सिंह भी लगातार टीम के संपर्क में रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम प्रकाश ने बताया कि जच्चा और बच्चा दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। महिला के परिजनों के संपर्क में भी स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार बनी हुई है, ताकि किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

वहीं, जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने आपदा के इस दौर में सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने के सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है, जिनकी निगरानी के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को नोडल बनाकर जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

# चकराता के खाटुवा गांव के राहुल राणा बने अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** तहसील चकराता के दुर्गम खाटुवा गांव के युवा वैज्ञानिक राहुल राणा ने शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई है। साधारण ग्रामीण परिवेश से निकल. कर उन्होंने वह मुकाम हासिल किया है, जो आज क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बन गया है।

राहुल के पिता सैजराम राणा और माता मुन्नी देवी ने कठिन परिस्थितियों में भी बेटे के शिक्षा के सपनों को पंख दिए। जिस दौर में गांव में सड़क, बिजली और मोबाइल नेटवर्क जैसी बुनियादी सुविधाएं तक नहीं थीं, राहुल ने प्राथमिक शिक्षा गांव के स्कूल से और आगे की पढ़ाई महर्षि अरविंद घोष इंटर कॉलेज, डाकपत्थर से पूरी की।

2018 में उन्होंने भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान मोहाली से भौतिकी विषय में 5 वर्षीय बीएस-एमएस डिग्री पूरी की। इसके बाद उन्होंने इसरो, भारतीय ताराभौतिकी संस्थान और रामन अनुसंधान संस्थान, बेंगलुरु में शोध प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा स्वर्ण पदक से सम्मानित हुए। वर्ष 2021 से 2025 तक राहुल ने इंग्लैंड के लैंकेस्टर विश्वविद्यालय से डॉ. जूली वार्डलो के निर्देशन में आकाशगंगाओं के निर्माण और विकास पर पीएचडी की। अब राहुल का चयन स्वीडन के चाल्मर्स यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी, गोथेनबर्ग में प्रोफेसर कर्स्टन नूडसन के साथ पोस्टडॉक्टोरल रिसर्चर के पद पर हुआ है। वे जौनसारी भाषा और संस्कृति को अपनी पहचान मानते हैं और अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों, परिवार और मामा पक्ष को देते हैं। दुर्गम पहाड़ से निकले राहुल राणा की यह उपलब्धि न सिर्फ क्षेत्र, बल्कि पूरे उत्तराखंड के लिए गर्व की बात है।

# नैनीताल अग्निकांड: ओल्ड लंदन हाउस की राख में दबे सपने, कई परिवारों का सहारा छिना

**अफजल हुसैन फौजी**

**नैनीताल।** उत्तराखंड के नैनीताल शहर के मल्लीताल स्थित मोहन को चौराहे पर बीते दिन लगी भीषण आग ने कई परिवारों का सहारा छीन लिया. ओल्ड लंदन हाउस नामक बहुमंजिला इमारत में अचानक भड़की आग ने देखते ही देखते वहां मौजूद दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया. हादसे में कई लोगों का जीवन भर का संजोया रोजगार जलकर राख हो गया। इन्हीं में से एक हैं गायत्री ब्यूटीपार्लर की स्वामी गायत्री खाती, जिनकी कहानी इस त्रासदी की सबसे बड़ी मार को सामने लाती है।

गायत्री खाती पिछले 17-18 वर्षों से ब्यूटीपार्लर चला रही थीं। यही उनकी आजीविका का प्रमुख साधन था और इसी के सहारे वे न केवल अपने परिवार का भरण-पोषण करती थीं, बल्कि दो से तीन अन्य महिलाओं को भी रोजगार दे रही थीं. लेकिन इस भीषण अग्निकांड में उनका सबकुछ पलभर में राख हो गया. गायत्री बताती हैं कि आग की चपेट में उनका करीब 14 से 15 लाख रुपये का सामान जल गया, साथ ही दुकान में रखी 80 से 90 हजार रुपये की नकद धनराशि भी स्वाहा हो गई। नरेंद्र सिंह करायत बताते है की आवास में ही दुकान थी और उनकी सारी संपत्ति इसी जगह पर थी, पानी और राख की वजह से उनका काफी नुकसान हुआ है. और सरकार से मदद की राह देख रहें है। मो. इमरान ने बताया कि उनकी कपड़ों की दुकान में आग लगने से भारी नुकसान हुआ है. आग को बुझाने के लिए पानी का इस्तेमाल किया गया, लेकिन उसकी वजह से दुकान में रखा सारा सामान भी खराब हो गया. उन्होंने बताया कि इस हादसे में करीब तीन से साढ़े तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है। गोविन्द कनौजिया ने बताया कि अग्निकांड से उनकी दुकान को भारी नुकसान पहुंचा है. आग और पानी से बेड, गद्दे, अलमारी समेत अन्य सामान पूरी तरह खराब हो गया. उन्होंने अनुमान लगाया कि इस हादसे में करीब सात से आठ लाख रुपये का नुकसान हुआ है. इसके अलावा पास की अन्य दुक. नों को भी काफी नुकसान पहुंचा है।

## अब कैसे होगा काम ?

गायत्री की पीड़ा यहीं खत्म नहीं होती. उनका कहना है कि अगले महीने से शादी का सीजन शुरू हो रहा है, जिसके लिए उन्होंने कई ग्राहकों से एडवांस बुकिंग ली थी, लेकिन अब जब उनका पार्लर और सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गया है, ऐसे में उनके सामने यह सबसे बड़ा सवाल है कि वह अपने ग्राहकों को सेवा कैसे देंगी. उनकी इस परेशानी से न केवल उनका परिवार, बल्कि उनसे जुड़ी अन्य महिलाएं भी बेरोजगारी के अंधेरे में धकेल दी गई हैं।

## प्रशासन से मदद की गुहार

गायत्री ने सरकार और प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है. उन्होंने बताया कि सांसद अजय भट्ट से भी इस मामले में बात हुई है और उन्हें मदद काआश्वासन मिला है. लेकिन अब तक उनके लिए कोई नई जगह आवंटित नहीं की गई है. उनका कहना है कि जब तक उन्हें दुकान खोलने के लिए छत नहीं मिलेगी, तब तक वे अपना काम फिर से शुरू नहीं कर पाएंगी. इस अग्निकांड ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आपदा के समय छोटे व्यवसायियों और आम नागरिकों की सुरक्षा और पुनर्वास के लिए क्या ठोस कदम उठाए जा रहे हैं. गायत्री खाती जैसी कई महिलाएं इस त्रासदी से पूरी तरह प्रभावित हुई हैं और अब सरकार की ओर देख रही हैं कि उन्हें फिर से अपने पैरों पर खड़े होने का अवसर मिले।

# खटीमा गोलीकांड के शहीदों को मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

## उत्तराखंड राज्य आंदोलन के दौरान १ सितंबर को हुई थी घटना

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा गोलीकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य निर्माण में अपने प्राणों की आहुति देने वाले राज्य आंदोलनकारियों के बलिदान को प्रदेश हमेशा याद रखेगा। राज्य सरकार शहीद आंदोलनकारियों के सपनों के अनुरूप राज्य के समग्र विकास के लिए संकल्पबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विकास को और अधिक गति प्रदान करने के लिए रोजगार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं और अन्य क्षेत्रों के विकास में प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य निर्माण में अपने प्राणों की आहुति देने वाले राज्य आन्दोलनकारियों के बलिदान को प्रदेश हमेशा याद रखेगा।

# देहरादून देश के 10 सबसे असुरक्षित शहरों में शामिल

## राष्ट्रीय महिला आयोग की नारी 2025 रिपोर्ट ने खोली पोल: माहरा

**देहरादून।** राष्ट्रीय महिला आयोग की नारी-2025 रिपोर्ट ने उत्तराखंड सरकार की असलियत को पूरी तरह सामने ला दिया है। इस रिपोर्ट में देहरादून को देश के 10 सबसे असुरक्षित शहरों में गिना गया है। यह केवल आंकड़ा नहीं है, बल्कि हमारी बेटियों की टूटी हुई उम्मीदें, उनका डर और उनकी चीख है। यह कहना है उत्तराखण्ड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा का।

सवाल ये है कि जब राजधानी देहरादून ही महिलाओं के लिए सुरक्षित नहीं है, तो बाकी पहाड़ और मैदान में रहने वाली बेटियों का क्या होगा? भाजपा सरकार ने महिला सुरक्षा को सिर्फ चुनावी जुमला बना दिया। भाजपा सरकार की नाकामी साफ है। महिलाओं के खिलाफ अपराध रोजाना बढ़ रहे हैं। छेड़छाड़, उत्पीड़न, दुष्कर्म और घरेलू हिंसा की घटनाओं पर पुलिस व प्रशासन पूरी तरह विफल हैं। बेटी बचाओ का नारा देने वाली भाजपा खुद बेटियों के अपमान की सबसे बड़ी दोषी बन चुकी है। उन्होने कहा कि भाजपा

### भाजपा सरकार की खोखली नीतियों का पर्दाफाश



नेताओं का काला चेहरा जनता के सामने आ चुका है। भाजपा आज नैतिकता की बात करती है, लेकिन हकीकत यह है कि भाजपा नेताओं और पदाधिकारियों का दामन दागदार है। सल्ट, लालकुआं, चंपावत और संतरेसा में भाजपा के पदाधिकारियों के नाम बलात्कार जैसे घिनौने अपराधों में सामने आए और इन पर बलात्कार के मुकदमें दर्ज हैं। और आज भी इनमें से भाजपा के कई पदाधिकारी जमानत पर बाहर हैं। हरिद्वार में भाजपा की ही महिला पदाधिकारी अपनी बेटी का शोषण करवाती रही। अंकिता भंडारी हत्याकांड में भाजपा के पूर्व राज्यमंत्री का बेटा शामिल था, लेकिन वीआईपी का नाम आज तक उजागर नहीं किया गया। आज उत्तराखंड की हर मां पूछ रही है कि मेरी बेटी की सुरक्षा किसके भरोसे है ? जब सत्ता के संरक्षक ही अपराधी बन जाएँ तो इंसाफ कौन देगा? क्यों भाजपा अपराधियों को बचाने में जुटी है? आज हर बेटी की आंखों में आंसू हैं और हर मां का दिल सवाल कर रहा है कि क्या भाजपा के राज में बहन-बेटियों को जीने का भी हक नहीं है?

# साइबर ठगों के निशाने पर सरकारी तंत्र

## आर्मी कैप्टन बन बुकिंग के नाम पर रोडवेज बस परिचालक से 22 हजार रुपये की ठगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** साइबर ठगों ने अब सरकारी तंत्र को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। ताजा मामला हल्द्वानी रोडवेज डिपो का है, जहां एक बस बुकिंग के बहाने खुद को सेना का अधिकारी बताकर साइबर अपराधियों ने परिचालक से 22,000 की ठगी कर ली। यही नहीं, ठगों ने स्टेशन अधीक्षक से भी रकम ऐंठने की को. शिश की, लेकिन वह सतर्कता से बच निकले। जानकारी के अनुसार बीते शनिवार शाम रोडवेज स्टेशन अधीक्षक विद्या जोशी को एक कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को हल्द्वानी आर्मी कैंट का कर्नल जोरा सिंह बताया और कहा कि उन्हें देहरादून जाने के लिए 45 जवानों के लिए रोडवेज बस की बुकिंग करनी है। इस पर स्टेशन अधीक्षक ने 53,500 का किराया बताया और ठग को बस के परिचालक विश्वास सिंह




और चालक का नंबर दे दिया। इसके बाद ठगों ने परिचालक विश्वास को विश्वास में लिया और उससे संपर्क करते हुए बताया कि रविवार सुबह साढ़े 6 बजे बस को आर्मी कैंट पहुं. चना है। स्टेशन अधीक्षक से बात हो चुकी। आज रविवार की सुबह जब परिचालक विश्वास ने उन्हें कॉल किया तो उन्होंने बस को तिकोनिया पर रोकने को कहा और दावा किया कि सभी जवान वहीं आ रहे हैं। ठगों ने परिच. ालक को भरोसे में लेकर पहले टिकट मशीन का बारकोड मंगवाया, फिर बहाने बनाकर उसका व्यक्तिगत नेट बैंकिंग बारकोड मंगवा लिया। ठग ने झांसा दिया कि सेना में पेमेंट सीधे टिकट मशीन पर नहीं किया जाता, इसलिए पर्सनल बारकोड दें। इसके बाद ठग ने परिचालक से कहा, तुम 1 भेजो, मैं दोगुने पैसे भेजूंगा। इस फॉर्मेट पर पहले 1 भेजे गए, फिर ठग ने 2 वापस कर दिए। यानी फर्जी लेन-देन से विश्वास जमाया। फिर परिचालक ने कहा कि खाते में सिर्फ 22,000 ही हैं, तो ठग ने पूरे 22,000 अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए। परिचालक से ठगी के बाद स्टेशन अधीक्षक विद्या जोशी को दोबारा कॉल किया और बाकी बची रकम की मांग करने लगे। लेकिन इस बार अधीक्षक ने सूझबूझ दिखाते हुए कोई भी लेन-देन नहीं किया और मामले की सूचना तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को दी। स्टेशन अधीक्षक विद्या जोशी ने बताया कि परिचालक से ठगने के बाद साइबर ठगों ने मुझे कॉल की ओर बचे हुए 31 हजार 500 रुपये के लिए फोन किया तो वह पूरा मामला समझ गईं। उन्होंने ठग को परिचालक के 22 हजार रुपये वापस देने के लिए कहा। ऐसे में साइबर ठग ने फोन काट दिया। इसके बाद परिचालक व स्टेशन अधीक्षक ने कोतवाली में साइबर ठग के खिलाफ तहरीर सौंप दी है।वहीं परिचालक की ओर से मुकदमा ने मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी।

> पहले भी कई बार उनके पास आर्मी या एनसीसी कैडेट्स के लिए बस बुक कराने के फोन आए। जिसपर वह लोगों को बस नंबर के साथ परिचालक व चालक का नंबर भेज देती हैं। लेकिन ऐसा पहली बार हुआ कि परिचालक ठगा गया। बताया कि एक ओर ने बस बुक कराने के लिए फोन किया। लेकिन उसे रविवार की दोपहर बस स्टेशन ही बुलाया गया है।
> **विद्या जोशी, हल्द्वानी बस स्टेशन अधीक्षक**

# 10वीं की छात्रा का अपहरण आरोपी पर एफआईआर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में शोहदों के हौसले इस कदर बढ़ गए हैं कि अब वे दिनदहाड़े स्कूली छात्राओं के अपहरण जैसे दुस्साहसिक अपराध करने से भी नहीं चूक रहे। शनिवार को 10वीं की एक छात्रा का स्कूटी सवार युवक ने अपने साथी की मदद से छात्रा को अगुवा करने की काशिश की गई। गनीमत रही कि समय रहते परिजनों को सूचना मिल गई, और आरोपी की मंशा नाकाम हो गई। कोतवाली क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर सोंपते हुए बताया कि 30 अगस्त उनकी 15 वर्षीय बेटी, जो शहर के प्रतिष्ठित स्कूल में कक्षा 10 की छात्रा है, रोजाना आवास विकास क्षेत्र में ट्यूशन पढ़ने जाती है। उसी दिन जब वह ट्यूशन के लिए घर से निकली, तो सोहेल नामक युवक ने स्कूटी से रास्ता रोका और अपने साथी की मदद से छात्रा को जबरन स्कूटी पर बैठाकर उसका अपहरण कर लिया। छात्रा के परिजनों को घटना की भनक लगते ही उन्होंने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर पीछा करना शुरू किया। आरोपी परिजनों को पीछे आता देख घबरा गया और आवास विकास क्षेत्र में छात्रा को बीच रास्ते में छोड़कर फरार होने की कोशिश की। लेकिन छात्रा के पिता ने दृढ़ साहस का परिचय देते हुए आरोपी को होटल के-11 के पास से पकड़ लिया और उसे भोटियापड़ाव पुलिस चौकी ले जाकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इसके बाद परिजनों ने कोतवाली में आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर दी। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी सोहेल के खिलाफ अपहरण, जान से मारने की धमकी, छेड़छाड़ समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है और आरोपी की भूमिका की गहन जांच की जा रही है।

# बस चालक ने कार में मारी टक्कर, पुलिस से गुहार लगाता रहा पीड़ित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पुलिस की उपेक्षा से क्षुब्ध सड़क हादसे के एक पीड़ित ने जब थाने, कंट्रोल रूम और उच्चाधिकारियों के चक्कर काटने के बाद भी न्याय नहीं पाया, तो अदालत की शरण ली। अब न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार आनंद विहार कॉलोनी निवासी आशीष त्रिपाठी ने न्यायालय में दाखिल प्रार्थना पत्र में बताया कि 11 नवंबर 2023 की रात वह अपनी कार से अपने मामा को छोड़ने कठघरिया जा रहे थे। रास्ते में ब्लॉक ऑफिस के पास भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में रामनगर डिपो की एक रोडवेज बस ने तेज गति और लापरवाही से कार में टक्कर मार दी। हादसे के बाद बस चालक और परिचालक मौके से भाग गए थे। आशीष ने आगे कहा बस का पीछा किया और उसे कुसुमखेड़ा चौराहे पर रोक लिया, जहां मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी मूकदर्शक बने रहे। उन्होंने 112 नंबर पर कॉल किया, पर कोई मदद नहीं मिली। यही नहीं पुलिस ने न तो घटना स्थल का निरीक्षण किया, न ही सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित किया। पीड़ित ने अगले दिन यानी 12 नवंबर को मुखानी थाने में तहरीर दी, और फिर 15 नवंबर को एसएसपी नैनीताल को ईमेल कर शिकायत भेजी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद उसने मजबूरन होकर द्वितीय न्यायिक मजिस्ट्रेट हल्द्वानी की अदालत में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 175(3) के तहत प्रार्थना पत्र दाखिल किया। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।''

# शहर में श्री गणेश महोत्सव की धूम, जागरण मंडली के भजनों पर झूमे लोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में गणेश महोत्सव को लेकर धूम मची हुई है। जगह-जगह श्री गणेश भगवान की पूजा-अर्चना के साथ रंगारंग धार्मिक कार्यक्रम और प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। रविवार को देवभूमि सामाजिक मंच द्वारा आयोजित श्री गणेश महोत्सव का पांचवां दिन श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण रहा। प्रात: कालीन पूजा का आयोजन पुरोहित हरि कृष्ण जोशी द्वारा विधिवत संपन्न कराया गया। इस अवसर पर यजमान के रूप में सह-संस्थापक राजकुमार केसरवानी, महामंत्री अजय कृष्ण गोयल, मुख्य कार्यक्रम संयोजक गणेश प्रसाद साहू, कोषाध्यक्ष राजकुमार आनंद एवं संगठन मंत्री पंकज अग्रवाल मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के



रूप में मेयर गजराज सिंह बिष्ट, हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश और दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रेनू अधिकारी मौजूद रहे। देर शाम के सांस्कृतिक कार्यक्रम में रुद्रपुर से आए प्रसिद्ध गायक आलोक श्रीवास्तव और उनकी जागरण पार्टी ने भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति से पंडाल को झूमने पर मजबूर कर दिया। उनके सजीव भजनों ने पूरे वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। साथ ही बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भी दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विशिष्ट रूप से संरक्षक पवन गुप्ता, डब्बू राम गुप्ता, वेद प्रकाश अग्रवाल, सुन्दर लाल मौर्य, अध्यक्ष मिंटू गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष विजय गुप्ता, उपाध्यक्ष मंगल सिंह जीना, गोकुलचंद केसरवानी, मुख्य कार्यक्रम संयोजक हिमांशु वार्ष्णेय व किशोर वार्ष्णेय, मंत्री चंद्रप्रकाश केसरवानी एवं सोनू जीना सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। **वहीं** दूसरी ओर प्राचीन श्री शिव सेवा समिति के श्री गणेश महोत्सव को लेकर रविवार को गणेश विसर्जन के साथ प्राचीन श्री शिव सेवा समिति के श्री गणेश महोत्सव का का समापन हो गया। पूजा अर्चना के बाद श्री गणेश भगवान की मूर्ति विसर्जन के लिए निकाली गई शोभा यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए रानीबाग चित्रशिला घाट पहुंची, जहां पर भक्तों ने गणपति बप्पा मोरया.. के जयकारों के साथ गणेश जी की मूर्ति का विसर्जन किया। इस मौके पर हरिमो. हन अरोड़ा, विपिन साहू, लाला जायसवाल, प्रदीप कक्कड़, हेमन्त साहू, रूपेन्द्र नागर, पदम पाल, शिव कपूर, अमित अश्विनी, दिनेश अग्रवाल, अशोक सिंधी, राजू जायसवाल, पूरन सागर, अनिल अग्रवाल, दीपांशु शर्मा, धर्मेन्द्र साहू, रामरूप गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## कलशयात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हिमालय स्वराज सेवा ट्रस्ट द्वारा संकल्पित 11 कथा आयोजनों की श्रृंखला में आठवीं श्रीमद्भागवत कथा यात्रा का शुभारंभ रविवार को हर श्याम बिहार, छोटी मुखानी में विधिवत रूप से गणेश पूजन एवं कलश यात्रा के साथ हुआ। कथा आयोजन का शुभारंभ उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध कथा वाचक विवेकानंद जोशी के संगीतमय प्रवचनों के साथ हुआ, जिन्होंने श्रीमद्भागवत महापुराण का महत्व श्रद्धालुओं को भावपूर्ण शैली में समझाया। प्रारंभ में कलश यात्रा के बाद सर्वदेव



पूजन संपन्न हुआ, जिसे विद्वान ब्राह्मण संतोष जोशी और कमल जोशी द्वारा विधिपूर्वक सम्पन्न कराया गया। इस मौके पर दीप्ति भट्ट, बीना भट्ट, गीता भट्ट, मीना तिवाड़ी, कमला भट्ट, कमला मेहता, चाँदनी भट्ट, हेमा तिवाड़ी, मीना वर्मा, निधि अग्रवाल, हेमलता वर्मा, पाखी तिवाड़ी के अलावा हिमालय स्वराज सेवा ट्रस्ट की ओर से निर्मला रूवाली, ममता रूवाली, हेम पंत, प्रकाश जोशी, हर्षवर्धन पांडे, तन्मय गुणवत, पार्षद प्रतिनिधि उमेश बिनवाल, दीपक तिवाड़ी मौजूद रहे।

# प्रताप चौहान बने यूकेडी के जिलाध्यक्ष

## हल्द्वानी में जिला सम्मेलन संपन्न, संगठन की मज़बूती पर दिया ज़ोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) का नैनीताल जिला सम्मेलन रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से प्रताप सिंह चौहान को पार्टी का जिलाध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर



चुनाव परीक्षक दिनेश चंद्र भट्ट, जिला प्रभारी इन्द्र सिंह मनराल और सम्मेलन संयोजक राकेश चौहान, वरिष्ठ नेता भुवन जोशी और केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला सम्मेलन में ओखलकांडा, धारी, लालकुआं, रामनगर, बेतालघाट, कोटाबाग और चोरगलिया समेत जिले के विभिन्न क्षेत्रों से कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। सम्मेलन के पहले सत्र में कार्यकर्ताओं ने अपनी बातें रखीं। दूसरे सत्र में जिलाध्यक्ष पद के लिए चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न की गई। चुनाव प्रभारी सुशील उनियाल ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए केवल एक ही नाम प्रस्तावित किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से प्रताप चौहान जिलाध्यक्ष घोषित किया गया। इस दौरान नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रताप चौहान ने कहा कि वे आगामी एक माह के भीतर पूरी जिला कार्यकारिणी की घोषणा करेंगे। कार्यक्रम का संच. ालन श्याम सिंह नेगी द्वारा किया गया। सम्मेलन में यूकेडी के संस्थापक सदस्य खड़क सिंह बगड़वाल, संसदीय बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष चंद्रशेखर कापड़ी, वरिष्ठ आंदोलनकारी मोहनी देवी रावत, केंद्रीय संगठन मंत्री भुवन बिष्ट, दल के पूर्व उपाध्यक्ष भुवन जोशी, नगर अध्यक्ष हरीश जोशी, यूकेडी के सलाहकार प्रमोद पांडे, नवीन ममगाई, लोकेश वर्मा, मोहन कांडपाल, काजल खत्री, कंचन जोशी, आदि मौजूद थे।

# केन्द्र सरकार के फैसले का स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** केंद्र सरकार ने देश के विभिन्न राज्यों में 22 महत्वपूर्ण स्थानों पर सीजीएचएस वेलनेस सेंटर स्वीकृत किए हैं, जिनमें उत्तराखंड के हल्द्वानी और नैनीताल भी शामिल हैं। इन वेलनेस सेंटर में चार मेडिकल ऑफिसर और 9 अन्य पदों के साथ कुल 13 पद भी स्वीकृत किए गए हैं। पूर्व केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल कार्मिक संगठन ने केंद्र सरकार के इस निर्णय का स्वागत किया है। संगठन के अध्यक्ष सेनि. डिप्टी कमांडेंट दरवान सिंह बोहरा ने बताया कि संगठन उत्तराखंड के 16 वर्षों के अथक प्रयासों के बाद यह स्वीकृति मिली है। हल्द्वानी और नैनीताल में वेलनेस सेंटर की स्वीकृति से क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेगी। उन्होंने केंद्र सरकार का आभार जताया।

# साइकिलिंग व तैराकी संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मां नन्दा-सुनंदा दिव्य ज्योति महोत्सव के उपलक्ष्य में खेलो इंडिया योजना के फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत रविवार को गौलापार स्थिति इंदिरा गांधी



अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम गोलापार में साइकिलिंग और तैराकी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत ओपन पुरुष/महिला वर्ग की 3 किमी साइकिलिंग प्रतियोगिता तथा वरिष्ठ नागरिकों की तैराकी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्रतिभागियों ने जोश व उत्साह से भाग लिया। साइकिलिंग प्रतियोगिता में इशांत अधिक. ारी, मयंक आर्य, भावेश मेहरा, हार्दिक बिष्ट, अपूर्व बिष्ट विजेता रहे। इसी तरह से तैराकी प्रतियोगिता पुरूष 50 प्लस वर्ग में राजेन्द्र सिंह मेहरा प्रथम, कमल तिवारी द्वितीय, कैलाश कन्याल तृतीय, किशन सिंह बोरा चतुर्थ स्थान पर रहे। जबकि 60 प्लस वर्ग पुरुष में सुरेश चंद पांडे प्रथम, योगेश चंद शर्मा द्वितीय, धनीराम आर्य तृतीय स्थान पर रहे। इसके अलावा महिला वर्ग 50 प्लस प्रतियोगिता में संतोषी गुरुरानी प्रथम स्थान पर रहीं। 60 प्लस प्रतियोगिता में दीपहर्ष नेगी विजेता रहे। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ एवं पुरस्कार वितरण जिला क्रीड़ा अधिकारी नैनीताल निर्मला पंत द्वारा किया गया। उन्होंने सभी विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उनके उत्साहवर्धन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर उपक्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, श्याम मन्नू भट्ट, त्रिलोक जीना, तनुजा आर्य, पूनम शिरोला, अंकुश रौतेला, गोविंद लटवाल, निलेश गुप्ता, मनीष वर्मा, संदीप गुप्ता, उमेश रावत तथा हल्द्वानी फुटबॉल छात्रावास के समस्त खिलाड़ी मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9**
**ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# लाखों की चरस के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत टीपीनगर पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने चैकिंग के दौरान पंचायत घर के पास से लाखों की चरस के साथ एक गिरफ्तार किया। चरस तस्करी में प्रयुक्त कार को पुलिस ने सीज करते हुए आरोपी तस्कर को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार अवैध नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एसओजी प्रभारी हरपाल सिंह को मुखबिर की सटीक सूचना मिली की एक युवक कार से चरस लेकर हल्द्वानी की तरफ आ रहा है। सटीक सूचना के आधार एसओजी प्रभारी हरपाल सिंह ने टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार के साथ पंचायत घर के पास चैकिंग शुरू कर दी। इस दौरान रूद्रपुर से हल्द्वानी की तरफ एक कार संख्या यूए04बी-1500 आती दिखाई दी। टीम ने कार को रोककर तलाशी ली तो उसमें से 944 ग्राम चरस बरामद हुई। जिसकी कीमत करीब 1.88.000 बताई जा रही है। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम रविन्द्र आर्य उर्फ रवि पुत्र प्रीतम निवासी प्रेमपुर लोश्ज्ञानी आनंदपुर मुखानी बताया। चरस तस्करी में प्रयुक्त कार को पुलिस ने सीज करते हुए आरोपी तस्कर को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया।

# बेतालघाट में गांजा तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बाइक से अवैध गांजा की तस्करी के आरोप में बेतालघाट पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 4 किलो 880 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुई। पुलिस ने गांजा तस्करी में प्रयुक्त बाइक को सीज कर दिया। जानकारी के अनुसार बीते शनिवार की रात्रि बेतालघाट थानाध्यक्ष विजय नेगी मय टीम के साथ बेतालघाट भुजान के पास वाहन चैकिंग कर रहे थे। तभी चैकिंग के दौरान एक बाइक संख्या यूके19बी-3583 आती दिखाई दी। टीम को देखकर बाइक सवार भागने लगा। पुलिस ने भुजान मार्ग पर रातौड़ा पुल से लगभग 100 मीटर पहले ही घेराबंदी करते हुए दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 4 किलो 880 ग्राम गांजा बरामद हुई। पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम दीपक उर्फ दीपक दिवाकर निवासी पंजाबी कॉलोनी गुल्लरघट्टी थाना रामनगर बताया। टीम ने गांजा तस्करी में प्रयुक्त बाइक को सीज करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। टीम में एसआई हरि राम, कांस्टेबल दीपक सिंह रावत, दीपक सिंह सामंत मौजूद रहे।

# सात्विक-चिराग ने जीता कांस्य पदक



● सात्विक और चिराग शेट्टी को चीन के चेन बोयांग और लियूयी ने 19-21, 21-18 व 12-21 से हराया

**पेरिस, वार्ता।** भारतीय बैडमिंटन जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल सेमीफाइनल में हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

शनिवार को एक घंटे सात मिनट तक चले मुकाबले में नौवीं वरीयता प्राप्त सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को चीन के चेन बोयांग और लियू यी ने 19-21, 21-18,12-21 से हराया। विश्व चैंपियनशिप में सात्विक-चिराग की जोड़ी का यह दूसरा कांस्य पदक है। इससे पहले सात्विक-चिराग ने टोक्यो में 2022 में हुई बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में भी कांस्य पदक जीता था। भारतीय जोड़ी ने मैच की अच्छी शुरुआत की और 4-0 की बढ़त बना ली। मिड-गेम ब्रेक तक 11-5 की बढ़त बनाए रखी। लेकिन इसके बाद चीनी जोड़ी ने वापसी की और 14-13 की बढ़त हासिल कर ली और इस बढ़त को बरकरार रखते हुए पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने 5-1 की बढ़त हासिल की, लेकिन चीनी जोड़ी ने इसे 11-9 कर दिया। लेकिन एक बार फिर सात्विक और चिराग ने अपनी पकड़ को मजबूत किया और 16-11 से बढ़त बना ली। इसके बाद चेन बोयांग और लियू यी ने वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर दिया, लेकिन 32 शॉट की रोमांचक रैली ने सात्विक-चिराग को गेम प्वाइंट दिलाया और मैच को निर्णायक तक पहुंचाया। निर्णायक मुकाबले में, चेन बोयांग और लियू यी ने वापसी करते हुए 9-0 की बड़ी बढ़त बना ली और भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

# युकी भांबरी अगले दौर में, बोपन्ना बाहर

● यूएस ओपन ●

● रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार मोनाको के रोमेन अर्नेडो पुरुष युगल के पहले दौर में हारकर टूर्नामेंट से बाहर



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के माइकल वीनस की जोड़ी ने अमेरिका के मार्कोस गिरोन और लर्नर टिएन को हराकर यूएस ओपन पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बना ली है।

वहीं अनुभवी रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार मोनाको के रोमेन अर्नेडो को पुरुष युगल के पहले दौर में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। शनिवार रात एक घंटे एक मिनट तक चले मुकाबले में भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के माइकल वीनस की 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने अमेरिका के मार्कोस गिरोन और लर्नर टिएन की जोड़ी को 6-0, 6-3 से हराकर पुरुष युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। भारतीय टेनिस खिलाड़ी भांबरी और माइकल वीनस सोमवार को दूसरे दौर में कोलंबिया के गोंजालो एस्कोबार और मेक्सिको के मिगुएल एंजेल रेयेस-वरेला से भिड़ेंगे। इसी बीच रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार मोनाको के रोमेन अर्नेडो को रॉबर्ट कैश और जेम्स ट्रेसी की अमेरिकी जोड़ी ने 6-4, 6-3 से हराया। इसी हार के साथ बोपन्ना टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। दूसरी ओर, अर्जुन काधे और उनके जोड़ीदार इक्वाडोर के डिएगो हिडाल्गो क्रोएशिया के मेट पाविक और अल सल्वाडोर के मार्सेलो एरेवालो से तीन सेटों में हारकर यूएस ओपन से बाहर हो गए। अर्जुन काधे और डिएगो हिडाल्गो ने पहले सेट के 12वें गेम में ब्रेक प्वाइंट हासिल कर पहला सेट अपने नाम किया, लेकिन दूसरा सेट टाई-ब्रेक में हार गए। निर्णायक सेट के 10वें गेम में भारतीय-इक्वेडोर की जोड़ी की सर्विस एक बार फिर टूटी और उन्हें 5-7, 7(7)-6(4), 6-4 से हार का सामना करना पड़ा।

## हरारे वनडे में धीमी ओवर गति के लिए श्रीलंका पर जुर्माना

**दुबई, वार्ता।** हरारे में हुए पहले एकदिवसीय में धीमी ओवर गति के लिए श्रीलंका पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। यह जुर्माना मेहमान टीम पर आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के अनुसार, निर्धारित समय सीमा से एक ओर कम फेंकने पर एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ़ मैच रेफरी के जेफ क्रो द्वारा लगाया गया। खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 न्यूनतम ओवर गति के अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में गेंदबाजी न करने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

खेल विशेष

## टाई-ब्रेकर्स आपके धैर्य की परीक्षा लेते हैं, और वहीं हम मैच जीते: सुनील

**विशाखापट्टनम, वार्ता।** प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 में यू मुम्बा के कप्तान सुनील कुमार ने टाई-ब्रेक प्रारुप की सराहना करते हुए कहा कि यह आपके धैर्य की परीक्षा लेते हैं, और वही हमें जीत तक ले गया। यू मुम्बा ने अपने अभियान की शुरुआत रोमांचक जीत के साथ की। गुजरात जायंट्स के खिलाफ मुकाबला 29-29 की बराबरी पर खत्म हुआ, जिसके बाद टाई-ब्रेकर में यू मुम्बा ने 6-5 से बाजी मारी। विश्वनाध स्पोर्ट्स क्लब में हुआ यह मैच सीजन के शुरुआती तीन मुकाबलों में दूसरी बार नए टाई-ब्रेकर नियम तक पहुंचा, जिसने दर्शकों को आखिरी रेड तक रोमांचित रखा। कप्तान सुनील कुमार ने टाई-ब्रेकर प्रारुप की सराहना करते हुए इसे रोमांचक और स्वागत योग्य बदलाव बताया। सुनील ने मैच के बाद कहा, ह्टाई-ब्रेकर में सबसे जरूरी है शांत रहना। ऐसे पलों में आपको अपनी प्रवृत्ति पर भरोसा करना होता है और दिमाग से खेलना होता है। वही धैर्य हमें आज जीत तक ले गया। गुजरात के स्टार डिफेंडर मोहम्मदरेज़ा शादलुई के साथ टाई-ब्रेकर में हुए अहम पल पर सुनील ने कहा कि वह बेहद तीखा मुक. ाबला था। उन्होंने मुझसे अंक लेने की कोशिश की, लेकिन ऐसे मौकों पर अनुभव काम आता है। ऐसे मैच दिखाते हैं कि कैसे मामूली अंतर से नतीजा तय होता है। टीम के पहले मैच में मिली कड़ी जीत को अहम बताते हुए सुनील ने कहा कि टाई-ब्रेकर में ओपनिंग मैच जीतना टीम में विश्वास जगाता है। यह हमारी टीम की ताकत और एकता को दर्शाता है और हमें लंबे सीजन के लिए आत्मविश्वास देता है। लीग अभी शुरू हुई है, लेकिन यह जीत हमारे लिए सही लय सेट करती है।

भारतीय टीम एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में

# लगातार दो जीत के साथ सुपर-4 में भारत

## जापान की हॉकी टीम को 3-2 से हराया, कप्तान हरमनप्रीत ने 2 गोल दागे, नंबर-1 पर पहुंची टीम



**राजगीर, वार्ता।** भारतीय टीम एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के सुपर-4 में प्रवेश कर गई है। टीम ने रविवार को जापान पर 3-2 की जीत हासिल की। इस जीत ने टीम इंडिया को पूल ए पाइंट्स टेबल में नंबर-1 पोजिशन पर पहुंचा दिया।

राजगीर के बिहार यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के मैदान पर भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 2 गोल दागे। उन्होंने 5वें और 45वें मनट में पेनल्टी कार्नर पर गोल दागा। मैच के तीसरे मिनट में मंदीप सिंह ने भारत के लिए पहला फील्ड गोल किया। जापान की तरफ से 2 गोल किए गए। मैच के सिर्फ तीसरे ही मिनट में मंदीप सिंह ने भारत को बढ़त दिला दी। बाएं फ्लैंक से सुखजीत ने शानदार मूव बनाया। उन्होंने गेंद पकड़ी, घूमे और लाइन के साथ दौड़ते हुए गोल के सामने तेज क्रास मारा। वहीं मौजूद अनुभवी स्ट्राइकर मनदीप सिंह ने गेंद को ट्रैप किया और आसानी से नेट में डाल दिया। 5वें और 45वें मिनट में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कार्नर पर गोल दागा। वे मौजूदा सीजन के टाप स्कोरर हैं। हरमनप्रीत ने पिछले मुकाबले में चीन के खिलाफ गोल की हैट्रिक लगाई थी। तीसरे क्वार्टर में जापान की टीम ने वापसी की। किमुरा नारू के पास पर कावाबे कोसेई ने गोल कर दिया। कोसेई ने बैक हैंड शाट खेला और बाल को गोल पोस्ट के अंदर धकेल दिया। 150वां मैच खेल रहे कृष्ण बहादुर के पास इस शाट का कोई जवाब नहीं था। कृष्ण बहादुर 150वां मैच खेल रहे हैं। इस मौके पर भारत के हेड कोच क्रेग फुल्टन ने उन्हें स्पेशल जर्सी दी। आखिरी सेकेंड तक मैच में रोमांच बना रहा। जापान ने गेंद को भारतीय सर्कल के पास घुमाने के बाद जोरदार शाट लगाया, लेकिन डिफेंस ने उसे आसानी से रोक लिया। फिर भारत ने अंतिम पलों को संभालते हुए जीत पक्की कर ली। 59वें मिनट भारत को आखिरी मिनट 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। स्टार कप्तान हरमनप्रीत सिंह को यलो कार्ड मिला। 58वें मिनट कावाबे ने दूसरा गोल किया। बाल लगभग बेसलाइन पार करने वाली थी, लेकिन कावाबे ने उसे शानदार तरीके से ट्रैप किया। इसके बाद उन्होंने जरमनप्रीत के पास से गिरते हुए गेंद गोल पोस्ट में डाल दिया। 58वें मिनट में जापान को पेनल्टी कार्नर, भारत ने रेफरल गंवाया। 58वें मिनट में जापान को पेनल्टी कार्नर मिला। लेकिन भारतीय डिफेंडर्स ने शानदार बचाव किया।अगले ही मिनट में भारतीय टीम ने काउंटर अटैक किया।

## नॉर्थ जोन और सेंट्रल जोन दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में

**बेंगलुरु, वार्ता।** नॉर्थ जोन और सेंट्रल जोन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विशाल बढ़त के आधार पर रविवार को दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइलन में जगह बना ली। नॉर्थ जोन ने दो विकेट पर 388 रन से आगे खेलना शुरु किया। यहां सुबह कप्तान अंकित कुमार और आयुष बदोनी अपनी टीम को बड़े स्कोर की ओर ले गए। इसी दौरान 444 के स्कोर पर मुख्तार हुसैन ने दो. हरे शतक की ओर बढ़ रहे अंकित कुमार को आउटकर पवेलियन भेज दिया। अंकित कुमार मात्र दो रन से अपना दोहरा शतक चूक गए। उन्होंने 321 गेंदों में 19 चौके और एक छक्का लगाते हुए 198 रनों की पारी खेली। इसके बाद चौथे विकेट के रूप में निशांत लसधु (68) रन बनाकर आउट हुये। नॉर्थ जोन ने आयुष बदोनी का दोहरा शतक बनने के बाद 146.2 ओवर में चार विकेटपर 658 के स्कोर पर अपनी पारी घोषित कर दी। नॉर्थ जोन ने ईस्ट जोन के खिलाफ 833 रनों की विशाल बढ़त के आधार पर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। आयुष बदोनी 223 गेंदों में 13 चौके और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 204 रन बनाये।कन्हैया वधावन 23 रन बनाकर नाबाद रहे। नॉर्थ जोन ने पहली पारी में 405 रन बनाये। वहीं दूसरी पारी चार विकेट पर 658 के स्कोर पर घोषित की। अपनी पहली पारी में 230 रन बनाये और दूसरी में वह बल्लेबाजी नहीं कर पायी।

# ज्वेरेव को हराकर फेलिक्स यूएस ओपन के चौथे दौर में



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** कनाडा के स्टार टेनिस खिलाड़ी फेलिक्स ऑगर अलियासेम ने अपने करियर के एक बार फिर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए तीसरी वरीयता प्राप्त एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर यूएस ओपन 2025 के चौथे दौर में जगह बना ली है।

लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में शनिवार रात खेले गए मुकाबले में 25 वर्षीय ने फेलिक्स ऑगर अलियासेम ने ज्वेरेव को 4-6, 7-6(7), 6-4, 6-4 से हराने के लिए आक्रामक मास्टरक्लास का प्रदर्शन किया। उन्होंने 23 फ़ोरहैंड सहित 50 विनर्स के साथ जीत दर्ज की। वर्तमान में 27वें स्थान पर काबिज ऑगर-अलियासेम ने अब तक शीर्ष पांच प्रतिद्वंदी के खिलाफ अपनी पहली ग्रैंड स्लैम जीत दर्ज की है। वह अपने पिछले 11 प्रयासों में केवल दो बार किसी स्लैम के अंतिम 16 में पहुंचे हैं और क्वार्टर फाइनल में उनका सामना 15वीं वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव से होगा।

## राजस्थान को हराकर केरल फाइनल में

**छत्तीसगढ़, वार्ता।** सब जूनियर गर्ल्स नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप 2025-26 के टायर-2 के दूसरे सेमीफाइनल में केरल की टीम ने राजस्थान को हराकर फाइनल में जगह बना ली। यहां रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर के फुटबॉल ग्राउंड में खेले गए मुकाबले में केरल ने राजस्थान को 8-2 से हराया। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन एवं रामकृष्ण मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 16 अगस्त से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में देशभर से 14 टीमों ने हिस्सा लिया है। रविवार सुबह आठ बजे खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में केरल ने शानदार प्रदर्शन किया। केरल की अर्पिता ने तीन गोल दागकर हैट्रिक बनाई। मैच जीत के बाद टीम के कोच डॉ- जेम शॉट ने कहा कि खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया और आयोजन स्थल की व्यवस्थाएं सराहनीय हैं। इस महिला फुटबॉल चैंपियनशिप का फाइनल मैच तीन सितम्बर को केरल और यूपी के बीच खेला जाएगा।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर 800 किमी साईकिल यात्रा का भव्य समापन

**नई दिल्ली, वार्ता।** देश मे खेल और फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पेफी) के द्वारा मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय खेल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित 800 किलोमीटर लंबी साइकिल अभियान यात्रा का रविवार को मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में भव्य समापन हुआ। केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ- मनसुख मांडविया ने 'राष्ट्रीय खेल दिवस' पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल महोत्सव के अंतिम दिन आयोजित समारोह में भाग लिया।

इस अवसर पर अपने संदेश में डॉ. मांडविया ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का साधन नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। फिट इंडिया मूवमेंट जैसे अभियानों का उद्देश्य है हर नागरिक को स्वस्थ और सक्रिय जीवन की ओर प्रेरित करना। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'विकसित भारत 2047' विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि स्वस्थ भारत ही सशक्त भारत

### खेल केवल प्रतिस्पर्धा का साधन नहीं बल्कि जीवन जीने की एक कला है: मांडविया

की नींव है। फिट इंडिया मूवमेंट, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया और ब्रह्माकुमारीज स्पोर्ट्स विंग के सहयोग से आयोजित 800 किलोमीटर लंबी साइकिल अभियान यात्रा जो 24 अगस्त को प्रयागराज से प्रारंभ होकर विभिन्न शहरों और कस्बों में फिटनेस का संदेश फैलाते हुए आज मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंची। यहां इसे लोकप्रिय फिटनेस स्पर्धा संडे ऑन साइकिल के साथ जोड़ा गया, जिसे फिट इंडिया मूवमेंट के तहत भारतीय खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर न केवल सैकड़ों साइक्लिंग प्रेमियों ने भाग लिया, बल्कि देशभर में खेलों के महत्व, सक्रिय जीवनशैली और स्वास्थ्य को लेकर नई ऊर्जा का संचार हुआ। इस अवसर पर पेफी के राष्ट्रीय सचिव डॉ. पीयूष जैन ने बताया कि इस साइकिल यात्रा अभियान का शुभारंभ प्रयागराज से हुआ।

# खेल की दुनिया में जम्मू-कश्मीर को मिली पहचान: प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि बाढ़ और तबाही की घटनाओं के बीच जम्मू -कश्मीर में हाल में खेलों के दो बड़े आयोजन हुए हैं जिन्होंने राज्य को खेलों की दुनिया में नई पहचान दी है।

मोदी ने आकाशवाणी से रविवार को प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 125वीं कड़ी में कहा कि बाढ़ और बारिश की इस तबाही के बीच जम्मू-कश्मीर ने दो बहुत खास उपलब्धियां भी हासिल की हैं। इन पर ज्यादा लोगों का ध्यान नहीं गया लेकिन जब इन उपलब्धियों के बारे में जानेंगे तो बहुत खुशी होगी। राज्य के पुलवामा के एक स्टेडियम में पुलवामा का पहला डे नाईट क्रिकेट मैच खेला गया जिसमें रिकॉर्ड संख्या में लोग एकत्रित हुए। पहले ऐसा होना असंभव था लेकिन अब मेरा देश बदल रहा है। ये मैच 'रॉयल प्रीमियर लीग' का हिस्सा है, जिसमें जम्मू-कश्मीर की अलग-अलग टीमें खेल रही हैं। इतने सारे लोग, खासकर युवा, पुलवामा में रात के समय, हजारों की तादाद में क्रिकेट का आनंद लेते दिखें-ये नजारा वाकई देखने लायक था। श्री मोदी ने राज्य के एक और खेल आयोजन का जिक्र करते हुए कहा ष्दूसरा आयोजन जिसने ध्यान खींचा, वो है देश में हुआ पहला ' खेलो इंडिया जल स्पोर्ट्स उत्सव' और वो भी श्रीनगर की डल झील पर हुआ।

## शहडोल जिले के फुटबॉल खिलाड़ी प्रशिक्षण लेने जाएंगे जर्मनी: मोदी

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश में छिपी खेल प्रतिभाओं पर पूरी दुनिया की नजर है और इससे गौरवान्वित होने की जरूरत है। श्री मोदी ने रविवार को आकाशवाणी पर प्रसारित 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा कि आज पूरी दुनिया का ध्यान भारत की तरफ है। उन्होंने मध्य प्रदेश के शहडोल जिले के एक गांव के प्रतिभाशाली फुटबॉल खिलाड़ियों का जिक्र किया।

# 24 घंटे बाद भी नहीं बिके भारत-पाक मैच के टिकट

● टिकट बिक्री के पैकेज सिस्टम के चलते फैंस को 7 मैचों का पैकेज लेना पड़ रहा, कीमत 33 हजार से 3 लाख तक

**दुबई, वार्ता।** किसी भी क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान मैच के टिकट सबसे जल्दी बिक जाते हैं, लेकिन, 14 सितम्बर को एशिया कप में होने वाले भारत-पाक मुकाबले के टिकट बिक्री की शुरुआत के 24 घंटे बाद भी बचे हुए हैं। कारण है, टिकट बिक्री का पैकेज सिस्टम। भारत- पाक मैच के टिकट खरीदने के लिए दर्शकों को 7 मैचों का पैकेज लेना पड़ रहा है। सबसे सस्ता पैकेज 33 हजार 600 रुपए का है। जबकि बैंड लाउंज पैकेज की कीमत 3 लाख 12 हजार रुपए है। इस बार 7 मैच के पैकेज में भारत-यूएई, भारत- पाक, बी1-बी2, ए1-ए2, ए1-बी2, ए1-बी1 और फाइनल मैच शामिल हैं। यानी बाकी मुकाबलों की तुलना में भारत-पाक मैच देखने के लिए दर्शकों को ज्यादा खर्च करना पड़ रहा है। आयोजक भारत-पाक मैच के जरिए अन्य मैचों में भी दर्शकों को आकर्षित करना चाह रहे हैं, इसलिए उन्होंने यह पैकेज सिस्टम लागू किया है। एशिया कप में कुल 12 ग्रुप मैच होने हैं। इनमें से 11 मैचों के टिकट आम तौर पर 1200 रुपए (जनरल) से लेकर 12 हजार रुपए (ग्रैंड लाउंज) तक उपलब्ध हैं। भारतीय फैन रविकांत का कहना है कि उनके आफिस में कई लोग महंगे पैकेज की वजह से टिकट नहीं ले पाए। फैंस उम्मीद कर रहे हैं कि मैच के करीब आते-आते सिर्फ भारत-पाक मैच का टिकट भी उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं, पाकिस्तानी प्रशंसक हसन अब्बास ने बताया कि टिकट पैकेज देखकर पहले निराशा हुई, लेकिन क्वालिफायर और फाइनल समेत 7 मैचों की डील खराब नहीं है।

## पाक टीम जूनियर हॉकी विश्व कप के लिए भारतआएगी

### हॉकी इंडिया बोला: पाकिस्तान ने टीम भेजने पर सहमति दी, 28 नवम्बर से टूर्नामेंट

**नई दिल्ली, वार्ता।** जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान की टीम भारत आएगी। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, पाकिस्तान ने तमिलनाडु में होने वाले इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन (एफआईएच) जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के लिए अपनी जूनियर टीम भेजने पर सहमति दे दी है। वर्ल्ड कप तमिलनाडु के मदुरई और चेन्नई में 28 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक खेला जाएगा। दूसरी ओर, भारत में चल रहे सीनियर हॉकी एशिया कप के लिए पाकिस्तान टीम ने भारत आने से मना कर दिया था। वहां की सरकार ने सुरक्षा कारणों से अपना नाम वापस लिया था। भारत ने 2023 में चौथी बार जूनियर हॉकी एशिया कप का खिताब अपने नाम किया था। टीम ने फाइनल में पाकिस्तान को ही 2-1 से हराया था। भारत-पाकिस्तान पूल बी में हॉकी एशिया कप से पाकिस्तान के हटने के बाद, जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर अनिश्चितता थी। हालांकि, अब कन्फर्मेशन के बाद टूर्नामेंट तय शेडड्ूल पर हो सकेगा। भारत और पाकिस्तान को चिली और स्विट्जरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है। महासचिव ने पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन से बात की टूर्नामेंट में पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर महासचिव भोला नाथ ने कहा कि उन्होंने पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन के साथ बातचीत की। वे टूर्नामेंट के लिए अपनी जूनियर टीम भारत भेजेंगे। नाथ ने मीडिया से कहा कि पाकिस्तान ने सहमति दी है कि वे अपनी जूनियर हॉकी टीम को वर्ल्ड कप में खेलने के लिए भेजेंगे, जो चेन्नई और मदुरई में होगा। पाकिस्तान को एशिया कप खेलने आना चाहिए था- असलम शेरखान भारतीय हॉकी के दिग्गज असलम शेरखान ने एशिया कप में पाकिस्तान के न आने पर कहा, टीम को टूर्नामेंट में हिस्सा लेना चाहिए था। भारत में डरने की कोई बात नहीं है। देश खेल और संस्कृति के मामले में बहुत अच्छा है। यहां सुरक्षा में चूक का सवाल ही नहीं। पाकिस्तानी टीम ने बिहार के राजगीर में चल रहे सीनियर एशिया कप में भारत आने से मना कर दिया था। टीम ने सुरक्षा कमी को कारण बताया था। 21 सितम्बर को भारत सरकार ने मल्टीनेशनल टूर्नामेंट में खेलने की इजाजत दी पिछले हफ्ते, भारत सरकार ने नई स्पोर्ट्स पालिसी में पाकिस्तान के साथ मल्टीनेशनल टूर्नामेंट में भारत को खेलने की इजाजत दी थी।

## साबिर पाक सालाना उर्स में बड़ा लंगर शुरू

# सज्जादानशीन परिवार ने बांटा खाना

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** साबिर पाक के सालाना उर्स की सातवीं तारीख को बड़े लंगर रूप में माना जाने वाला लंगर रविवार को सूफियों, फकीरों और उनके मुरीदीन के गद्दियों एवं जायरीनों को बांटा गया।

साबिर पाक के 757वें सालाना उर्स में सूफियाए इकराम और मस्त मलंग एव अकीदतमंद शिरकत करने के लिए कलियर पहुंच चुके है। साबिर पाक के लंगर खाने से सज्जादानशीन शाह अली एजाज साबरी कुद्दूसी की सरपरस्ती में प्रतिनिधि शाह सुहैल मियां साबरी ने फकीरो मस्त मलंगों को साथ लेकर सूफी ,फकीरों की गद्दियों और उनके मुरीदो के स्थानों ,धुनों पर लंगर बांटा। यह लंगर बड़े लंगर के रुप मे जाना जाता है। लंगर बांटने का सिलसिला 12 रबीउल अव्वल तक चलता रहता है।उर्स के दौरान 12-रबीउल अव्वल को सिर्फ एक वक्त दोपहर को लंगर बांटा जाता है। इस दिन अधिकांस सूफी सन्त अपनी अपनी खानगाहो पर लंगर बांटते है। सज्जादानशीन शाह अली ऐजाज साबरी और शाह यावर अली ऐजाज साबरी ने बताया कि उर्स की सात तारीख को बड़े लंगर का आयोजन शुरू हो जाता है। जिसमे पुरानी परंपराओ के अनुसार खानकाहों, धुनों के साथ साथ सूफियों के स्थानों पर दोनो वक्त लंगर भेजा जाता है। इस मौके पर शाह यावर अली ऐजाज साबरी, लंगर इंचार्ज असलम कुरैशी, नोमी मियां, अनमोल साबरी, शान साबरी, रहीम साबरी, गुलजार चौधरी, तसलीम साबरी, खालिद साबरी, मुनव्वर साबरी सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहें।



## सूचना अधिकार में हुआ गजब खुलासा

# सड़क बिना बनाए ही प्रधान ने ले लिया भुगतान

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंगलौर।** ग्राम उद्धालेडी प्रधान ने गांव में सड़क बनवाए बिना ही भुगतान ले लिया। जिसका खुलासा सूचना के अधिकार मे हुआ।

नारसन ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम उद्धालेडी निवासी धीरेंद्र सिंह राणा और शिशु कुमार व आदि लोगों ने ग्राम प्रधान पर सरकारी धन के बंदरबांट का आरोप लगाया है धीरेंद्र सिंह राणा द्वारा सूचना के अधिकार में मांगी गई सूचना में खुलासा हुआ है वर्ष 2023 तथा 2024 में वर्तमान प्रधान द्वारा दर्शाई की गई सड़कों को बिना बनाए ही उनका भुगतान ग्राम प्रधान द्वारा ले लिया गया धीरेंद्र राणा का कहना है कि शिकायत के बाद ग्राम प्रधान द्वारा दो चकरोड पर पत्थर डलवा दिए गए हैं ताकि उन पर सड़क निर्माण कराया जा सके वही ग्राम वासियों का कहना है कि अब प्रधान द्वारा किए गए गोलमाल की हकीकत प्रशासन के सामने आ गई है वही इस संबंध में प्रधान पति आदित्य राणा ने सभी आरोपों को गलत बताया उनका कहना है कि कुछ चंद लोग मेरी छवि खराब करने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन ऐसा नहीं होगा जनता सब जानती है

**❖ग्रामीणों ने उदलहेड़ी ग्राम प्रधान पर लगाए सरकारी धन की बंदर बांट के आरोप**



# जाट समाज सेवा समिति ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** जाट समाज सेवा समिति द्वारा मेधावी छात्र छात्राओं के सम्मान समारोह रविवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों ने शिक्षा पर बल दिया इसके साथ ही राजनीति में आगे बढ़ने की अपील की।

नगर निगम सभागार में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों एवं समिति पदाधिकारियों ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेजर जनरल डॉक्टर बी एस पंवार ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए युवाओं के कंधे पर बड़ी जिम्मेदारी है। हमारी संस्कृति और परंपरा को आगे ले जाने के साथ उन्हें अगली पीढ़ी तक पहुंचाने में वह अहम भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि आज हमारा समाज किसी क्षेत्र में पीछे नहीं है राजनीति,औद्योगिक आदि में बड़े स्तर पर समाज के लोग बुलंदी पर हैं। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों ने दसवीं और बारहवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है उनके सामने बड़ा मैदान खाली है और उन्हें इसमें लक्ष्य हासिल कर आगे बढ़ना है। समिति प्रदेश अध्यक्ष रामपाल सिंह पंवार ने कहा कि समाज एकजुटता की ओर आगे बढ़े और शिक्षा के लिए सदैव अग्रसर रहे। जिलाध्यक्ष रॉबिन चौधरी ने कहा कि समाज के लिए कार्य करने वाले सभी लोग एक मंच पर आएं और समाजहित में मिलकर कार्य करें ताकि देश दुनिया में समाज एक मजबूत स्तंभ के रूप में स्थापित हो। कार्यक्रम में दसवीं, बारहवीं एवं अन्य परीक्षाओं, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व समाज में अच्छा कार्य कर रहे लोगों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रीतम सिंह एवं संचालन पूर्व पार्षद विवेक चौधरी ने किया। इस अवसर पर संरक्षक चौधरी राजेन्द्र सिंह, प्रीतम सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष मधु सिंह, देवपाल राठी,नरेश बालियान, उपाध्यक्ष नागेंद्र चौधरी, चौधरी राजेंद्र सिंह, महेश वर्मा, अजय वर्मा, प्रवीण सिंधु, रश्मि चौधरी, नीरज रंधावा, आदित्य राणा, विवेक चौधरी,आदित्य चौधरी,ललित चौधरी,रोहित राणा, ललित चौधरी, रोहित राणा, विनय बालियान, नागेंद्र सिंह, विजेंद्र सिंह, अमर पवार, हिमांशु चौधरी, विजेंद्र सिंह, सुभाष चंद्र, दीपक राठी, मोहित राठी आदि समाज के लोग उपस्थित रहे।

## कलियर उर्स में जर्मन हेंगर बेअसर

# हल्की बारिश में भी आया पानी, जायरीन हुए परेशान

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** दरगाह साबिर पाक के उर्स/मेले में जायरीनों की सुविधा के लिए लगाए गए वाटरप्रूफ जर्मन हेंगर भी हल्की बारिश में बेअसर साबित हुए। रविवार शाम हुई हल्की बारिश में दरगाह कार्यालय के सामने लगे हेंगर के नीचे पानी रिसकर आने लगा, जिससे वहां आराम कर रहे जायरीनों, बच्चों और बुजुर्गों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा।पानी भरने से परेशान जायरीनों और बच्चों को खुद वाइपर से पानी निकालना पड़ा, लेकिन समस्या का समाधान पूरी तरह नहीं हो सका। कई जायरीन पानी आने के कारण जगह बदलने को मजबूर हो गए, तो कुछ को बारिश में भीगना पड़ा।जायरीनों का कहना है कि दरगाह प्रबंधन ने बारिश से बचाव के लिए जर्मन हेंगर तो लगा दिए हैं, लेकिन आसपास के पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। हल्की बूंदाबांदी में भी पानी रिसकर हेंगर के अंदर आने से जायरीनों को कठिनाई झेलनी पड़ी।जायरीनों ने प्रशासन और प्रबंधन से मांग की है कि जल्द से जल्द बेहतर व्यवस्था की जाए, ताकि उर्स/मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा न उठानी पड़े

# दहेज की भेंट चढ़ी एक और बेटी, कार न लाने पर विवाहिता ने खाया जहर

## न्यायालय के आदेश पर पति सहित चार पर मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**लंढौरा।** दहेज प्रथा की काली छाया एक बार फिर मासूम जिंदगी को निगल गई। कार न लाने के दबाव में विवाहित ने जहर खाकर जान दे दी। न्यायालय के आदेश पर पति सहित चार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार लंढौरा कस्बे के मोहल्ला गुज्जरवाड़ा निवासी इंतजार की बेटी साहिबा का विवाह अप्रैल 2025 में इक्कड़ खुर्द निवासी अतीक उर रहमान से हुआ था। शादी में मायके पक्ष ने करीब नौ लाख रुपये खर्च किए थे, लेकिन ससुराल पक्ष कार की मांग को लेकर लगातार विवाहिता पर दबाव बना रहा था। पीड़िता के पिता ने बताया कि तीन अगस्त 2025 को ससुराल पक्ष की ओर से फोन कर बेटी पर कार लाने का दबाव बनाया गया। कार न देने की स्थिति में जहर खा लेने की बात कहकर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। दबाव और अपमान से टूटकर साहिबा ने जहर खा लिया। परिजन उसे तुरंत रुड़की के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका के पिता ने पुलिस को तहरीर सौंपी, लेकिन कार्रवाई न होने पर उन्होंने अदालत का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर आखिरकार पुलिस ने पति अतीक उर रहमान समेत चार आरोपियों ख्र गुलशाना, नौशिदा और सलीम निवासी इक्कड़ खुर्द ख्र के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बारिश से किसानों को भारी नुकसान, आमजन भी हलकान

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** कस्बा तथा क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के चलते कस्बे तथा क्षेत्र में गुड बनाने के लिए लगने वाले गन्ना कोलहू भी लेट हो रहे हैं। रविवार को भी कस्बा तथा क्षेत्र में पूरे दिन रुक रुक कर बारिश होती रही।

कस्बा तथा क्षेत्रीय किसान घनश्याम सुशील गौतम प्रदीप कुमार अरविंद कुलदीप रोहित आदित्य शमशाद अहमद आदि का कहना है कि इस बार लगातार हो रही बारिश से किसानों के खेतों में पानी भर गया है। खेतों में पानी भर जाने से किसानों के सामने पशु चारे की समस्या भी खड़ी हो गई है। इस समय किसानों के खेतों में खड़ी धान की फसल तैयार हो गई है। धान की फसल धरती पर गिरने की आशंका को लेकर भी किसान परेशान है। इसके साथ-साथ किसानों के खेतों में खड़ी गन्ने की फसल भी बारिश के साथ हवा चलने से धरती पर गिर रही है। धरती पर गिर जाने से गन्ने की फसल को खड़ी करने के लिए बांधने के लिए मजदूरों द्वारा भी अपनी मजदूरी काफी बढ़ा दी गई है। जिससे किसान को आर्थिक मार भी पड़ रही है। किसानों का कहना है कि खेतों में कुछ किसानों द्वारा पॉपुलर के पेड़ की नर्सरी लगाई हुई है। खेतों में लगातार पानी भरा रहने के कारण उनमें से कितने ही पेड़ जड़ से उखड़ कर धरती पर गिर गए हैं। जिससे किसान को भारी नुकसान हो रहा है ।दूसरी ओर कस्बे तथा ग्रामीण क्षेत्र में गन्ना कोलहू काफी संख्या में संचालित होते हैं। गाना कोलहू 15 सितंबर तक तैयार करने के बाद उनमें गन्ने की पेराई कर गुड बनाने का काम शुरू हो जाता था। इस बार लगातार बारिश के चलते गन्ना कोलहू संचालित होने में भी देर हो रही है ।इससे भी किसानों को ही नुकसान होना तय है।

# दो समुदाय के लोगों के बीच मारपीट के बाद हंगामा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** शिक्षानगरी में दो समुदाय के लोगों के बीच मारपीट होने के बाद हंगामा हो गया। कोतवाली में भी दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। पुलिस के खिलाफ भी एक पक्ष के लोगों ने आक्रोश जताया है। नगर निगम के महापौर प्रतिनिधि भी कोतवाली पहुंचे। खबर लिखे जाने तक हंगामा जारी था। पार्षद ने तमंचे की बट मारने और सोने की चैन तोड़ने का आरोप लगाया हैं। वहीं दूसरे पक्ष ने भी भाजपा पार्षद पर मारपीट का आरोप लगाया हैं।

नगर निगम के वार्ड 32 के पार्षद शिवम अग्रवाल और उसके पिता मनोज अग्रवाल ने दूसरे पक्ष पर मारपीट का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मुस्लिम समुदाय का व्यक्ति देवी देवताओं को गाली गलौज कर रहा था। इसका विरोध करने पर हंगामा किया।साथ ही आरोप लगाया कि थाने में तैनात एक कांस्टेबल ने उनकी पिटाई भी की। वह उसके निलंबित करने की मांग कर रहे हैं। साथ ही पुलिस के खिलाफ भी नारेबाजी कर रहे हैं। भाजपा के कई बड़े नेता भी कोतवाली में डटे हुए हैं। सूचना मिलते ही एस पी देहात भी कोतवाली पहुंच गए हैं।

# चोरों ने दिनदहाड़े दुकान में घुसकर गल्ला उखाड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** पेस्टिसाइड की दुकान चला रहे एक दुकानदार की दुकान में दिनदहाड़े घुसकर चोरों ने दुकान का गला उखाड़ लिया मामले की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस सीसीटीवी कैमरे कंघाल रही है। कस्बा झबरेड़ा निवासी नवीन सैनी झबरेड़ा गुरुकुल मार्ग पर अपनी मार्केट में पेस्टिसाइड की दुकान चलाता है प्रतिदिन की भांति शनिवार को भी दुकानदार अपनी दुकान बढ़ाकर दोपहर लगभग 12:00 बजे घर खाना खाने चला गया तभी उस समय का फायदा उठाकर अज्ञात दो व्यक्ति मोटरसाइकिल पर सवार होकर दुकान के बाहर पहुंचे तथा दुकान के शटर को खोलकर अंदर घुस गए तथा दुकान का गला उखाड़ कर उसमें रखी नगदी चुराकर फरार हो गए जब दुकानदार खाना खाकर वापस दुकान पर लौटा तो उसने देखा की दुकान का गला उखड़ा हुआ है तथा दुकान के गले में रखी नगदी भी मौके पर नहीं है दुकानदार का कहना है कि उसके गले में लगभग 10 हजार रुपए की रकम थी जो चोर चुरा ले गए। मामले की सूचना दुकानदार ने अपने परिजनों तथा पुलिस को की पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना का जायजा लिया और सीसीटीवी कैमरे देखे गए तो ज्ञात हुआ कि चोर दुकान में चोरी करने से पहले सामने एक इलेक्ट्रॉनिक की दुकान पर भी गए।

# केवी-1 में कला उत्सव प्रतियोगिता का समापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** संभागीय राष्ट्रीय एकता पर्व के अंतर्गत पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक I, रुड़की में कला उत्सव प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जहाँ देहरादून संभाग के छह संकुल आईएमए देहरादून, ओएलएफ देहरादून, रानीखेत, श्रीनगर, रायवाला और काशीपुर-के प्रतिभागियों ने रंगमंच, पारंपरिक कहानी सुनाना, दृश्य कला एकल (2डी और 3डी-मूर्तिकला), और दृश्य कला समूह (2डी और 3डी-स्वदेशी खिलौने और खेल/ स्थानीय शिल्प) सहित विविध श्रेणियों में उत्साहपूर्वक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। नाट्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को इंद्रमणि बडोनी, रानी कर्णावती, गौरा देवी और अहिल्या बाई होल्कर के प्रेरक जीवन पर आधारित सशक्त प्रदर्शनों से मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसमें भारत के समृद्ध इतिहास के साहस, बलिदान और नेतृत्व पर प्रकाश डाला गया। कहानी सुनाने का भी विशेष आकर्षण रहा, जिसमें प्रतिभागियों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में खूबसूरती से तैयार की गई रचनात्मक कथाएँ प्रस्तुत कीं, जिन्होंने अपनी गहराई और नाटकीय अभिव्यक्ति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दृश्य कला और सांस्कृतिक प्रदर्शन भी उतने ही आकर्षक थे, जहाँ छात्रों ने छलिया बाजा, 3डी मॉडल, अभिव्यंजक चारकोल कला, उत्तराखंड की जीवंत ऐपण कला, कर्नाटक की समृद्ध लोक संगीत परंपराएँ और रंग-बिरंगी गढ़वाली संस्कृति के चित्रण के साथ-साथ प्रभावशाली स्वदेशी खिलौने और शिल्प प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम की शोभा श्रीमती बसंती खम्पा ने बढ़ाई, जिन्होंने प्रतिभागियों के उत्साही प्रयासों की सराहना की और छात्रों में ऐसी रचनात्मकता को पोषित करने के लिए शिक्षकों की सराहना की। तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साहवर्धक शब्दों के साथ, श्री केवी नंबर I बीईजी एंड सेंटर, रुड़की में कला उत्सव आज संपन्न हो गया, तथा अपने पीछे कला और संस्कृति का एक प्रेरणादायक अध्याय छोड़ गया।

# सौतेले बाप पर छेड़छाड़ का आरोप

शाह टाइम्स संवाद

**मंगलौर।** एक युवती ने अपने सौतेले बाप पर उसके प्राइवेट पार्ट के साथ छेड़छाड़ करने व विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि अप्रैल 2025 को उसकी माता की मृत्यु हो गई थी। माता की मौत के बाद से ही उसका सौतेला पिता उस पर बुरी नजर रखे हुए था। जून 2025 में उसके सौतेले पिता ने उसके प्राइवेट पार्ट के साथ कई बार छेड़छाड़ की। उसके द्वारा विरोध किया गया तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी थी। कोतवाली प्रभारी शांति कुमार गंगवार ने बताया कि आरोपी पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन की मासिक बैठक आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन की मासिक बैठक का आयोजन मानेंद्र सजवान की अध्यक्षता व सुशील गुलाटी के संचालन में किया गया। बैठक में सर्वप्रथम सुशील गुलाटी ने बताया कि कई वितरकों के केस कम्पनियों के साथ काफी समय से लम्बित पड़े हैं जिनका निस्तारण नही हो पा रहा है अतः हमने वे सभी केस प्रांतीय स्तर पर निस्तारण के लिए प्रांतीय महामंत्री को अवगत करा दिया है अध्यक्ष मानेन्द्र सजवाण ने कहा कि सभी सदस्यों को आगाह किया जाता है कि आगामी त्योंहारी सीजन को देखते हुए सभी व्यापारी भाई अपना काम स्वच्छता व ईमानदारी के साथ करें।

# युवक पर बाइक सवारों ने ताना पिस्टल

**मंगलौर।** नगला इमरती के एक युवक पर बाइक सवार दो युवकों ने जान से मारने की नीयत से पिस्टल तान दिया। युवक ने किसी तरह जान बचाई। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया हैं। मंगलौर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर नगला इमरती निवासी इमरान ने बताया कि वह लंढौरा से सामान लेकर वापस गांव लौट रहा था। जैसे ही वह सलीम की दुकान पर पहुंचा। इसी दौरान बिना नंबर की बाइक से दो युवक आए और गाली गलोच करने लगे। उसके द्वारा विरोध किया तो आरोपियों ने उस पर पिस्टल तान कर जान से मारने की धमकी देने लगे। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई हैं।

# हादसे में युवक की मौत पर ट्रक चालक पर मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** झबरेड़ा सहारनपुर मार्ग ग्राम भगतो वालीमे ट्रक की टक्कर लगने से शुक्रवार रात्रि एक किशोर की मौत हो गई थी तथा उसके दो किशोर साथी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस मामले में तीनों किशोरो के परिजनों द्वारा ट्रक चालक के खिलाफ थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया गया है। थाना निरीक्षक अजय सिंह ने बताया कि ग्राम भगतो वाली में सहारनपुर मार्ग पर स्थित शिव मंदिर की सीढ़ियो पर बैठे तीन किशोरो को अनियंत्रित ट्रक द्वारा शुक्रवार लगभग आधी रात्रि टक्कर मार दी गई थी। टक्कर लगने से एक 17 वर्षीय किशोर कार्तिक पुत्र रमेश की मौके पर ही मौत हो गई थी तथा उसके अन्य दो किशोर सौरभ तथा आयुष गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिनका इलाज ऋषिकेश एम्स में चल रहा है। उक्त तीनों के परिजनों द्वारा थाने में दी गई तहरीर के आधार पर ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# गणेश विसर्जन से पहले निकाली भव्य शोभायात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** श्री गणेश उत्सव मंडल साकेत के द्वारा पांच दिवसीय श्री गणेश महोत्सव के पांचवे दिन पूजा अर्चना कर धूमधाम से भव्य शोभायात्रा निकालकर गणेश मूर्ति का विसर्जन किया गया। शोभायात्रा में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की आरती कर आशीर्वाद लिया। इन पांच दिनों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

साकेत कॉलोनी स्थित हरमिलाप धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में बुधवार को मूर्ति स्थापना की गई थी। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की प्रतिमा के साथ शहर में शोभायात्रा निकाली और भगवान गणेश का आशीर्वाद लिया। शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से दुर्गा चौक, मेन बाजार, नया पुल से होते हुए बिजलीघर नम्बर 6 तक शोभायात्रा निकाली गई। उसके बाद वहां से गाड़ियों में सवार होकर आसफनगर झाल पंहुचकर गणेश विसर्जन किया। मंडल के सदस्यों ने बताया कि पांच दिवसीय इस महोत्सव में भिन्न भिन्न कार्यक्रम कृष्ण भजन संध्या, दूसरे दिन सत्यनारायण की कथा, तीसरे दिन सुंदरकांड, चौथे दिन खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया। वहीं आज पांचवे दिन पूजन और भंडारे के बाद मूर्ति विसर्जन के लिए शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में चेरव जैन, अमित सिंगल, नितिन गोयल, गौरव अरोड़ा,कपिल सिंघल, अर्नव गोयल,सचिन गुप्ता, मयंक अरोड़ा,नितिन अरोड़ा,शुभम गोयल,उमंग अरोरा,गगन अरोरा,शोभित गोयल,मोनिका अरोड़ा,गीतिका अरोड़ा, पारुल गोयल,अंजलि सिंघल,प्रियंका सिंघल,अलका अरोड़ा, गीतू अरोड़ा,अनीता गोयल,अंशु गोयल,पूजा गुप्ता, श्वेता अरोरा,प्रिया गोयल, माधवी सेठी, साक्षी अरोरा, रुचि गोयल,गिन्नी अरोड़ा,आंचल सेठी आदि मौजूद रहे।



## 84 उत्तराखंड वाहिनी एनसीसी, रुड़की के तत्वाधान में आयोजित

# 91 कैडेट्स का दल नई दिल्ली के लिए रवाना

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** 84 उत्तराखंड वाहिनी एनसीसी, रुड़की के तत्वाधान में आयोजित प्री थल सेना शिविर द्वितीय के अंतिम दिन आज एनसीसी निदेशालय उत्तराखंड से चयनित 91 कैडेट्स का दल उत्साह और गर्व के साथ दिनांक 01 सितंबर 2025 से प्रारंभ होने वाले थलसेना शिविर में प्रतिस्पर्धा करने के लिए दिल्ली कैंट हेतु रवाना हुआ। यह शिविर भारतीय थलसेना द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देशभर से चुने गए कैडेट्स को सैन्य जीवन का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान किया जाएगा। ये कैडेट्स अपने-अपने राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और उन्हें इस शिविर में सेना के अनुशासन, हथियारों का प्रशिक्षण, फील्ड क्राफ्ट, मैप रीडिंग, फायरिंग तथा अन्य सैन्य गतिविधियों की गहन जानकारी दी जाएगी तथा उनके मध्य प्रतिस्पर्धा होगी । एनसीसी के 17 निदेशालय से आए हुए चयनित कैडेटस के मध्य आयोजित की गई प्रतिस्पर्धा का परिणाम 11 सितंबर को निश्चित होगा व सभी कैडेट्स 12 सितंबर को अपने गंतव्य को रवाना कर दिया जाएंगे।

आज दल के रवाना होने से पूर्व कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल अमन कुमार ने उन्हें शुभकामनाएँ दीं और कहा, "यह अवसर न केवल आपके आत्मविकास का माध्यम है, बल्कि देशभक्ति की भावना को भी सशक्त करता है। उत्तराखंड राज्य का दल कंटिजेंट कमांडर कैप्टन सुशील कुमार आर्य व डिप्टी कंटिजेंट कमांडर थर्ड ऑफिसर सुनीता नौटियाल के नेतृत्व में शिविर में प्रतिभाग करेगा। इस अवसर पर एकाउंट ऑफिसर संतोष कुमार भट्ट, सूबेदार मेजर अमर सिंह, सूबेदार सुनील सिंह, हवलदार अजयबीर सिंह, हवलदार संदीप प्रजापति, प्रशिक्षण अधीक्षक रवि कपूर, वरिष्ठ सहायक सुरेश अवस्थी जीसीआई किरण बिहनिया, डीईओ धर्म सिंह, मीनाक्षी, संदीप बुडाकोटी, वाहन चालक विमल पंवार, रोहित कुमार डिमरी, अनुज गिरी, सुनील भाई, राजवीर, सुभाष, लोकेंद्र, राकेश, रविंदर आदि उपस्थित रहे।



सम्पादकीय

सोमवार, 1 सितम्बर 2025

# चीन में मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए चीन के शहर तियानजिन में हैं। यह शिखर सम्मेलन 31 अगस्त से एक सितम्बर तक चलेगा। इस शिखर सम्मेलन में 20 से ज्यादा देश हिस्सा ले रहे हैं। रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ-साथ सेंट्रल एशिया, साउथ एशिया, साउथ ईस्ट एशिया के नेता भी यह शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब टैरिफ को लेकर भारत व अमेरिका के बीच ही नहीं बल्कि अन्य देशों के साथ भी अमेरिका से तनाव बना हुआ है। स्वाभाविक है कि इस पर अमेरिका सहित तमाम यूरोपीय देशों की नजर लग गई। हालांकि यूरा. पीय देश भी अमेरिका के टैरिफ से पीड़ित हैं, लेकिन फिर भी वह अमेरिका से दूरी बनाकर ज्यादा देर तक टिके नहीं रह सकते। जाहिर है ऐसे में शिखर सम्मेलन के सदस्य एक दूसरे के अधिक निकट आएंगे ही और वह आते भी दिखाई दे रहे हैं। शिखर सम्मेलन से इतर रविवार को चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग से पीएम मोदी की मुलाकात लगभग 50 मिनट तक चली, बताती है कि चीन व भारत अब पिछली बातों को भुलाकर आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं। चीन के राष्ट्रपति ने भी पीएम मोदी से मिलकर खुशी जताई और कहा कि ड्रेगन यानि चीन और हाथी यानि भारत को साथ आना चाहिए। पीएम मोदी ने जिस तरह जिनपिंग के सामने आतंकवाद का मुद्दा उठाया उससे साफ है कि भारत आतंकवाद को लेकर कोई समझौता नहीं करेगा। मोदी का यह कहना सही है कि आतंकवाद आज किसी एक देश की समस्या नहीं है बल्कि वैश्विक समस्या है। इसलिए चीन को भी आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में साथ देना चाहिए, जाहिर है जब मोदी ऐसा कह रहे थे तो अप्रत्यक्ष रूप से चीन का ध्यान पाकिस्तान की ओर यह याद दिलाने के लिए कह रहे थे कि वहां पर पल रहे आतंकवादियों का वह बचाव न करें, क्योंकि विदित है कि कई अवसरों पर चीन ने पाकपरस्त आतंकवादियों का बचाव किया है। वह भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर। अभी यह तो कहना जल्दबाजी ही होगा कि शंघाई शिखर सम्मेलन से क्या निकलकर बाहर आता है, क्योंकि यह तो तभी सामने आएगा जब सम्मेलन की समाप्ति के बाद साझा एजेंडा सामने आएगा, लेकिन एक बात साफ है कि जिस तरह बड़ी संख्या में राष्ट्रों के राष्ट्रीय अध्यक्ष शामिल हो रहे हैं, वह अमेरिका के लिए एक तरह से खुली चुनौती जैसा है। यह शिखर सम्मेलन यही बताता है कि डोनाल्ड ट्रम्प की दूसरे देशों को धमकाने की तमाम कोशिशें नाकाम होती जा रही हैं। इरान, मिस्र, म्यांमार, नेपाल जैसे देश न सिर्फ इसमें हिस्सा ले रहे हैं बल्कि पीएम मोदी इनके नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं। अमेरिका को समझना होगा कि टकराव के रास्ते से कुछ हासिल नहीं होने वाला। यूं भी व्यापार को राजनीति से अलग रखना चाहिए, लेकिन ट्रम्प किसी को सुनने के लिए तैयार नहीं हैं और सनकभरे फैसले ले रहे हैं। जाहिर है इससे दुनिया में तनाव ही बढ़ेगा।

## बिहार में अकेले चलेगी बसपा



बसपा बिहार में अकेले दम पर चुनाव लड़ेगी, आने वाले दिनों में पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा, बिहार एक बड़ा राज्य है और इसीलिए वहां की ताजा जरूरतों को देखते हुए राज्य की सभी विधानसभा सीटों को तीन जोन में बांट कर पार्टी के वरिष्ठ लोगों को अलग-अलग से उसकी जिम्मेदारी सौंपने का फैसला भी लिया गया, बिहार में पार्टी की अपनी तैयारी के साथ-साथ वहां राज्य के तेजी से बदलते हुए राजनीतिक हालात एवं चुनावी समीकरण आदि को देखते हुए पार्टी द्वारा चुनाव में बेहतर रिजल्ट लाने का आश्वासन पार्टी के लोगों ने दिया है।

**-सुश्री मायावती**
**राष्ट्रीय अध्यक्ष, बसपा**

### मन्नतें मांगने और निशान 'नेजा' चढ़ाने दूर-दराज से आते हैं लाखों लोग

# हिन्दू-मुस्लिम एकता का प्रतीक है मेला गुघाल

गोगा पीर लोगों की है आस्था का केंद्र



सहारनपुर से करीब 5 किमी दूर सहारनपुर-गंगोह मार्ग पर एक गांव है मानकमऊ, जो शहर से मिला हुआ है, जहां पराक्रमी गुग्गावीर की समाधि बनी हुई है जो म्हाड़ी के नाम से विख्यात है। हर वर्ष भादो शुक्ल दशमी को सैकड़ों वर्षों से गुग्गावीर की स्मृति में गुघाल नाम से भव्य मेला लगता चला आ रहा है, जिसमें लाखों की संख्या में लोग आते हैं और मन्नतें मांगते हैं और निशान चढ़ाते हैं। लंबे बांस पर कपड़ा लिपटा हुआ यह निशान गुग्गावीर की विजय पताका का प्रतीक माना जाता है। इस मेले का सबसे अधिक महत्व यह है कि ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में गुग्गा के राष्ट्र वेदी पर हुए बलिदान व उनके प्रति सभी धर्मावलंबियों की मान्यता होने के कारण उनकी स्मृति में लगने वाला यह मेला हिन्दू मुस्लिम राष्ट्रीय एकता व सांप्रदायिक सद्भाव का प्रतीक बन गया है। इस मेले की पूरी व्यवस्था नगर निगम सहारनपुर करती है और नगर वासियों तथा बाहर से आए नागरिकों की सुविधा के लिए गंगोह मार्ग रेलवे फाटक ईदगाह के आसपास भव्य बाजार सजाए जाते हैं, जिसमें दूसरे जनपदों के व्यापारी आकर अपनी दुकानें सजाते हैं।

गोगावीर ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से जाहरवीर दीवान को लेकर क्षेत्र में अनेक किवदंतियां हैं। कहा जाता है कि सिरसा पारत राजस्थान के राजा कुंवरपाल की दो लड़कियां थीं। बाछल व काछल, बाछल ने गुरु गोरखनाथ गोरख की वर्षों प्रार्थना कर जब संतान का वरदान चाहा तो उनकी बहन काछल ने रात्रि में गुरु गोरखनाथ के पास पहुंचकर पुत्र प्राप्ति की प्रार्थना की एक रानी बाछल व काछल के हमशक्ल होने की वजह से गुरु गोरखनाथ ने काछल को रानी बाछल समझ कर दो पुत्र होने का आशीर्वाद दिया। काछल के लौटने के बाद जब रानी बाछल के पास पहुंची तब तक उनका डेरा उखड़ चुका था। रानी बाछल ने गुरु गोरखनाथ का पीछा कर उन्हें गद्दी पर पा लिया तथा गुरु से अपनी सेवा का हल चाहा। शिव का अवतार समझे जाने वाले गुरु गोरखनाथ ने जब रानी बाछल से कहा कि बीती रात तुम्हें पुत्र प्राप्ति का आशीर्वाद दे चुका हूं तो रानी बाछल ने उत्तेजित होकर उन्हें झूठा करार दिया। इस पर गुरु ने शिव का ध्यान किया तो बाछल रानी काछल के वेश में उनकी छोटी बहन उन्हें चकमा दे गई। रानी बाछल की मनोकामना पूरी करने के लिए गुरु गोरखनाथ अपनी योगिक शक्तियों के सहारे झूमने लगे आखिर उन्हें भगवान शिव के पास गुग्गल मिली। गुरु गोरखनाथ ने रानी बाछल को गुग्गल देकर कहा कि तुम इसको धूप देना जिससे पुत्र प्राप्त होगा तथा तुम्हारी बहन ने धोखा देकर पुत्र प्राप्त किए हैं उनका वध नहीं करेगा। गुरु गोरखनाथ के आशीर्वाद से बाछल ने गुग्गा व काछल ने अर्जन व सर्जन को जन्म दिया। संपत्ति और धन के बंटवारे को लेकर हुए युद्ध में अर्जन सर्जन मारे गए। बाछल का पुत्र गुग्गा युद्ध समाप्ति पर अर्जन व सर्जन का सिर लेकर अपनी मां रानी बाछल के पास पहुंचा। अर्जन और सर्जन की मौत का समाचार सुनकर रानी बाछल अचंभित रह गई तथा उसने अपने पुत्र गुग्गा का मुंह न देखने का प्रण लिया। अपनी मां के प्रण को निभाने के लिए गुग्गा जंगल में चला गया, लेकिन रात्रि में छुपकर अपनी पत्नी के पास आया जाया करता था। गुग्गा की पत्नी के श्रंगार को देखकर जब रानी बाछल ने गुग्गा के बारे में पूछा तो उसकी पत्नी ने कहा कि रात में आते हैं लेकिन आते समय नहीं दिखाऊंगी जाते समय दिखाऊंगी।

अगली रात्रि जब गुग्गा अपनी पत्नी के पास से लौट रहा था तो रानी बाछल उसके पीछे दौड़ पड़ी। मां को पीछे आते देख गुग्गा बागड़ देश के जंगल में जा छुपा। जंगल में प्रकट होकर गुरु गोरखनाथ ने जहां गुग्गा को पीरी दी ही पर बाद में म्हाड़ी बना दी गई। बताया जाता है कि एक बार गुग्गावीर जब घूमते हुए सहारनपुर आए तो उन्होंने गंगोह रोड पर जोहड़ से कुछ लोगों को मछली मारते हुए देखा गुग्गावीर ने जब इनसे पूछा तुम यह क्या कर रहे हो तथा झोले में क्या है उन्होंने कहा कि हम मछलियां मार रहे हैं तथा हमारे झोले में भी मछलियां ही हैं। इस पर गुग्गावीर ने उनसे कहा कि तुम्हारे झोले में मछलियां नहीं हैं झांक कर देखो, उन लोगों ने अपने झोले में झांका तो उनमें सांप ही सांप नजर आए।

गुग्गावीर के चमत्कार को देखकर उनके पैरों में गिर पड़े। उनकी प्रार्थना से खुश होकर गुग्गावीर ने उन्हें अपना प्रतीक नेजा भेंट किया तथा प्रति वर्ष मेला आयोजित करने को कहा। संबंधित परिवारों ने जब इसमें रूचि नहीं ली तो एक घरेलू नौकर कबली भगत ने नेजे का ग्रहण कर लिया तब से प्रतीक नेजा उसके परिवार के पास ही है। सहारनपुर जनपद में बांगड़ वाला गुग्गावीर को विशेष महत्व दिया जाता है। मान्यता है कि उनकी सेवा करने से संतान प्राप्ति आर्थिक समृद्धि व स्वास्थ्य लाभ होता है संतान प्राप्ति की इच्छा पूरी होने पर लोग मकान के बाहरी भाग में दो ईंटों का नाथ बना देते हैं, इसे म्हाड़ी कहा जाता है। तिथि, त्योहार को इसमे दीप जलाया जाता है तथा गुग्गावीर को खुश करने के लिए पतल कंदूरी भी की जाती है जिसकी यहां के लोग रात्रि अखाड़ा कहते हें। इसमें कढ़ी चावल का प्रसाद चढ़ाते हैं और रातभर गुग्गावीर का पूजन किया जाता है। गुग्गावीर का मेला इस जनपद का सबसे प्राचीन मेला माना जाता है। बताते हैं कि इसे लगते हुए करीब साढ़े तीन सौ वर्ष बीत चुके हैं। समय के साथ मेले में परिवर्तन होते रहे हैं कहा जाता है कि पहले गुग्गावीर का मेला सिर्फ म्हाड़ी पर ही लगता था जहां पर दूर से आने वाले व्यक्ति मनोकामना की पूर्ति हेतु निशान चढ़ाते थे पर अब मेला कई स्थानों पर लगता है और उनमें सबसे बड़ा मेला यहीं लगता है। अद्भुत शक्ति के कारण ही उन्हें जाहीरपीर यानि साक्षात देवता नीले घोड़े वाला और सांपों के देवता के रूप में भी मानते हैं। मुस्लिम समुदाय के लोग गोगावीर को पीर के रूप में मानते हैं। ज्ञातव्य है कि रेशमी कपड़े से सजी 24 छड़ियां एक सरदार छड़ी और धातु का बना नेजा शहर की परिक्रमा करने के बाद दशमी के दिन म्हाड़ी पर पहुंचते हैं। जहां उनके मालिक उनकी विधिवत पूजा करते हैं इसके बाद मेला शुरू हो जाता है। मेला खत्म होने के बाद छड़ियां भक्तों के घर लौट जाती हैं और हर साल यही सिलसिला जारी रहता है। इस मेले में अनेक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं।

सहारनपुर नगर निगम के मेयर डा. अजय कुमार के अनुसार गुघाल मेला 5 सितम्बर से शुरू होकर एक पखवाड़े तक चलेगा, जबकि छड़ी का मेला 2 सितम्बर से शुरू हो जाएगा।



**ज़िया अब्बास ज़ैदी**

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं मो. नं-9837776610 )**

# भारत में सत्ता परिवर्तन और आधुनिक युग

वीरेश तरार

1857 की क्रांति भारतीय इतिहास में एक ऐसा मोड़ थी जिसने अंग्रेजी साम्राज्य की नींव हिला दी। यह विद्रोह केवल एक सैनिक आंदोलन नहीं था बल्कि किसानों, कारीगरों, शासकों और आम जनता की सम्मिलित पीड़ा और असंतोष का विस्फोट था। ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत को केवल अपने व्यापार का क्षेत्र माना, उसकी नीतियां पूरी तरह शोषणकारी थीं। कर वसूली, जमींदारी, किसानों की बदहाली, देसी उद्योगों का विनाश और सांस्कृतिक उपेक्षा इन सबने मिलकर भारतीय समाज को असंतोष से भर दिया। 1857का गदर इसी असंतोष का परिणाम था। अंग्रेज इस क्रांति को दबाने में सफल तो हुए, लेकिन उन्होंने एक गहरी सीख ली कि केवल शोषण के बल पर भारत जैसा विशाल देश नियंत्रित नहीं किया जा सकता।

यही कारण था कि 1 सितंबर 1858 को एक ऐतिहासिक परिवर्तन हुआ। इस दिन महारानी विक्टोरिया की घोषणा के साथ भारत ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन से निकलकर सीधे ब्रिटिश क्राउन के अधीन आ गया। यह केवल प्रशासनिक बदलाव नहीं था, बल्कि शासन की मानसिकता में भी परिवर्तन का संकेत था। अंग्रेजों ने पहली बार यह माना कि भारत को केवल व्यापार और कर वसूली का साधन मानकर नहीं चलाया जा सकता, बल्कि इसे अपनी प्रजा समझकर शासित करना होगा। इसी सोच से शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, रेलवे, डाक और बिजली जैसी व्यवस्थाओं की नींव रखी गई। ईस्ट इंडिया कंपनी का शासन जनता से पूरी तरह दूर था। स्थानीय राजा-नवाब और अमलदार उनके लिए महज राजस्व इकट्ठा करने के माध्यम थे। परंतु 1857 ने बता दिया कि जब तक जनमानस की भागीदारी नहीं होगी, कोई भी सत्ता स्थिर नहीं रह सकती। ब्रिटिश हुकूमत ने कंपनी को समाप्त करके सीधे सत्ता अपने हाथ में ली और भारत के साथ एक 'प्रजा-राज्य' का रिश्ता बनाने की कोशिश की। यही कारण है कि 1858 के बाद अंग्रेजों ने भारतीय समाज के विभिन्न पहलुओं को समझना शुरू किया।

पुरातत्व विभाग, शिक्षा आयोग, विश्वविद्यालयों की स्थापना, अस्पतालों का निर्माण, सिंचाई के लिए नहरों की खुदाई, और सबसे बढ़कर रेल व्यवस्थाकृए सब कदम केवल आधुनिकता की शुरुआत नहीं थे, बल्कि शासन की नई सोच के प्रतीक थे, आर्थिक दृष्टि से देखें तो यह दौर दोहरी प्रवृत्ति का रहा। एक ओर अंग्रेजों ने भारत में आधुनिक व्यापार और उद्योग का ढांचा खड़ा किया, बैंकिंग और मुद्रा व्यवस्था को संगठित किया, रूपया आना पैसा की प्रणाली को प्रचलित किया, दूसरी ओर देसी उद्योगों का विनाश भी किया। कपड़ा उद्योग, हथकरघा और पारंपरिक शिल्प धीरे-धीरे समाप्त कर दिए गए, क्योंकि अंग्रेजों का उद्देश्य अपने कारखानों के माल को भारत में खपाना था। किसानों पर करों का बोझ बढ़ता गया और कई जगह विद्रोह हुए। लेकिन रेल, डाक और तार की सुविधा ने पूरे देश को एक आर्थिक इकाई में बदलना शुरू किया, जो बाद में स्वतंत्रता आंदोलन का बड़ा आधार बनी। सामा. जिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में भी यह परिवर्तन महत्वपूर्ण था। मैकाले की शिक्षा नीति के तहत अंग्रेजी शिक्षा ने एक नया मध्यमवर्ग तैयार किया। यह वर्ग बाद में भारतीय राजनीति और समाज सुधार आंदोलनों का नेतृत्व करने वाला बना। समाचार पत्र, पत्रिकाएं और साहित्यिक आंदोलन इसी शिक्षा से उपजे। चिकित्सा के क्षेत्र में अस्पताल और आधुनिक दवाओं ने जनता का ध्यान खींचा। समाज सुधार आंदोलनोंकृसती प्रथा का उन्मूलन, विधवा विवाह की स्वीकृति, कन्या शिक्षा, अस्पृश्यता के विरुद्ध आवाज इन सबको अप्रत्यक्ष रूप से ब्रिटिश कानूनों का समर्थन मिला। सबसे बड़ा परिवर्तन राजनीतिक क्षेत्र में हुआ। 1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का जन्म हुआ। अंग्रेजों ने भारतीयों की राय सुनने की औपचारिकता की शुरुआत की। शुरुआत में कांग्रेस केवल प्रार्थना-पत्रों और मांगों तक सीमित रही, लेकिन धीरे-धीरे उसने आंदोलन का रूप ले लिया। 1919 और 1935 के गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट्स के जरिए स्थानीय सरकारों का गठन हुआ। पंचायत स्तर तक प्रतिनिधित्व की व्यवस्था बनी और भारतीयों को प्रशासन में आंशिक भागीदारी मिली। 1937 में प्रांतीय सरकारों का गठन हुआ, जिसने भारतीय नेताओं को शासन का प्रत्यक्ष अनुभव दिया। इसी क्रम में गांधी का नेतृत्व सामने आया। असहयोग, सविनय अवज्ञा और भारत छोड़ो आंदोलन ने जनता को राजनीति का सक्रिय हिस्सा बना दिया। 1940 में पूर्ण स्वराज की मांग ने अंग्रेजों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि अब भारत को स्वतंत्र करना ही होगा। द्वितीय विश्वयुद्ध ने ब्रिटेन की स्थिति कमजोर कर दी और अंततः 1947 में भारत स्वतंत्र हुआ। 1 सितंबर 1858 से 15 अगस्त 1947 तक का यह सफर केवल सत्ता के हस्तांतरण का नहीं था, भारतीय समाज के पुनर्निर्माण और राजनीतिक चेतना के विकास की कहानी भी था। ईस्ट इंडिया कंपनी की तरह ब्रिटिश राज भी शोषण पर टिकता, तो संभव था कि भारत में इतनी व्यापक राजनीतिक एकता कभी न बन पाती। लेकिन क्राउन के अधीन शासन ने शिक्षा, संचार और प्रशासन की आधुनिक नींव रखी, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन को संगठित किया और भारतीय राष्ट्रवाद को जन्म दिया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# हिन्दुस्तानी गजल से मशहूर हुए दुष्यंत कुमार



अशोक मधूप



आज एक सितंबर है प्रसिद्ध हिंदी गजलकार दुष्यंत कुमार की जन्मदिन है। बिजनौर के राजपुर नवादा गांव में एक सितंबर 1933 में जन्मे दुष्यंत कुमार का मात्र 43 वर्ष की आयु में 30 दिसंबर 1975 को भोपाल में उनका निधन हुआ। हिंदी साहित्यकार गजलकार दुष्यंत कुमार हिंदी गजल के लिए जाने जाते हैं। वह हिंदी गजल के लिए विख्यात हैं किंतु उन्हें यह ख्याति हिंदी गजलों के लिए नहीं , हिंदुस्तानी गजलों के लिए मिली।

संसद से लेकर सड़क तक मशहूर हुए उनके शेर हिंदुस्तानी हिंदी में हैं। हिंदुस्तानी हिंदी में उन्होंने सभी प्रचलित शब्दों का इस्तेमाल किया। शब्दों को प्रचलित रूप में इस्तेमाल किया। वे अपनी पुस्तक साए में धूप की भूमिका में खुद कहते हैं गजलों को भूमिका की जरूरत नहीं होनी चाहिए, लेकिन एक कैफियत इनकी भाषा के बारे में जरूरी है। कुछ उर्दू दां दोस्तों ने कुछ उर्दू शब्दों के प्रयोग पर एतराज किया है। उनका कहना है कि शब्द 'शहर' नहीं 'शह्र' होता है, वजन नहीं 'वज्न' होता है। कि मैं उर्दू नहीं जानता, लेकिन इन शब्दों का प्रयोग यहां अज्ञानतावश नहीं, जानबूझकर किया गया है। यह कोई मुश्किल काम नहीं था कि शहर की जगह नगर लिखकर इस दोष से मुक्ति पा लूं, किंतु मैंने उर्दू शब्दों को उस रूप में इस्तेमाल किया है, जिस रूप में वे हिन्दी में घुलमिल गए हैं। उर्दू का 'शह्र' हिन्दी में 'शहर' लिखा और बोला जाता है। ठीक उसी तरह जैसे हिन्दी का 'ब्राह्मण' उर्दू में 'बिरहमन' हो गया है और 'ऋतु' 'रुत' हो गई है।

उर्दू और हिन्दी अपने अपने सिंहासन से उतरकर जब आम आदमी के बीच आती हैं तो उनमें फर्क कर पाना बड़ा मुश्किल होता है। मेरी नीयत और कोशिश यही रही है कि इन दोनों भाषाओं को ज्यादा से ज्यादा करीब ला सकूं। इस लिए ये गजलें उस भाषा में लिखी गई हैं जिसे मैं बोलता हूं। गजल की विधा बहुत पुरानी, किंतु विधा है, जिसमें बड़े-बड़े उर्दू महारथियों ने काव्य रचना की है। हिन्दी में भी महाकवि निराला से लेकर आज के गीतकारों और नए कवियों तक अनेक कवियों ने इस विधा को आजमाया है। गजल पर्शियन और अरबी से उर्दू में आई। गजल का मतलब है औरतों से अथवा औरतों के बारे में बातचीत करना। यह भी कहा जा सकता है कि गजल का सर्वसाधारण अर्थ है माशूक से बातचीत का माध्यम। उर्दू के साहित्यकार स्वर्गीय रघुपति सहाय 'फिराक' गोरखपुरी ने गजल की भावपूर्ण परिभाषा लिखी हैं। कहते हैं कि जब कोई शिकारी जंगल में कुत्तों के साथ हिरन का पीछा करता है और हिरन भागते-भागते किसी ऐसी झाड़ी में फंस जाता हैं जहां से वह निकल नहीं सकता, उस समय उसके कंठ से एक दर्द भरी आवाज निकलती हैं। उसी करूण स्वर को गजल कहते हैं। इसीलिए विवशता का दिव्यतम रूप में प्रगट होना, स्वर का करूणतम हो जाना ही गजल का आदर्श है। दुष्यंत की गजलों की खूबी है साधारण बोलचाल के शब्दों का प्रयोग, हिंदी, उर्दू के घुले मिले शब्दों का प्रयोग। चुटीले व्यंग उनकी गजल की खूबी है। वे व्यवस्था और समाज पर चोट करते हैं। ये ही उन्हें सीधे आम आदमी के दिल तक ले जाती है। उनकी यह शैली उन्हें अन्य कवियों से अलग और लोकप्रिय करती है। आम आदमी और व्यवस्था पर चोट करने वाले दुष्यंत कुमार के शेर, व्यवस्था पर चोट करते उनके शेर सड़कों से संसद तक गूंजतें है। शायद दुष्यंत कुमार अकेले ऐसे साहित्यकार होंगे, जिसके शेर सबसे ज्यादा बार संसद में पढ़े गए हों। सभाओं में नेताओं ने उनके शेर सुनाकर व्यवस्था पर चोट की हो। सरकार को जगाने और जनचेतना का कार्य किया हो। उन्होंने हिंदी गजल भी लिखी, पर वह इतनी प्रसिद्धि नहीं पा सकी, जितनी हिंदुस्तानी हिंदी में लिखी गजल लोकप्रिय हुईं।

वो आदमी नहीं है मुकम्मल बयान है,
माथे पे उस के चोट का गहरा निशान है।
रहनुमाओं की अदाओं पे फिदा है दुनिया,
इस बहकती हुई दुनिया को संभालो यारो।
कैसे आकाश में सूराख नहीं हो सकता ,
एक पत्थर तो तबीअत से उछालो यारो।
यहां तो सिर्फ गूंगे और बहरे लोग बसते हैं,
खुदा जाने यहां पर किस तरह जलसा हुआ होगा,
गूंगे निकल पड़े हैं जबां की तलाश में,
सरकार के खिलाफ यह साजिश तो देखिए।
पक गई हैं आदतें बातों से सर होंगी नहीं,
कोई हंगामा करो ऐसे गुजर होगी नहीं।
आज मेरा साथ दो वैसे मुझे मालूम है ,
पत्थरों में चीख हरगिज कारगर होगी नहीं।
इन ठिठुरती उंगलियों को इस लपट पर सेंक लो,
धूप अब घर की किसी दीवार पर होगी नहीं।
सिर से सीने में कभी पेट से पांव में कभी ,
इक जगह हो तो कहें दर्द इधर होता है।
मत कहो आकाश में कोहरा घना है,
यह किसी की व्यक्तिगत आलोचना है।
यह जिस्म झुककर बोझ से दुहरा हुआ होगा,
मैं सज्दे में नहीं था, आपको धोखा हुआ होगा।
तुमने इस तालाब में रोहू पकड़ने के लिए,
छोटी-छोटी मछलियां चारा बनाकर फेंक दीं।
हम ही खा लेते सुबह को भूख लगती है बहुत
तुमने बासी रोटियां नाहक उठा कर फेंक दीं।

**गजल**

हो गई है पीर पर्वत सी पिंघलनी चाहिए,
अब हिमालय से कोई गंगा निकलनी चाहिए।
आज यह दीवार, परदों की तरह हिलने लगी,
शर्त थी लेकिन कि यह बुनियाद हिलनी चाहिए।
हर सड़क पर, हर गली में, हर नगर, हर गांव में,
हाथ लहराते हुए हर लाश चलनी चाहिए।
सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं,
मेरी कोशिश है कि यह सूरत बदलनी चाहिए।
मेरे सीने में नहीं तो तेरे सीने में सही,
हो कहीं भी आग, लेकिन आग जलनी चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं यह उनके निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### जर्मनी में जुटे दस हजार फलस्तीन समर्थक

**बर्लिन।** जर्मनी के प्रमुख शहर फैंकफर्ट में शनिवार को फलस्तीन समर्थकों ने एक रैली निकाल कर अभूतपूर्व विरोध प्रदर्शन किया है। फैंकफर्टर अल्गोमाइन जितुंग अखबार ने बताया 'यूनाइटेड 4 गाजा' नाम से हुए इस प्रदर्शन में 10000 से जयादा फलस्तीन समर्थकों ने हिस्सा लिया। पहले अनुमान लगाया गया था कि इसमें 5000 तक लोग शिरकत कर सकते हैं लेकिन इस अटकल से दोगुनी भीड़ रैली में पहुंची।

### अफगान के कुंदुज़ प्रांत में हथियार, गोला-बारूद ज़ब्त

**काबुल।** अफगानिस्तान में सुरक्षाकर्मियों ने उत्तरी कुंदुज प्रांत में आतंकवाद विरोधी प्रयासों के तहत पिछले तीन महीनों में दर्जनों आग्नेयास्त्र और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा जब्त किया है। यह जानकारी अफगानिस्तान के आंतरिक मामलों के मंत्रालय ने रविवार को दी। मंत्रालय के बयान के अनुसार, प्रांतीय राजधानी कुंदुज और आसपास के नौ जिलों में चलाए गए अभियान में 16 पिस्तौल, विभिन्न मॉडलों की सात बन्दूकें, पांच पीके मशीन गन, एक कलाश्निकोव राइफल, 15 हथगोले, 12 रॉकेट राउंड और कारतूसों तथा गोलियों सहित बड़ी मात्रा में सैन्य उपकरण जब्त किया गया।

### यूक्रेनी संसद के पूर्व अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या

**कीव।** यूक्रेन की संसद के पूर्व अध्यक्ष एंड्री पारुबिय की शनिवार को पश्चिमी शहर ल्वीव में गोली मारकर हत्या कर दी गई। यूक्रेनी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेनी अभियोजक जनरल कार्यालय ने कहा कि एक अज्ञात बंदूकधारी ने गोलीबारी की और 54 वर्षीय राजनेता की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय मीडिया के अनुसार, पुलिस संदिग्ध की तलाश कर रही है।

# मोदी, पुतिन और जिनपिंग की गलबहियों से अमेरिकी मीडिया हैरान

**पीएम के चीन दौरे पर वर्ल्ड मीडिया की प्रतिक्रिया: सीएनएन और एनवाईटी ने कहा: ट्रम्प से नाराज जिनपिंग ताकत दिखा रहे**

## चीन ने रेड कॉर्पेट से मोदी का किया स्वागत



**बीजिंग।** पीएम मोदी 30 अगस्त को पूरे सात साल बाद चीन पहुंचे हैं। उन्होंने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की मीटिंग से पहले आज चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। जून 2020 में हुई गलवान झड़प के बाद भारत-चीन के संबंध खराब हो गए थे।

अब मोदी के इस दौरे से दोनों देशों के संबंध सुधरने की उम्मीद जताई जा रही है। मोदी के चीन दौरे को दुनियाभर का मीडिया कवर कर रहा है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने मोदी, जिनपिंग और पुतिन की तस्वीर के साथ रिपोर्ट में लिखा है कि शी जिनपिंग के लिए इससे बेहतर मौका शायद ही कोई हो सकता था। एक तरफ भारत के मोदी हैं, जिनके देश पर राष्ट्रपति ट्रम्प ने ऊंचे टैरिफ लगाए हैं। दूसरी तरफ रूस के पुतिन हैं, जिन पर ट्रम्प की वजह से ही पश्चिमी देशों के प्रतिबंध कमजोर पड़ते दिख रहे हैं। अखबार लिखता है कि इस पूरे आयोजन के केंद्र में जिनपिंग हैं। वे भारत और अमेरिका के बीच तनाव को अपने लिए अवसर बना रहे हैं और पुतिन के साथ अपने पुराने गठबंधन को और मजबूती दे रहे हैं। यह सम्मेलन सिर्फ औपचारिक मुलाकात नहीं है। इसमें मध्य एशिया के 20 से ज्यादा नेता शामिल हो रहे हैं। इसके बाद बीजिंग में चीन अपनी नई मिसाइलों और युद्धक विमानों की सैन्य परेड भी करेगा। यह सब दर्शाता है कि शी इतिहास, कूटनीति और सेना की ताकत को मिलाकर दुनिया की उस व्यवस्था को बदलना चाहते हैं जिस पर अब तक अमेरिका का दबदबा रहा है। सीएनएन ने कहा कि ट्रम्प से नाराजगी के बीच, चीन में पुतिन-मोदी का रेड कार्पेट वेलकम। यह मोदी की सात साल में पहली चीन यात्रा है। मुलाकात से पहले दोनों ने हाथ मिलाया और कैमरों के सामने साथ खड़े होकर तस्वीरें खिंचवाईं। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब भारत और चीन दोनों ही अमेरिकी टैरिफ से प्रभावित हैं। जिनपिंग ने मोदी से कहा कि भारत और चीन के लिए सबसे सही रास्ता यही है कि वे अच्छे दोस्त और साझेदार बनें। दुनिया के दो सबसे ज्यादा आबादी वाले देश, जो अमेरिका के साथ अपने-अपने मतभेदों की वजह से दबाव झेल रहे हैं, अब एक-दूसरे के करीब आने की संभावना देख रहे हैं। बीबीसी: ट्रम्प के टैरिफ से परेशान भारत-चीन, ट्रेड को पटरी पर लाने की कोशिश में जुटे मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात ऐसे समय में हो रही है, जब अमेरिका ने भारत और चीन दोनों पर ऊंचे टैरिफ लगाए हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक ये टैरिफ भारत के निर्यात क्षेत्र को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

# ट्रम्प भारत से स्कूली बच्चों जैसा व्यवहार कर रहे: रिक सांचेज

**राष्ट्रपति ट्रम्प इतिहास से वाकिफ नहीं, अमेरिका के वरिष्ठ पत्रकार ने कसा तीखा तंज**



**रूस से तेल खरीदने के लिए भारत पर टैरिफ लगाने के ट्रम्प प्रशासन के फैसले की आलोचना करते हुए सांचेज ने कहा कि यह बेहद अहंकारी नीति**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के वरिष्ठ पत्रकार रिक सांचेज ने भारत पर टैरिफ लगाने के लिए अपनी सरकार की तीखी आलोचना की है। सांचेज ने कहा है कि ट्रम्प सरकार को भारत के इतिहास और उसकी अहमियत का कोई अंदाजा नहीं है और यही वजह है कि वे बिना सोचे समझे फैसले ले रहे हैं।

सांचेज ने कहा कि ट्रम्प के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो द्वारा यूक्रेन युद्ध को मोदी का युद्ध कहने पर कहा कि उनका बयान पर हंसा ही जा सकता है। वे कोई बहुत बुद्धिमान व्यक्ति नहीं हैं और न ही वे कोई बड़े विचारक हैं। सांचेज ने कहा कि ग्लोबल साउथ के बारे में मेरे देश की समझ बहुत सीमित है। वे भारत के इतिहास, भारत और चीन के रिश्तों और रूस-यूक्रेन के रिश्तों के बारे में कुछ नहीं जानते। तभी वे मूर्खतापूर्ण बयान देते हैं। नव-रूढ़िवादी, हथियार उद्योग से जुड़े लोग ट्रम्प को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कहीं न कहीं ट्रम्प को अहसास है कि उन्होंने गलत मोड़ ले लिया है और यही वजह है कि ट्रम्प अब ग्लोबल साउथ और यूरोपीय संघ को बराबर महत्व देते दिखाई दे रहे हैं और संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं। रूस से तेल खरीदने के लिए भारत पर टैरिफ लगाने के ट्रम्प प्रशासन के फैसले की आलोचना करते हुए सांचेज ने कहा कि यह बेहद अहंकारी नीति है। ट्रम्प प्रशासन भारत से स्कूली बच्चे जैसा व्यवहार कर रहा है। लेकिन भारत कोई स्कूली बच्चा नहीं है बल्कि एक बड़ी ताकत है। भारत का एक इतिहास है, उसके पास संसाधन हैं और काफी क्षमताएं हैं। भारत ने दुनिया के लिए जो किया है, वह बेहद अहम है। भारत का वैश्विक इतिहास में योगदान यूरोप और मेसोपोटामिया से बिल्कुल भी कम नहीं है। लेकिन जब आप उसे स्कूली बच्चा समझते हैं तो भारत अमेरिका को कहता है कि आप हमें नहीं बताएंगे कि हमें क्या करना है।

यह परिवर्तनकारी समय है। इतिहासकार जब पीछे मुड़कर देखेंगे तो ये वो पल होगा, जब दुनिया की महाशक्ति अमेरिका के प्रभुत्व में कमी आनी शुरू हुई। अब ताकत ग्लोबल साउथ की तरफ स्थानांतरित हो रही है, जिसमें भारत, चीन, रूस, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील जैसे देश हैं। अमेरिकी पत्रकार सांचेज ने ये भी कहा कि भारत ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष में मध्यस्थता का श्रेय ट्रम्प को नहीं दिया है, जिससे ट्रम्प निजी तौर पर भारत से नाराज हैं और 50 फीसदी टैरिफ लगाने के पीछे ये भी एक वजह है।

# भारत के अडिंग रुख से बौखलाए ट्रम्प



**अमेरिकी राष्ट्रपति अब यूरोपीय देशों से भी भारत पर नई दिल्ली पर टैरिफ लगाने को कहा**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारत से चिढ़े हुए हैं। दरअसल वे अपने वादे के अनुसार, अभी तक रूस-यूक्रेन युद्ध नहीं रुकवा पाए हैं और अब उन्होंने इसका ठीकरा भारत पर फोड़ना शुरू कर दिया है।

ट्रम्प का कहना है कि भारत द्वारा रूस से बड़े पैमाने पर कच्चा तेल खरीदा जा रहा है, जिससे यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषण मिल रहा है। इसी का बहाना बनाकर ट्रम्प ने भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला किया। हालांकि उनका ये दांव भी फीका रहा और भारत पर इसका बहुत ज्यादा असर होता नहीं दिख रहा है। इससे ट्रम्प लग रहा है कि और चिढ़ गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अब ट्रम्प यूरोपीय देशों पर भी दबाव बना रहे हैं कि वे भी रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए भारत पर टैरिफ लगाएं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, व्हाइट हाउस ने यूरोपीय देशों से भारत पर रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए अमेरिका जैसे प्रतिबंध लगाने को कहा है, जिसमें नई दिल्ली से खरीदे जाने वाले सभी तेल और गैस पर पूरी तरह से रोक लगाना भी शामिल है। गौरतलब है कि यूरोपीय नेता भी यूक्रेन में युद्ध समाप्त कराने के पक्ष में हैं। हालांकि जहां अमेरिका का दावा है कि भारत रूसी तेल खरीद रहा है और उससे मुनाफा कमा रहा है।

## भेदभावपूर्ण प्रतिबंधों के खिलाफ रूस-चीन एकजुट

# ब्रिक्स की मजबूती पर दिया पुतिन ने जोर



**कहा: रूस-चीन ने ब्रिक्स देशों के सामाजिक-आर्थिक विकास में रुकावट डालने वाले भेदभावपूर्ण प्रतिबंधों के प्रति साझा रुख अपनाया**

**बीजिंग।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन रविवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में हिस्सा लेने के लिए चीन के तियानजिन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि रूस और चीन ने ब्रिक्स देशों के सामाजिक-आर्थिक विकास में रुकावट डालने वाले भेदभावपूर्ण प्रतिबंधों के खिलाफ साझा रुख अपनाया है।

चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ को दिए गए एक लिखित इंटरव्यू में पुतिन ने कहा कि रूस और चीन मिलकर महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं के लिए संसाधन जुटाने पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। साथ ही ब्रिक्स को वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए और सक्षम बना रहे हैं। बता दें कि रूसी राष्ट्रपति की ये टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्रिक्स देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ब्रिक्स में अब ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के अलावा सऊदी अरब, ईरान, इथियोपिया, मिस्र, अर्जेंटीना और यूएई को भी शामिल है। पुतिन ने आगे कहा कि रूस और चीन आईएमएफ और विश्व बैंक जैसे वैश्विक वित्तीय संस्थानों में सुधार का समर्थन करते हैं। दोनों देश मानते हैं कि एक नया वित्तीय तंत्र बनना चाहिए जो खुलापन और सच्ची समानता जैसे सिद्धांतों पर आधारित हो और सभी देशों को बराबरी का मौका दे। पुतिन ने कहा कि हमें मानवता के लाभ के लिए प्रगति चाहिए। मुझे भरोसा है कि रूस और चीन मिलकर अपने महान देशों की समृद्धि के लिए काम करते रहेंगे। इसके साथ ही पुतिन ने उम्मीद जताई कि तियानजिन में हो रहा एससीओ शिखर सम्मेलन संगठन को नई ऊर्जा देगा और एक न्यायपूर्ण, बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के निर्माण में मदद करेगा।

# इजरायल ने दक्षिण लेबनान पर की भारी बमबारी

**बेरूत।** इज़रायली सेना ने रविवार को दक्षिणी लेबनान में जंगी जहाज, मिसाइल और ड्रोनों की मदद से कई हमलों को अंजाम दिया। एक सैन्य सूत्र ने कहा, इज़रायली युद्धक विमानों ने दक्षिणी लेबनान के कई इलाकों में कई भारी हमले किए। उन्होंने आगे बताया कि हमले दक्षिणी शहर नबातियेह के बाहरी इलाके के हराज अली अल-ताहिर और अल-दब्शा इलाकों को निशाना बनाकर किए गए। लेबनानी अधिकारियों का कहना है कि नवम्बर 2024 में हुए युद्धविराम समझौते के बावजूद, इज़रायल लेबनान की संप्रभुता का उल्लंघन कर रहा है।

# नोबेल के लिए नॉमिनेट नहीं किया, तो भारत पर लगा टैरिफ

**न्यूयॉर्क टाइम्स का दावा, ट्रम्प बोले: पाक ने किया, भारत भी करे, इससे मोदी नाराज**

**डोनाल्ड ट्रम्प ने 17 जून को पीएम मोदी से फोन पर बातचीत की थी**

**वाशिंगटन।** न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत और अमेरिका के बीच तनाव की असल वजह ट्रम्प की नोबेल प्राइज की ख्वाहिश है। रिपोर्ट में बताया गया है कि ट्रम्प ने 17 जून को पीएम मोदी से फोन पर बातचीत की थी।

इस दौरान ट्रम्प ने कहा था कि उन्हें भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने पर कितना गर्व है। इसके बाद ट्रम्प ने मोदी से कहा कि पाकिस्तान उन्हें नोबेल पुरस्कार के लिए नामिनेट करने वाला है। ट्रम्प ने इशारों में भारत से भी ऐसा करने को कहा। मोदी इससे नाराज हो गए थे। मोदी ने ट्रम्प से साफ कह दिया कि भारत-पाक के बीच हुए सीजफायर से अमेरिका का कोई लेना देना नहीं है। यह भारत और पाकिस्तान के बीच सीधे तौर पर हुआ है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ट्रम्प ने मोदी की बात को अनदेखा कर दिया, जिससे दोनों नेताओं के बीच तल्खी बढ़ गई। इसके बाद से दोनों ने कोई बातचीत नहीं की। यह रिपोर्ट वाशिंगटन और नई दिल्ली में एक दर्जन से ज्यादा लोगों से हुई बातचीत पर आधारित है। इनमें से ज्यादातर ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बात की। इन लोगों ने बताया कि ट्रम्प और भारत के बीच का रिश्ता दोनों देशों के लिए बड़े असर वाला हो सकता है। ट्रम्प की नीतियों से भारत-अमेरिका का रिश्ता कमजोर हो रहा है। वहीं, भारत अपनी अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए कदम उठा रहा है, लेकिन इसमें उसका सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार अमेरिका नाराज हो रहा है। अखबार लिखता है कि मोदी ने कभी ट्रम्प को 'सच्चा दोस्त' कहा था, लेकिन अब उनके संबंध ठीक नहीं रहे। राष्ट्रपति कार्यालय से जुड़े लोगों के मुताबिक, मोदी को पहले बताया गया था कि ट्रम्प इस साल के अंत में क्वाड समिट में हिस्सा लेने भारत आएंगे, लेकिन अब ट्रम्प की भारत आने की कोई योजना नहीं है।



जकार्ता। संसद सदस्यों को दिए जाने वाले अत्यधिक भत्ते के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान पुलिस अधिकारियों पर पत्थर फेंकता एक प्रदर्शनकारी।

## यूएस टैरिफ से बचने के लिए नाइजीरिया में उत्पादन की पेशकश

**लागोस।** अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है, जिससे भारत का करीब 49 अरब डालर का व्यापार प्रभावित होने की आशंका है। अब नाइजीरिया ने भारत के उद्योगों के सामने एक पेशकश की है। नाइजीरिया ने उसके लागोस मुक्त क्षेत्र (एलएफजेड) में निर्माण करने की पेशकश की है। लागोस मुक्त क्षेत्र से अमेरिका और दुनिया के अन्य प्रमुख बाजारों तक आसान पहुंच मिलती है। एलएफजेड की प्रबंध निदेशक और सीईओ अदेसुवा लाडोजा ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ ने भारतीय कंपनियों खासकर, कपड़ा, चमड़ा और आटोमोबाइल के लिए कड़ी चुनौती पेश की है।

# गाजा पट्टी पर ताबड़तोड़ इजरायली हमले, 57 की मौत

**स्थानीय निवासियों ने बताया: उन्होंने जोरदार विस्फोटों और तेज गोलीबारी की आवाजें सुनीं**

**गाजा।** गाजा पट्टी में इजराइली हमलों में कम से कम 57 फलस्तीनी मारे गए। फलस्तीनी सूत्रों ने यह जानकारी दी।

गाजा के नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता महमूद बसल ने बताया कि गाजा शहर में दो अपार्टमेंट और फलस्तीनियों के एक समूह को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हवाई हमले में दो बच्चों सहित चार लोगों की मौत हो गई। बसल ने बताया कि शहर के पश्चिम में अल-रिमल मोहल्ले में आवासीय अपार्टमेंट और चिकित्सा क्लीनिक वाली तीन मंजिला इमारत पर इजरायली हवाई हमले में कम से कम सात लोग मारे गए और बच्चों सहित कई अन्य घायल हो गए। बसल ने बताया कि शहर के उत्तर-पश्चिम में नस्र मोहल्ले में विस्थापित लोगों के तंबुओं पर इजरायली हवाई हमले में पांच महिलाओं और पांच बच्चों सहित बारह लोग मारे गए। उन्होंने बताया कि हवाई हमले में कई तंबू नष्ट हो गए और कुछ अन्य में आग लग गई। उन्होंने बताया कि शहर के दक्षिण में जतून मोहल्ले पर इजरायली हमलों में छह लोग मारे गए। फलस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने शहर के शेख रादवान और सबरा इलाकों में आवासीय भवनों पर तड़के इजरायली छापे और बमबारी की भी सूचना दी, जिसके बीच इजरायली हेलीकॉप्टरों और ड्रोनों ने तीव्र उड़ान भरी। स्थानीय निवासियों ने बताया कि उन्होंने जोरदार विस्फोटों और तेज गोलीबारी की आवाजें सुनीं।

# यूक्रेन जंग पर भारत को निशाना बनाना गलत: एस. जयशंकर

**विदेश मंत्री ने कहा: हम बातचीत के हिमायती**



**ट्रम्प ने रूसी तेल खरीदने की वजह से 25% टैरिफ लगाया**

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने फिनलैंड के विदेश मंत्री से फोन पर बातचीत में कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर भारत को गलत तरीके से निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। भारत हमेशा शांति और बातचीत की वकालत करता रहा है।

उन्होंने एक्स पर लिखा-आज फिनलैंड के विदेश मंत्री से फोन पर बात हुई। हमने यूक्रेन जंग और इसके असर पर बात की। इस मामले में भारत को गलत तरीके से निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। हम बातचीत और डिप्लोमेसी के पक्ष में हैं। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प भारत पर रूसी तेल खरीद की वजह से 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया है। ट्रम्प का कहना है कि भारत रूस से तेल खरीद रहा है, जिस वजह से पुतिन को यूक्रेन जंग जारी रखने में मदद मिल रही है। भारतीय विदेश मंत्री का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब पीएम मोदी एससीओ समिट में शामिल होने चीन पहुंचे हैं। यहां वो चीनी एससीओ समिट से इतर पीएम मोदी चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करें:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acnc) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108